देश-विदेश
मानसून के कारण मेरे बाल...
भारत का सर्वाधिक प्रसारित हिन्दी दैनिक
"कलम, बलिदान और स्वाभिमान की परिभाषा"
स्पोर्ट्स
लवलीना हारी, बॉक्सिंग में चुनौती खत्म
संस्थापक: शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी, अमर शहीद रमेश चन्द्र जी एवं कलम के योद्धा अश्विनी कुमार जी





# पंजाब केसरी

युवा भारत युवा अखबार

PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom LD ****

Punjab Kesari, Delhi
वर्ष : 41 / अंक : 217
मूल्य ₹ 4.50
16 नेपाली रुपए/हवाई जहाज से ₹ 10.00
पृष्ठ संख्या 12
Ph. : 011-30712200, 45212200

सोमवार 5 अगस्त, 2024 ◆ दिल्ली ◆ तदनुसार 21 श्रावण 2081




# पेरिस में हॉकी का पराक्रम

## पेनल्टी शूटआउट में ब्रिटेन को 4-2 से हराया : 1-1 से बराबर रही थी दोनों टीमें

एजेंसी/पेरिस

अपना आखिरी टूर्नामेंट खेल रहे पी आर श्रीजेश एक बार फिर भारतीय हॉकी की दीवार साबित हुए और 42 मिनट तक दस खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद भारत ने ब्रिटेन को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराकर पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

तारीफ करनी होगी भारतीय डिफेंस की जिसने 36 वर्ष के श्रीजेश की अगुवाई में ब्रिटेन के हर हमले का बचाव करते हुए उसे बढत नहीं बनाने दी। ब्रिटेन ने 28 बार भारतीय गोल पर हमला बोला और महज एक कामयाबी मिली। निर्धारित समय तक स्कोर 1-1 से बराबर रहने पर मुकाबला शूटआउट में गया। शूटआउट में भारत के लिये कप्तान हरमनप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, ललित उपाध्याय और राजकुमार पाल ने गोल दागे जबकि इंग्लैंड के जेम्स अलबेरी और जाक वालांस ही गोल कर सके। कोनोर विलियमसन का निशाना चूका और फिलिप रोपर का शॉट श्रीजेश ने बचाया। तोक्यो ओलंपिक में ब्रिटेन को ही हराकर भारतीय टीम अंतिम चार में पहुंची थी। श्रीजेश तोक्यो में कांस्य पदक के मुकाबले में जर्मनी के खिलाफ भी भारत की दीवार साबित हुए थे और उन्होंने पेरिस ओलंपिक के अब तक के सबसे कठिन मुकाबले में भी अपेक्षाओं पर खरे उतरकर दिखाया। निर्धारित समय में भारत के लिये हरमनप्रीत ने 22वें और ली मोर्टन ने 27वें मिनट में गोल दागा था। रोहिदास को रेड कार्ड मिलने का ब्रिटेन ने फायदा उठाते हुए 19वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर बनाया लेकिन गोल नहीं कर सके। भारत को जवाबी हमले में 22वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे हरमनप्रीत ने गोल में बदला। यह पेरिस ओलंपिक में उनका सातवां गोल था।




- भारत के लिये हरमनप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, ललित उपाध्याय और राजकुमार पाल ने गोल दागे
- श्रीजेश एक बार फिर दीवार साबित हुए, रोके 28 हमले

**हमारे डिफेंस का यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था : हरमनप्रीत:** भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने को कहा कि डिफेंस का यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। अनुभवी डिफेंडर अमित रोहिदास को 18वें मिनट में रेडकार्ड मिलने के बाद भारत को लगभग तीन क्वार्टर दस खिलाड़ियों के साथ ही खेलना पड़ा। पेरिस ओलंपिक में अब तक सात गोल कर चुके हमारे पास अंतिम समय तक स्कोर बराबर रखने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। उन्होंने गोलकीपर श्रीजेश की तारीफ की लेकिन कहा कि यह 'वन मैन शो' नहीं था। उन्होंने कहा, ''श्रीजेश लीजेंड है।

### सेमीफाइनल में हारे लक्ष्य



**पेरिस, (भाषा) : भारत के लक्ष्य सेन दोनों गेम में बढ़त बनाने के बावजूद पेरिस ओलंपिक की बैडमिंटन पुरुष एकल स्पर्धा के सेमीफाइनल में डेनमार्क के दूसरे वरीय और गत चैंपियन विक्टर एक्सेलसन से सीधे गेम में हार गए और अब कांस्य पदक के मुकाबले में खेलेंगे। ओलंपिक सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले पहले भारतीय पुरुष और दुनिया के 22वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य को रियो ओलंपिक के कांस्य और तोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता एक्सेलसन के खिलाफ 54 मिनट में 20-22, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा।** (पृष्ठ 12 भी देखें)

### मंदिर की दीवार गिरने से 9 बच्चों की मौत



**सागर,** (पंजाब केसरी): मध्य प्रदेश के सागर जिले में रविवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। शाहपुर में मंदिर परिषर में पुराने मकान की दीवार ढहने से 9 बच्चों की मौत हो गई है। चार की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शनिवार को रीवा में इसी तरह का हादसा हुआ था, जिसमें दीवार ढहने से 4 स्कूली बच्चों की मौत हो गई थी। यानी दो दिन में दीवार ढहने से मध्य प्रदेश में 13 बच्चों की मौत हुई है।सागर कलेक्टर दीपक आर्य नेबताया कि दीवार ढहने से 9 बच्चों की मौत हुई है। दो लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना रेहली विधानसभा के शाहपुर गांव में धार्मिक कार्यक्रम के दौरान हुई है। मृत बच्चे बच्चों की उम्र 10 से 15 साल थी। सागर जिले के शाहपुर स्थित हरदौल मंदिर में इन दिनों भागवत कथा जारी है। रविवार को यहां शिवलिंग निर्माण का अनुष्ठान चल रहा था, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे शामिल थे। रविवार सुबह वह शिवलिंग बना रहे थे, तभी मंदिर परिसर में बनी 50 साल पुरानी कच्ची दीवार भराभराकर गिर गई।

## 2029 में भी मोदी जीः शाह

पंजाब केसरी/चंडीगढ़

2024 में बीजेपी के 240 सीटों पर सिमटने के बाद पहली बार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष पर खुलकर बड़ा हमला बोला है। चंडीगढ़ पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री ने विपक्ष पर बड़ा हमला बोलते हुए लोगों से कहा कि मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि विपक्ष को जो करना है करने दीजिए, 2029 में एनडीए आएगा, मोदी जी आएंगे। विपक्ष को पता नहीं है कि कांग्रेस को 3 चुनावों में जितनी सीटें मिली थीं, उससे कहीं ज्यादा सीटें इस चुनाव में बीजेपी ने जीती हैं। अमित शाह ने यह बड़ा हमला एक कार्यक्रम में बोला है।उन्होंने मनीमाजरा (चंडीगढ़) में स्मार्ट सिटी मिशन के तहत बने 24×7 जल आपूर्ति परियोजना के लोकार्पण किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आरोप लगाया है कि ये लोग जो अस्थिरता फैलाना चाहते हैं, बार-बार कहते हैं कि ये सरकार चलने वाली नहीं है। मैं उन्हें भरोसा दिलाने आया हूं कि सरकार न केवल अपना कार्यकाल पूरा करेगी बल्कि अगली सरकार एनडीए की होगी और विपक्ष में बैठने के लिए तैयार रहेगी।




## वक्फ बोर्ड के कतरे जाएंगे पंख, आएगा बिल

पंजाब केसरी/नई दिल्ली

केंद्र सरकार वक्फ बोर्ड के 'असीमित' अधिकारों पर लगाम लगाना चाहती है। सरकार बोर्ड के उस अधिकार को कम करना चाहती है जिसके तहत वो किसी भी संपत्ति को 'वक्फ संपत्ति' घोषित करके उस पर नियंत्रण कर सकता है। कैबिनेट ने वक्फ अधिनियम (2013 से पहले वक्फ अधिनियम के रूप में जाना जाता है) में 40 से अधिक संशोधनों पर चर्चा की। इनमें वक्फ बोर्ड के अधिकार क्षेत्र की जांच करने वाले संशोधन भी शामिल हैं, जिन्हें कई लोग मनमाना मानते हैं। सूत्रों का कहना है कि यह विधेयक सोमवार को संसद में पेश किया जा सकता है।

विधेयक में वक्फ बोर्ड की संरचना में बदलाव का भी प्रस्ताव है। साथ ही वर्तमान कानून के कुछ प्रावधानों को निरस्त करने का भी प्रयास किया गया है। वक्फ अधिनियम, 1995 को एक वक्फ द्वारा 'औकाफ' (दान की गई और वक्फ के रूप में अधिसूचित संपत्तियां) को विनियमित करने के लिए अधिनियमित किया गया था। वक्फ मुस्लिम कानून द्वारा पवित्र, धार्मिक या धर्मार्थ के रूप में मान्यता प्राप्त किसी भी उद्देश्य के लिए संपत्ति समर्पित करने वाला व्यक्ति होता है।इससे पहले, सरकार ने किसी भी संपत्ति पर दावा करने के लिए राज्य वक्फ बोर्ड की व्यापक शक्तियों और अधिकांश राज्यों में ऐसी संपत्ति का सर्वेक्षण करने में देरी का संज्ञान लिया था। सरकार ने संपत्तियों के दुरुपयोग को रोकने के लिए वक्फ संपत्तियों की निगरानी में जिलाधिकारियों को शामिल करने की संभावना पर भी विचार किया था।




### बोर्ड के दावों का होगा वैरिफिकेशन

**फिलहाल वक्फ बोर्ड के पास देश भर में लाखों करोड़ रुपये की संपति है। प्रस्तावित संशोधनों के तहत, वक्फ बोर्ड के दावों का अनिवार्य रूप से वेरिफिकेशन किया जाएगा। ऐसा ही एक अनिवार्य वेरिफिकेशन उन संपत्तियों के लिए भी प्रस्तावित किया गया है, जिनके लिए वक्फ बोर्ड और व्यक्तिगत मालिकों ने दावे और जवाबी दावे किए हैं। सूत्रों ने यह भी कहा कि संपत्तियों के अनिवार्य वेरिफिकेशन के दो प्रावधान, जो वक्फ बोर्ड की मनमानी शक्तियों पर रोक लगाएंगे, अधिनियम में प्रस्तावित प्रमुख संशोधन हैं। फिलहाल इन संस्थाओं के पास किसी भी संपति को वक्फ संपति के रूप में चिह्नित करने की शक्तियां हैं। देश भर में 8.7 लाख से अधिक संपत्तियां, कुल मिलाकर लगभग 9.4 लाख एकड़, वक्फ बोर्ड के अधिकार क्षेत्र में हैं।**

## छड़ी मुबारक को श्रीनगर के शंकराचार्य मंदिर ले जाया गया

**श्रीनगर,** (पंजाब केसरी) स्वामी अमरनाथजी की पवित्र छड़ी मुबारक को रविवार को 'हरियाली अमावस्या' के मौके पर पूजा-अर्चना के लिए ऐतिहासिक शंकराचार्य मंदिर ले जाया गया। दशनामी अखाड़े की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, स्वामी अमरनाथजी यात्रा-2024 के सिलसिले में छड़ी मुबारक को महंत दीपेंद्र गिरि जी के नेतृत्व में आज हरियाली-अमावस्या (श्रावण अमावस्या) के मौके पर सदियों पुराने रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना के लिए श्रीनगर में गोपाद्री पहाड़ियों पर स्थित ऐतिहासिक शंकराचार्य मंदिर ले जाया गया।




### सभी फसलों की खरीदारी एमएसपी पर होगी : सैनी

◆ पढ़ें पृष्ठ 8 पर ◆

### लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा, 7 मरे

◆ पढ़ें पृष्ठ 2 पर ◆

### बांग्लादेश में फिर हिंसा, 91 की मौत

◆ पढ़ें पृष्ठ 12 पर ◆

## पार्श्वनाथ का सीईओ चढ़ा पुलिस के हत्थे

पंजाब केसरी/नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस के शाहदरा जिले की स्पेशल टास्क फोर्स ने पार्श्वनाथ डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ संजीव कुमार जैन को गिरफ्तार किया है। राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग की ओर से जारी गैर जमानती वारंट के अनुपालन में एसटीएफ ने जैन को बड़े प्रयासों और तलाशी के बाद दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने करीब 60 किमी तक लंबी तलाश करने के बाद आरोपी जैन को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की, जिसको रविवार को राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के समक्ष पेश किया गया। शाहदरा डीसीपी सुरेंद्र चौधरी के मुताबिक, पार्श्वनाथ डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक संजीव कुमार जैन के खिलाफ 2017 में कंज्यूमर आयोग में शिकायत दर्ज की गई थी। इस शिकायत पर नेशनल कंज्यूमर डिस्प्यूट रिड्रेसल कमीशन, दिल्ली ने 2022 में संजीव कुमार जैन के खिलाफ एक नॉन बेलेबल वारंट जारी किया था। जैन को 18 जुलाई को पेश होना था, लेकिन वह आयोग के सामने पेश नहीं हुए। यह मामला रजत बब्बर और अन्य बनाम मैसेर्स पार्श्वनाथ डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के बीच का है। डीसीपी के मुताबिक, संजीव कुमार जैन हरियाणा के गुरुग्राम स्थित डीएलएफ फेज 2 के 12/2 अपार्टमेंट में रहते हैं। इनके खिलाफ शाहदरा थाने में चार गैर जमानती वारंट और राष्ट्रीय आयोग से जारी एक जमानती वारंट लंबित था।



- संजीव जैन के खिलाफ 2017 में कंज्यूमर आयोग में शिकायत दर्ज की गई थी

**दो साल से हैं लापता** अंतिम बार अरुणाचल की सीमा के पास देखे गए

## क्या चीनी आर्मी के कब्जे में हैं दो भारतीय?

पंजाब केसरी/नई दिल्ली

चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। गलवान घाटी में भारतीय सेना से भिड़ंत के बाद भी उसके तेवर सुधरे नहीं है। इस बीच अरुणाचल प्रदेश के दो लोग भारत-चीन सीमा पर राज्य के एक सुदूर स्थान से लगभग दो साल से लापता हैं और माना जा रहा है कि वे पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की हिरासत में हैं, जिसने अब तक अपने क्षेत्र में दोनों की मौजूदगी को स्वीकार नहीं किया है।

अरुणाचल के दोनों युवक बटेलम टिकरो (35) और उनके चचेरे भाई बैंसी मन्यु (37) 19 अगस्त 2022 से अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले के चगलागाम इलाके से लापता हैं। दोनों चीन की सीमा पर एक ऊंची पहाड़ी पर औषधीय जड़ी-बूटियों की तलाश कर रहे थे और तब से उनका कोई पता नहीं चला है।

### युवक के भाई ने चीनी सेना पर जताया शक


**टिकरो के भाई दिशांसो चिकरो ने फोन पर समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया कि उन्हें चीनी सेना ने हिरासत में लिया है। चिकरो ने कहा कि उन्होंने अपने भाइयों के बारे में जानकारी लेने के लिए कई बार स्थानीय सैन्य अधिकारियों से संपर्क किया है। उन्होंने कहा कि मुझे बताया गया है कि भारतीय सेना ने अपने चीनी समकक्षों के सामने इस मुद्दे को उठाया था, लेकिन अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।**

**खेंविधायक ने क्या कहा?अंजॉ विधायक और राज्य की महिला एवं बाल विकास मंत्री दासंगलू पुल ने पुष्टि की कि दोनों औषधीय जड़ी-बूटियों की तलाश करते समय चीन की सीमा पर लापता हो गए। उन्होंने फोन पर पीटीआई को बताया कि चीनी पक्ष ने अभी तक स्वीकार नहीं किया है कि युवक उनकी हिरासत में हैं, लेकिन मुझे बताया गया है कि वे अभी भी जीवित हैं। दोनों के लापता होने के बाद, चिकरो ने हयुलियांग पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी की दो शिकायतें दर्ज कराईं। शिकायत में बताया गया कि कुछ साथी ग्रामीणों ने उन्हें 24 अगस्त 2022 को सीमावर्ती क्षेत्रों में आखिरी बार देखा था, लेकिन तब से दोनों के ठिकाने का कोई पता नहीं चला है।**

### 2020 में 5 युवकों का किया था अपहरण

**सितंबर 2020 में चीनी सेना पीएलए ने अरुणाचल के ऊपरी सुबनसिरी जिले से पांच युवकों का अपहरण कर लिया था। युवकों को पीएलए ने लगभग एक सप्ताह बाद रिहा कर दिया था। 18 जनवरी 2022 को एक किशोर मीराम तारोन को कथित तौर पर ऊपरी सियांग जिले से चीनी सेना द्वारा उठा लिया गया था। तारोन को नौ दिन बाद चीनी सेना ने भारतीय पक्ष को सौंप दिया था। दो चचेरे भाइयों के लापता होने की नवीनतम घटना अप्रैल 2020 से पूर्वी लद्दाख में भारतीय सेना और पीएलए के बीच जारी गतिरोध के बीच हुई है।**

"मैं चाहता हूं भारत एक महान राष्ट्र बने, शक्तिशाली बने, संसार के राष्ट्रों में प्रथम पंक्ति में आए। -अटल बिहारी वाजपेयी





आदित्य नारायण चोपड़ा
adityachopra@punjabkesari.com

# विध्वंस से सृजन की ओर

**प्रलय** के बारे में बहुत पढ़ा और सुना है। विध्वंस और बर्बादी का दूसरा नाम प्रलय ही है। 2013 में उत्तराखंड के केदारनाथ धाम में जो सैलाब आया था उसे जल प्रलय ही माना गया था। अब पूरा देश खबरिया चैनलों पर कुल्लू से केरल तक जल प्रलय देख रहा है। जलवायु परिवर्तन ने वर्षा और भूस्खलन की तीव्रता को बढ़ा दिया है। हिमाचल, उत्तराखंड और केरल में कहीं गांव दफन हो चुके हैं, कहीं ताश के पत्तों की तरह पुल बह चुके हैं, पहाड़ दरक रहे हैं और सड़कें बह चुकी हैं। यह सब जानते हैं कि यह प्राकृतिक आपदा मानव निर्मित है। मानव ने पहाड़ों को तोड़ डाला है। पहाड़ों की चोटियों और पहाड़ी खड्डों में भी होटल, रिजोर्ट और मकान बनाए जा रहे हैं। पहाड़ों में विशालकाय सुरंगों का बनाना, बड़े-बड़े बिजली घर बनाना, सुरंगों के लिए पहाड़ों में विस्फोट करना, यह सारे कारण पर्वतीय राज्यों में आपदा को निमंत्रण दे रहे हैं। जरूरी नहीं कि प्राकृतिक आपदाएं चेतावनी देकर आएं। आपदाएं बिना चेतावनी के भी आ जाती हैं। शांति हो या युद्ध काल हमारी सेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और एसडीआरएफ के जवानों ने देवदूत बनकर लाखों लोगों की जानें बचाई हैं। केदारनाथ धाम हो, कुल्लू, मंडी हो या फिर केरल का वायनाड, सभी क्षेत्रों में सेना और एनडीआरएफ के जवान न केवल लोगों को बचा रहे हैं बल्कि बचाए गए लोगों को जीवन की शुरूआत करने में भी मदद दे रहे हैं। हर आपदा में हमें सेना और एनडीआरएफ की याद आती है। इनके अलावा भी स्थानीय पुलिस, विशेष अभियान समूह, अग्निशमन बल, तटरक्षक बल और नौसेना की संयुक्त टीमें भी काम कर रही हैं। यह सभी बल आपदा प्रभावित लोगों के लिए देवताओं के समान हैं। आपदा में कोई मदद का एक हाथ भी आगे बढ़ता है तो वह तिनके के सहारे के समान होता है। जवान मलबे से न केवल शव निकाल रहे हैं बल्कि जिन्दगी की तलाश भी कर रहे हैं। जवानों ने छोटे-छोटे बच्चों की जिन्दगियां बचाकर उन्हें राहत शिविरों में पहुंचाया। भारतीय सेना और आपदा बल के जवानों ने चूरलामल में बेलीब्रिज को बहुत कम समय में बनाकर आवाजादी शुरू करा दी है। इंजीनियरिंग और पेशेवर कौशल में दक्ष भारतीय सेना की दक्षिणी कमान की इंजीनियर टॉस्क फोर्स ने इरुवनिपझा नदी पर तेजी से निर्माण किया जिससे राहत कार्यों में गति आई है।

उत्तराखंड के केदारनाथ धाम में फंसे लगभग 6000 यात्रियों को रेस्क्यू करना आसान नहीं था लेकिन भारतीय वायुसेना ने एम-1 और चिनुक हैलीकाप्टरों से यह काम कर दिखाया। सोनमर्ग और गौरीकुंड के बीच पुल बनाकर आवाजाही शुरू करा दी है। हिमाचल में भी ऐसा ही किया जा रहा है। लातूर के भूकम्प, 2015 में चेन्नई की बाढ़, 2013 की केदारनाथ धाम त्रास्दी, 2004 में सुनामी और 2018 में केरल की बाढ़ के दौरान भी भारत के सशस्त्र बलों ने आपदा प्रबंधन में विशेष भूमिका निभाई है। 90 के दशक में एनडीआरएफ जैसी फोर्स की जरूरत महसूस होने लगी थी जो तमाम तरह की आपदाओं में जाकर लोगों को बचा सके। तब एनडीआरएफ की शुरूआत की गई। अपने काम और खास तरह की दक्षता के कारण यह दुनिया में सर्वश्रेष्ठ फोर्स बन चुकी है। यद्यपि सशस्त्र बल मुख्य रूप से बाहरी खतरों से देश की सुरक्षा में शामिल रहते हैं परन्तु अब आपदा बल दूसरे देशों में भी जाकर बेहतर सेवाएं दे रहे हैं।

अब केरल के वायनाड में नई टाऊनशिप बसाने की योजना बनाई जा रही है। जहां-जहां विध्वंस हुआ है वहां सृजन करना हमारा दायित्व भी है। सृजन की शक्ति विध्वंस से भी बड़ी होती है। यह आशा और उम्मीदों से भरी एक नई अलख जगाती है, जो लोगों में शक्ति का संचार कर नवचेतना जगाती है। विध्वंस होने में देर नहीं लगती लेकिन निर्माण और सृजन में जीवन खप जाता है। सृष्टि का नियम ही विध्वंस के बाद नवसृजन है लेकिन नवसृजन इस तरीके से होना चाहिए कि हादसे से बचने के लिए पूरे बंदोबस्त किए जाएं। विकास कार्यों के लिए जापान और ताइवान जैसे देशों से भी हमें बहुत कुछ सीखने की जरूरत है। पहाड़ों को स्थिर बनाए रखने के लिए विशेष तरह की तकनीक अपनाई जानी चाहिए। ताइवान और जापान में भी पहाड़ काटे जाते हैं लेकिन वहां पर ऐसे यंत्र लगाए जाते हैं कि समय रहते पता चल जाता है कि पहाड़ पर कितना दबाव है और वह लोगों को पहाड़ के दरकने को लेकर सचेत कर देता है।

भारत में समस्या यह है कि यहां भूमाफिया हर जगह सक्रिय हैं। पहाड़ों का खनन लगातार इसी तरह जारी रहा तो प्रलय को रोक नहीं पाएंगे। संकट की घड़ी में समूचे देश को चाहिए कि वह आपदा प्रभावित राज्यों में नवसृजन की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाएं। केन्द्र सरकार तो मदद कर ही रही है, देश के हर नागरिक को यथासम्भव मदद का हाथ बढ़ाना चाहिए, साथ ही मनुष्य को प्राकृति संग जीने को भी अपनी आदतों में शामिल करना होगा अन्यथा उसे प्राकृति के कहर का सामना करना ही पड़ेगा।

# 'वक्फ बोर्ड' को अंग्रेजों ने बताया था अवैध

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): केंद्र सरकार ने वक्फ बोर्ड के अधिकारों पर अंकुश लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक, केंद्र सरकार जल्द ही वक्फ बोर्ड अधिनियम में संशोधन से जुड़ा एक बिल संसद में पेश कर सकती है। इसके तहत वक्फ बोर्ड अधिनियम में 40 से अधिक संशोधनों किए जा सकते हैं।

ऐसे में वक्फ बोर्ड अधिनियम में संशोधन की चर्चाओं के बाद इसके पीछे के इतिहास को जानना महत्वपूर्ण हो जाता है। वक्फ बोर्ड का गठन क्यों किया गया और इसमें वक्फ को क्या अधिकार मिलते हैं। आज हम आपको इसके बारे में विस्तार से बताते हैं।

दरअसल, देश के आजाद होने के सात साल बाद 1954 में वक्फ अधिनियम पहली बार पारित किया गया। उस समय देश के प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू थे। उनकी सरकार वक्फ अधिनियम लेकर आई। लेकिन, बाद में इसे निरस्त कर दिया गया। इसके एक साल बाद 1955 में फिर से नया वक्फ अधिनियम लाया गया। इसमें वक्फ बोर्डों को अधिकार दिए गए।

9 साल बाद 1964 में केंद्रीय वक्फ परिषद का गठन किया गया, जो अल्पसंख्यक मंत्रालय के अधीन था। इसका काम वक्फ बोर्ड से संबंधित कामकाज के बारे में केंद्र सरकार को सलाह देना होता है। वक्फ परिषद के गठन के लगभग 30 साल बाद साल 1995 में पीवी नरसिम्हा राव की नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने वक्फ एक्ट में पहली बार बदलाव किया।

## यह धार्मिक स्वतंत्रता के खिलाफ है: ओवैसी

एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने रविवार को वक्फ बोर्ड की संपत्तियों पर अधिकार कम करने के लिए विधेयक लाने की केंद्र की योजना को धार्मिक स्वतंत्रता के खिलाफ बताया। ओवैसी ने कहा, केंद्र सरकार संसदीय सर्वोच्चता और विशेषाधिकारों के खिलाफ काम कर रही है। जब संसद सत्र चल रहा है, तो संसद को सूचित किए बिना वह मीडिया को इस विधेयक के बारे में सूचित कर रही है। मैं कहता हूं कि इस प्रस्तावित संशोधन के बारे में मीडिया में जो कुछ भी लिखा जा रहा है, उससे पता चलता है कि मोदी सरकार वक्फ बोर्ड की स्वायत्तता छीनना चाहती है और इसमें हस्तक्षेप करना चाहती है। यह अपने आप में धार्मिक स्वतंत्रता के खिलाफ है। दूसरी बात यह है कि भाजपा शुरू से ही इन बोर्डों और वक्फ संपत्तियों के खिलाफ रही है और उनका हिंदुत्व एजेंडा है।

## मोलाना खालिद रशीद बोले इसकी कोई जरूरत नहीं

मुस्लिम धर्मगुरु मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि इसकी कोई जरूरत नहीं है। जहां तक वक्फ का मामला है, हमारे बुजुर्गों ने वक्फ के लिए अपनी प्रॉपर्टी दान की है और इसमें एक इस्लामिक लॉ भी है। जब एक बार वक्फ को जमीन कर दी जाती है तो उसे न बेचा जा सकता है और न ही खरीदा जा सकता है। भारत में 60 फीसदी वक्फ की प्रॉपर्टी में मस्जिद, दरगाह और कब्रिस्तान आते हैं।' मौलाना खालिद रशीद ने कहा, "हमारे देश में वक्फ अधिनियम 1995 हैं, जिसमें 2013 में संशोधन किया गया। इसी के तहत वक्फ प्रॉपर्टी को मैनेज किया जा रहा है। सरकार को वक्फ की प्रॉपर्टी पर मौजूद सरकारी दुकानों पर ध्यान देना चाहिए। इन दुकानों को लेकर हमारी यही मांग रही है कि किराया वक्फ को समय पर मिलना चाहिए। मुझे लगता है कि सरकार एक्ट में जो बदलाव करने जा रही है, उसमें किसी तरह की कोई जरूरत नहीं है। अगर ऐसा किया जा रहा है तो सभी की राय लेनी चाहिए।'

# आचार्य जी का जीवन कर्ममय पुरुषार्थमय व परमार्थमय : रामदेव

**हरिद्वार,** (पंजाब केसरी): पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण जी का जन्मदिवस पतंजलि वैलनेस, पतंजलि योगपीठ-2 के योगभवन सभागार में जड़ी-बूटी दिवस के रूप में मनाया गया। जड़ी-बूटी दिवस के अवसर पर स्वामी रामदेव जी व आचार्य बालकृष्ण जी ने उपस्थित जनसमूह को स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ परिवार, स्वस्थ समाज, स्वस्थ राष्ट्र व स्वस्थ विश्व के लिए वृक्षारोपण हेतु संकल्पित कराया। स्वामी जी व आचार्य जी ने वृक्षारोपण तथा आचार्य जी ने स्वयं रक्तदान कर जनसामान्य को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में स्वामी रामदेव जी महाराज ने आचार्य जी को जन्मदिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आचार्य जी का जीवन कर्ममय, पुरुषार्थमय व परमार्थमय है। पूर्वजों से प्राप्त अपने सनातन, सांस्कृतिक शाश्वत तत्वों को जीवन में आत्मसात कर जगत के कल्याण के लिए पूज्य आचार्यश्री ने 50 वर्षों से अधिक तप एवं पुरुषार्थ किया है जो हम सभी के लिए सदैव प्रेरणा देता रहेगा। इस अवसर पर आचार्य जी ने कहा कि जन्मदिवस तो मात्र बहाना है, निरंतर राष्ट्रसेवा के कार्य करते हुए, पेड़-पौधे लगाना हमारा लक्ष्य है।



● जन्मदिवस तो बहाना, निरंतर राष्ट्रसेवा के कार्य करते हुए, पौधे लगाना लक्ष्य : बालकृष्ण

## 4.90 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन

**जम्मू,** (पंजाब केसरी): अमरनाथ यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से आगे बढ़ रही है। पिछले 36 दिनों में 4.90 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री अमरनाथ यात्रा कर चुके हैं। 1,112 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था जम्मू से कश्मीर के लिए रवाना हुआ। श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड ने बताया कि 1,112 श्रद्धालुओं का जत्था दो सुरक्षा काफिलों में सुबह 3:25 बजे भगवती नगर यात्री निवास से घाटी के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया, इनमें से 11 वाहनों का पहला काफिला 204 यात्रियों को लेकर उत्तर कश्मीर के बालटाल आधार शिविर के लिए रवाना हुआ, जबकि 39 वाहनों का दूसरा काफिला 908 यात्रियों को लेकर दक्षिण कश्मीर के नुनवान (पहलगाम) आधार शिविर के लिए रवाना हुआ। गांदरबल जिले के काव चेरवान गांव में सुबह बादल फट गया। इस कारण श्रीनगर से बालटाल आधार शिविर जाने वाला मार्ग बंद हो गया।

## एमसीडी में 'एल्डरमैन' की नियुक्ति पर आज सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): उच्चतम न्यायालय आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार की याचिका पर पांच अगस्त को अपना फैसला सुनाएगा, जिसमें मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह के बिना दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में 'एल्डरमैन' नामित करने के उपराज्यपाल के फैसले को चुनौती दी गई है।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने पिछले साल 17 मई को इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट के अनुसार, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की अध्यक्षता वाली पीठ फैसला सुनाएगी। पिछले साल 17 मई को शीर्ष अदालत ने कहा था कि उपराज्यपाल को एमसीडी में पार्षदों को नामित करने का अधिकार देने का मतलब होगा कि वह निर्वाचित नगर निकाय को अस्थिर कर सकते हैं।

# जम्मू-कश्मीर में बादल फटा श्रीनगर-लेह राजमार्ग बंद



**श्रीनगर,** (पंजाब केसरी): जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में बादल फटने से एक सड़क क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग यातायात के लिए बंद हो गया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।यातायात नियंत्रण कक्ष के एक अधिकारी ने कहा, ''गांदरबल जिले के कचेरवन में सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण श्रीनगर-लेह मार्ग पर यातायात अगले आदेश तक रोक दिया गया है।'' उन्होंने बताया कि आधी रात को बादल फटने के कारण अचानक आई बाढ़ से सड़क क्षतिग्रस्त हो गई।एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बादल फटने से आई बाढ़ के कारण कुछ इमारतों को नुकसान पहुंचा है।अधिकारी के मुताबिक, जरूरतमंद लोगों को सहायता मुहैया कराने के लिए प्राधिकारी मौके पर मौजूद हैं। राजमार्ग बंद होने के कारण कश्मीर घाटी का संपर्क लद्दाख से कट गया है।

# वायनाड में लैंडस्लाइड से तबाह घरों में हो रहीं चोरियां

**वायनाड,** (एजेंसी): केरल के वायनाड में 29 जुलाई की आधी रात भारी बारिश के बाद हुए लैंडस्लाइड में मरने वालों की संख्या 365 पहुंच गई है। इनमें 30 बच्चे शामिल हैं। हादसे के छठे दिन भी रविवार (4 अगस्त) को सर्च ऑपरेशन जारी है। 206 लोग अब भी लापता हैं। केरल के मुख्यमंत्री पी. विजयन ने शनिवार को कहा, वायनाड लैंडस्लाइड में घर-जमीन खो चुके लोगों के पुनर्वास के लिए सरकार एक टाउनशिप बनाएगी। यहां लैंडस्लाइड प्रभावित इलाके में बचे हुए लोगों को बसाया जाएगा। राहुल गांधी और कर्नाटक सरकार ने भी लैंडस्लाइड पीड़ितों के लिए 100 घर बनाने का ऐलान किया है।इधर, पीटीआई के मुताबिक लैंडस्लाइड के बाद रिलीफ कैंप में रह रहे लोगों का कहना है कि उनके घरों में चोरियां हो रही हैं। कुछ लोग रात के समय आकर घरों से कीमती सामान चुरा रहे हैं। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद अब पुलिस चोरों को पकड़ने के लिए पेट्रोलिंग कर रही है। लैंडस्लाइड के छठे दिन रविवार को सुबह 7 बजे से सर्च ऑपरेशन शुरू हो गया है। छह टीमों में शामिल 1264 लोग मुंडक्कई, चुरालमाला और सामलीमट्टम में सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। मुख्यमंत्री विजयन ने शनिवार को कहा था कि रेस्क्यू ऑपरेशन अंतिम चरण में है। उधर, मौसम विभाग ने आज केरल के 6 जिलों कासरगोड, कन्नूर, वायनाड, कोझिकोड, इडुक्की और कोट्टायम में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। केरल के मंत्री एके ससींद्रन ने कहा- हमने लैंडस्लाइड प्रभावित इलाके को 6 जोन में बांटा है।



# अंगों के ट्रांसपोर्टेशन को लेकर दिशा-निर्देश जारी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): केंद्र सरकार ने पहली बार अंगों के ट्रासपोर्टेशन को लेकर दिशा-निदेश जारी किए हैं ताकि कम से कम समय में अंग प्रत्यारोपण कर जिंदगी की जंग जीती जा सके। सड़क, रेलवे से लेकर वायुमार्ग और जलमार्ग जैसे यात्रा के विभिन्न साधनों के जरिये मानव अंगों के निर्बाध परिवहन के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) लेकर आया है। यह एसओपी देशभर में अंग प्रत्यारोपण में शामिल लोगों के लिए एक मार्गदर्शक दस्तावेज के रूप में काम करेगी। अंग परिवहन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के पीछे केंद्र का लक्ष्य कीमती अंगों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करना और जीवन-रक्षक प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा कर रहे अनगिनत रोगियों को आशा प्रदान करना है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने कहा- 'यह एसओपी देशभर में अंग पुनर्प्राप्ति और प्रत्यारोपण संस्थानों के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं और गुणवत्ता मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए एक रोडमैप हैं।' असल में जब अंग दाता और अंग प्राप्तकर्ता दोनों एक ही शहर के भीतर या अलग-अलग शहरों में अलग-अलग अस्पतालों में हों तो उस जीवित अंग को अस्पतालों के बीच ले जाने की आवश्यकता होती है।

## ईडी ने लेह एवं अन्य स्थानों से एक करोड़ नकद जब्त किए

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): लद्दाख एवं अन्य कुछ स्थानों पर लोगों को ठगने वाली एक 'फर्जी' क्रिप्टोकरेंसी निवेश कंपनी के संचालकों के विरूद्ध छापेमारी में एक करोड़ रुपये नकद एवं 'अभियोजनयोग्य' सामग्री जब्त की गयी है। ईडी ने बताया कि लेह, जम्मू और हरियाणा के सोनीपत में दो अगस्त को धनशोधन रोकथाम अधिनियम के प्रावधानों के तहत यह तलाशी की गयी। अधिकारियों ने बताया कि यह पहली बार है जब ईडी ने लद्दाख में तलाशी ली है।ईडी ने एक बयान में कहा कि जांच लेह एवं अन्य स्थानों के लोगों को धोखा देने के मामले से जुड़ी है। इन लोगों को 'एमोलिएंट क्वाइन' नामक नकली क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करने पर महज 10 महीने में उनका पैसा दोगुना हो जाने का आश्वासन दिया गया था। ईडी के अनुसार सोनीपत का नरेश गुलिया 'एमोलिएंट क्वाइन लिमिटेड' नामक कंपनी के माध्यम से 'फर्जी' क्रिप्टोकरेंसी को बढ़ावा दे रहा था। इस कंपनी की सितंबर 2017 में ब्रिटेन में स्थापना की गयी थी। ईडी ने आरोप लगाया कि लेह में जम्मू के अजय कुमार चौधरी और चरणजीत सिंह उर्फ चुन्नी तथा स्थानीय व्यक्ति अत्तिउल रहमान मीर फर्जी क्रिप्टोकरेंसी निवेश कंपनी चला रहे थे और निवेशकों को आश्वासन दिया गया।

# लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा 7 की मौत, 25 घायल



● कार से टकराकर पलटी बस

**इटावा, (पंजाब केसरी) :** उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के ऊसराहर थाना क्षेत्र में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर एक डबल डेकर बस के शनिवार देर रात गलत दिशा से आ रही कार से टकराने के बाद खंदक में पलट जाने से सात लोगों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए।

पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने रविवार को संवाददाताओं को बताया कि तीन/चार अगस्त की दरमियानी रात को करीब पौने एक बजे नगालैंड के नंबर वाली एक डबल डेकर बस रायबरेली से दिल्ली जा रही थी, तभी वह रास्ते में इटावा जिले के ऊसराहर थाना क्षेत्र में किलोमीटर संख्या 129 के पास सामने से आ रही कार से टकरा गई। बताया जा रहा है कि कार में सवार परिवार राजस्थान के मेहंदीपुर बालाजी में दर्शन के बाद कन्नौज के तालग्राम में अपने घर लौट रहा था। वर्मा के अनुसार, ऐसा प्रतीत होता है कि कार चालक को नींद आ गई और गलत लेन में दाखिल होने के कारण उसकी गाड़ी सामने से आ रही बस से टकरा गई। उन्होंने बताया कि टक्कर से अनियंत्रित हुई बस सड़क के किनारे खंदक (गहरा गड्ढा) में जा गिरी। वर्मा के मुताबिक, इस हादसे में कार सवार मोनू (25), उसकी मां चंदा देवी (52) और प्रद्युम्न (24) तथा बस सवार ओमप्रकाश (50) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस तीन अज्ञात शवों की शिनाख्त की कोशिश कर रही है। वर्मा के अनुसार, हादसे में 25 अन्य लोग घायल हो गए। उन्हें पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। वर्मा ने बताया कि बस में करीब 60 लोग सवार थे।

# अयोध्या गैंगरेप : पीड़िता के दर पर राजनेता

**अयोध्या, (पंजाब केसरी) :** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में सामूहिक बलात्कार की शिकार नाबालिग लड़की के परिजनों से मिलने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को अयोध्या पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा के राज्यसभा सदस्य बाबूराम निषाद तथा संगीता बलवंत बिंद और राज्य के पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप शामिल थे।

भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने इस घटना के संबंध में परिवार से विस्तृत जानकारी भी जुटाई। बाबूराम निषाद ने इस बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा, हमने बलात्कार पीड़िता की मां और उसके परिवार के अन्य लोगों से बात की और घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी जुटाई। सरकार की तरफ से जो भी कार्रवाई होनी है, वह की जा रही है। हमने आरोपी मोइद खान के बारे में अन्य जानकारियां भी जुटाई हैं। हम इसकी तह तक जाएंगे और जांच करेंगे। निषाद ने कहा, इस घटना की रिपोर्ट भाजपा के अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के लक्ष्मण को सौंपी जाएगी। उन्होंने कहा कि बलात्कार पीड़िता का परिवार आरोपी के खिलाफ सरकार द्वारा की गई कार्रवाई से 'संतुष्ट' है। पुलिस ने 30 जुलाई को एक नाबालिग लड़की से बलात्कार के मामले में अयोध्या जिले के भदरसा में बेकरी चलाने वाले मोइद खान और उसके कर्मचारी राजू खान को गिरफ्तार किया था।

वहीं बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल की अगुवाई में पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने अयोध्या में सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता और उसके परिजनों से मुलाकात की तथा हर संभव मदद का आश्वासन दिया।



## अदालत स्वतः संज्ञान ले : अखिलेश

समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को अदालत से अनुरोध किया कि वह अयोध्या में नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार मामले की संवेदनशीलता और गंभीरता को देखते हुए इसका स्वतः संज्ञान ले तथा अपनी निगरानी में दुष्कर्म पीड़िता की सुरक्षा सुनिश्चित करे। अखिलेश ने यह भी कहा कि इस घटना का राजनीतिकरण करने की गलत मंशा रखने वाले लोगों के इरादे कभी सफल नहीं होने चाहिए। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, बलात्कार पीड़िता के लिए सरकार अच्छे-से-अच्छा चिकित्सीय प्रबंध कराए। बालिका के जीवन की रक्षा की ज़िम्मेदारी सरकार की है।



## विश्वामित्री नदी का जलस्तर बढ़ने से वडोदरा की सड़कों पर पहुंच रहे मगरमच्छ

**अहमदाबाद,** (पंजाब केसरी): गुजरात के वडोदरा शहर में विश्वामित्री नदी से निकलकर मगरमच्छों के आवासीय इलाकों में घुसने की समस्या हर साल की तरह इस साल भी देखने को मिल रही है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि पिछले महीने आवासीय इलाकों में पहुंचे 21 मगरमच्छों को पानी में छोड़ा गया। अधिकारी ने बताया कि नदी का 17 किलोमीटर हिस्सा वडोदरा से होकर गुजरता है। इसमें करीब 300 मगरमच्छ रहते हैं जिसके कारण किनारे के इलाकों में अक्सर इस तरह की घटनाएं देखने को मिलती हैं।

रेंज वन अधिकारी (आरएफओ) करणसिंह राजपूत ने बताया, ''विश्वामित्री नदी के किनारे के आवासीय क्षेत्रों से मगरमच्छों को बचाने का काम पूरे साल चलता रहता है, लेकिन मानसून के दौरान इनकी संख्या काफी बढ़ जाती है।

# 'लव जिहाद' में उम्रकैद के लिए कानून बनाएगी असम सरकार

**गुवाहाटी,** (पंजाब केसरी): असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार जल्द ही 'लव जिहाद' के मामलों में आजीवन कारावास की सजा के लिए एक नया कानून लाएगी। यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विस्तारित प्रदेश कार्यकारिणी की एक बैठक में शर्मा ने कहा, ''हमने चुनाव के दौरान 'लव जिहाद' के बारे में बात की थी। हम जल्द ही एक कानून लाएंगे, जिसमें ऐसे मामलों में आजीवन कारावास की सजा होगी।'' शर्मा ने यह भी कहा कि जल्द ही एक नयी अधिवास नीति पेश की जाएगी जिसके तहत केवल असम में जन्में लोग ही राज्य सरकार की नौकरियों के लिए पात्र होंगे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार मूल निवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव पूर्व किए गए वादे के अनुसार उन्हें ''एक लाख सरकारी नौकरियों'' में प्राथमिकता दी गई है, जो पूरी सूची प्रकाशित होने पर स्पष्ट हो जाएगा। शर्मा ने बिना विस्तार से बताए दावा किया कि इसके विपरीत, कांग्रेस सरकार के तहत राज्य पुलिस बल में कांस्टेबल की 30 प्रतिशत तक नौकरियां एक ''विशेष समुदाय'' के लोगों को मिली थीं, जब धुबरी के मौजूदा सांसद गृह विभाग के प्रभारी थे। इस साल के चुनावों में कांग्रेस के रकीबुल हुसैन ने धुबरी लोकसभा सीट जीती थी। शर्मा ने कहा कि उनकी सरकार ने चंडीगढ़ के आकार के बराबर अतिक्रमण की गई भूमि को अवैध निवासियों से मुक्त कराया है, लेकिन राज्य में अभी भी उत्तरी केंद्र शासित प्रदेश के 20 गुना के बराबर भूमि पर अतिक्रमण करने वालों का कब्जा है।

# यूडीएफ विधायक सीएम राहत कोष में देंगे एक माह का वेतन

**विपक्ष मदद के लिए आगे आया**

**कोच्चि,**(पंजाब केसरी): भूस्खलन से तबाह हुए वायनाड में पुनर्निर्माण कार्यों के लिए केरल सरकार को अपना पूरा सहयोग देते हुए कांग्रेस नीत विपक्षी संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा ने रविवार को घोषणा की कि उसके सभी विधायक मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में एक माह का वेतन देंगे। विपक्ष के नेता वी डी सतीशन ने रविवार को कहा कि यूडीएफ सभी पुनर्वास प्रयासों में भाग लेगा और जिंदा बचे लोगों के जीवन को पटरी पर लाने की दिशा में काम करेगा। कांग्रेस की 100 मकान बनाने की पेशकश के अलावा यूडीएफ में उसकी बड़ी सहयोगी इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने भी पुनर्वास पैकेज की घोषणा की है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कांग्रेस की ओर से 100 मकान बनाये जाने की घोषणा की थी। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा ने भी घोषणा की थी कि विधानसभा और संसद के उसके सदस्य एक महीने की तनख्वाह सीएमडीआरएफ में देंगे। विपक्षी यूडीएफ का यह निर्णय इस मायने में अहम है क्योंकि सीएमडीआरएफ को दान देने के मुद्दे पर कल कांग्रेस में खलबली मच गई थी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश चेन्निथला ने कल घोषणा की थी कि वह अपना एक माह का वेतन दान करेंगे, जो उन्हें विधायक के तौर पर मिलता है। इस पर उनके पार्टी सहयोगी और प्रदेश अध्यक्ष के सुधाकरण ने तीखी प्रतिक्रिया दी थी। सुधाकरण ने यह कहते हुए अपनी नाखुशी व्यक्त की थी कि माकपा नीत वाममोर्चा सरकार द्वारा प्रबंधित कोष में पैसे देने की जरूरत नहीं है। सुधाकरन का यह बयान ऐसे समय में आया है।

## भूस्खलन को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने पर करेंगे विचार : गोपी

**वायनाड,** (पंजाब केसरी): केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार केरल के वायनाड जिले में भूस्खलन की घटना को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की विभिन्न हलकों से उठ रही मांग की वैधता की जांच करेगी। इस घटना में बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई है। केंद्रीय पर्यटन, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री गोपी ने कहा कि केंद्र सरकार भूस्खलन का मूल्यांकन करने के बाद ''इसके कानूनी पहलुओं की जांच'' करेगी। वायनाड जिले के मुंडक्कई और चूरलमाला में भूस्खलन से सैकड़ों घर तबाह हो गए हैं और बड़ी संख्या में लोग मारे गए हैं।




हरियाणा सरकार
म्हारा हरियाणा
नॉन-स्टॉप हरियाणा
हम हरियाणवी
बच्चे अब गुणवत्तापूर्ण शिक्षा लेते हैं
भगत फूल सिंह राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, खानपुर कलां, सोनीपत (चरण-III) का शिलान्यास
प्रदेश में हर 20 कि.मी. पर सरकारी कॉलेज खुले
241 पीएम श्री विद्यालय, 1419 प्राथमिक राजकीय मॉडल तथा संस्कृति विद्यालय शुरू
पंचकूला में राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (NIFT), रोहतक में IIM और सोनीपत में IIT दिल्ली का विस्तार केंद्र स्थापित
10वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क टैबलेट
हर बच्चे को मिल रही शिक्षा निरंतर
सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana
SAMVAD RO.NO.1089/13/1723/2025/28469/142/7 Dt.04/08/2024

हरियाणा सरकार



"गौ प्रकृति की वो देन है जिनकी मासूमियत ही लोगों
को उनकी ओर आकर्षित करने के लिए काफी है।
किसान के लिए ये साथी भी हैं और सहयोगी भी।
इनके प्रेम और सहयोग का दुनिया में दूसरा और कोई उदाहरण नहीं है।"

- नायब सिंह सैनी

म्हारा हरियाणा
नॉन-स्टॉप हरियाणा

# गौ सेवा सम्मेलन

5 अगस्त, 2024 | दोपहर 2:00 बजे | इन्द्रधनुष ऑडिटोरियम, सेक्टर-5, पंचकूला

मुख्य अतिथि

## श्री नायब सिंह सैनी

मुख्यमंत्री, हरियाणा

गरिमामयी उपस्थिति

## स्वामी ज्ञानानन्द जी महाराज

गीता मनीषी

अध्यक्षता

## श्री कंवर पाल

पशुपालन एवं डेयरी मंत्री, हरियाणा



कार्यक्रम से जुड़ने के लिए
क्यू आर कोड स्कैन करें

हरियाणा गौ–सेवा आयोग, पंचकूला व पशुपालन एवं डेयरी विभाग, हरियाणा

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

SAMVAD RO.NO.1089/13/1729/2025/28536/142/7 Dt.04/08/2024

जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की कोर्ट ने 9 जुलाई के फैसले में इस पर अंतरिम रोक लगा दी थी...

# खैबर पास के 112 घरों पर बुलडोजर चलाने की कार्रवाई पर कोर्ट की रोक



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली के सिविल लाइंस स्थित खैबर पास के लोगों को लिए राहत भरी खबर है। यहां के 112 घरों पर बुलडोजर चलाने की कार्रवाई पर दिल्ली हाई कोर्ट ने फिलहाल रोक लगा दी है। यहां शनिवार को कार्रवाई होना था। बता दें कि सिविल लाइंस में खैबर पास में 250 से अधिक घरों को पहली बार 16 जुलाई को ध्वस्त कर दिया गया था। अधिकारियों ने घोषणा की थी कि शेष 112 आवासों को शनिवार को ध्वस्त कर दिया जाएगा। यहां के निवासियों को तब राहत मिली जब उन्हें यह खबर मिली कि दिल्ली हाई कोर्ट ने उन्हें घर खाली करने के लिए 30 सितंबर तक का समय दिया है।वहीं एक अन्य निवासी ने कहा कि हमने अपना सारा सामान पैक कर लिया है, लेकिन हमारे पास जाने के लिए जगह नहीं है। यह राहत की बात है कि अब हमारे पास जगह तलाशने के लिए अधिक समय है। एक अन्य निवासी ने बताया कि हम पिछले 53 वर्षों से यहां रह रहे हैं। मेरे परिवार की दो पीढ़ियां यहां रह रही हैं। यहां से जाना मुश्किल है। लेकिन, हम उच्च न्यायालय के फैसले से खुश हैं।


इस साल की शुरुआत में 10 याचिकाकर्ताओं ने आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के भूमि और विकास कार्यालय (एल एंड डीओ) द्वारा जारी 1 मार्च के नोटिस को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इसमें खैबर पास की 32 एकड़ जमीन पर कब्जा करने वालों को 4 मार्च तक कब्जा खाली करने और अवैध निर्माण हटाने का निर्देश दिया गया था। हालांकि, जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की कोर्ट ने 9 जुलाई के फैसले में इस पर अंतरिम रोक लगा दी थी, लेकिन उन्होंने एलएंडडीओ नोटिस को रद्द करने से इनकार कर दिया था। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि वे वैध कब्जेदार हैं। उनके पिता या दादाओं को लगभग 70 साल पहले आवास आवंटित किए गए थे, जब यह रक्षा मंत्रालय के कब्जे में था। इसके बाद 22 याचिकाकर्ताओं के एक अन्य समूह ने बेदखली की नोटिस को चुनौती देते हुए 29 जुलाई को हाई कोर्ट का रुख किया। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि उन्हें मानवीय आधार पर दो महीने का समय दिया जाए। मानसून के मौसम को देखते हुए समय चाहिए। 112 निवासियों को जस्टिस संजीव नरूला की अदालत ने राहत दी है। अदालत ने निर्देश दिया कि 112 निवासियों को हलफनामे पर एक वचन देना होगा कि वे 30 सितंबर तक अपने परिसर खाली कर देंगे।

## निवासी तोड़फोड़ अभियान के बाद भविष्य को लेकर चिंतित

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : राष्ट्रीय राजधानी के सिविल लाइंस क्षेत्र के खैबर पास में रहने वाले लोग रविवार को जब सुबह उठे तो उन्होंने देखा कि पड़ोस में बुलडोजर तैनात हैं, जो उनके घरों को गिराने के लिए तैयार थे, जिनमें न केवल उनका सामान था बल्कि उनकी यादें भी जुड़ी थीं। तोड़फोड़ अभियान भूमि एवं विकास कार्यालय द्वारा चलाया गया। भूपिंदर सिंह भाटिया, जो अपने घर के पास एक छोटी सी दुकान चलाते थे, निराशा से मलबे को देख रहे थे। भाटिया ने कहा, ''मैं यहां 70 साल से रह रहा था। मैंने यह घर और दुकान अपनी मेहनत की कमाई से बनाई थी और आज घर को ध्वस्त होता देखकर बहुत दुख हो रहा है।'''' शाहना बेगम (55) ने कहा कि वह दशकों से इस इलाके में रह रही हैं। उन्होंने कहा, ''पिछले महीने उन्होंने सिविल लाइंस इलाके में मेरा घर ध्वस्त कर दिया और आज उन्होंने मेरी बेटी का घर ध्वस्त कर दिया।'''' कुछ घर और दुकानें रविवार को ध्वस्त कर दी गईं, जबकि क्षेत्र के निवासियों ने बताया कि उनमें से कई लोगों को आने वाले दिनों में तोड़फोड़ किये जाने का नोटिस मिला है। दो बच्चों के पिता मोहित गुप्ता ने कहा कि उनके बच्चे पास के स्कूल में पढ़ रहे हैं, लेकिन वह उनके भविष्य को लेकर चिंतित हैं। अपनी दुकान की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा, ''यह मेरी एकमात्र दुकान है, गुप्ता स्टोर, जिसे 13 अगस्त को ध्वस्त कर दिया जाएगा। मैं बहुत चिंतित हूं कि मैं कैसे कमाऊंगा और अपने परिवार का भरण-पोषण करूंगा।'''' गुप्ता ने कहा कि वह तोड़फोड़ किए जाने के डर के बीच वह कुछ समय के लिए बुराड़ी में चले गए हैं। उन्होंने व्यथित होकर कहा, ''वहां किराया इतना अधिक है कि मेरी सारी बचत इसे चुकाने में खर्च हो जाती है।'''' अपने माता-पिता का घर तोड़े जाने की खबर पाकर शनिवार रात दुबई से लौटीं निशा को अपने बुजुर्ग माता-पिता की चिंता सता रही थी। उन्होंने कहा, ''अब मैं अपने परिवार को कहां ले जाऊंगी? मेरे पिता की तबीयत ठीक नहीं है। उन्होंने पल भर में मेरा घर तोड़ दिया और कई उपयोगी चीजें नष्ट हो गईं।''''तोड़फोड़ अभियान भूमि एवं विकास कार्यालय (एल एंड डीओ) द्वारा चलाया गया था।

## सौरभ भारद्वाज जवाब दें कि भ्रष्ट अधिकारी ओपी मिश्रा को क्यों बनाया अपना सचिव : सचदेवा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने मांग की है कि दिल्ली के बड़बोले मंत्री सौरभ भारद्वाज जो अक्सर उपराज्यपाल पर, मुख्य सचिव पर अधिकारियों के संरक्षण का आरोप लगाते हैं वह जवाब दें की उन्होंने एक भ्रष्टाचार की अनेक जांचों में घिरे अधिकारी ओ.पी. मिश्रा को अपना सचिव क्यों बना रखा है? भाजपा ने आरोप लगाया कि मिश्रा पर दिल्ली सरकार में जमीन घोटाले की जांच के साथ मेजर पेनल्टी लगी है तो दूसरी ओर उन पर एनडीएमसी कार्यकाल में पार्किंग घोटाले का आरोप है जिसकी सीबीआई जांच चल रही है। सचदेवा ने कहा है कि इससे पूर्व दिल्ली वालों ने देखा है कि सौरभ भारद्वाज के स्वास्थ्य विभाग के ओएसडी डा.आरएन दास पर भी अनेक जांच हैं, वह निलंबित हैं और घटिया नर्सिंग होम को लाइसेंस देने तक के आरोप उन पर लगे हैं।



वीरेंद्र सचदेवा


TATHASTU II

सूचना

[illegible]

देसी कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड

www.tathastu.co


## बाइक से टकराकर कार में लगी आग



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : मध्य दिल्ली जिला के झंडेवालान इलाके में शनिवार देर रात एक कार और बाइक की आपस में भिड़ंत हो गई। जोरदार टक्कर के कारण कार में आग लग गई। चालक ने किसी तरह समय रहते कार से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। वहीं, बाइक चालक को हादसे में मामूली चोट आई हैं। वहीं, दमकल की गाड़ियां जब तक मौके पर पहुंची कार जलकर खाक हो चुकी थी।


**NATIONAL INSTITUTE OF AYURVEDA**
Deemed To Be University
(Ministry of AYUSH, Govt. of India)

Jorawar Singh Gate, Amer Road, Jaipur-302002 (Rajasthan)
Phone No 0141-2635816, 2635709

File No. F1/2022/NIADU/PhD Ent-22-23 Date 02/08/2024

**NOTIFICATION**

**Applications for PhD (Ayurveda) Programmes for Academic Session 2024-25**

Applications are invited in the prescribed format for PhD Programmes for below mentioned categories:

A. Written Entrance Examination for admission in NIA Regular PhD Programmes in 02 Departments (Ayurveda Samhita evum Siddhant and Kayachikitsa for Joint PhD degree programme and Single center) for the academic session 2024-25.

B. Interview of UGC-NET/JRF/SLET/AYUSH-NET/CSIR-NET Qualified candidates.

The brochure containing details of entrance test along with link of application form is available on Institute website **www.nia.nic.in.**

Eligible candidates can submit the application form with supporting documents and prescribed fees to NATIONAL INSTITUTE OF AYURVEDA on the link provided on Institute website **www.nia.nic.in.**

Last dates for receiving applications is **21/08/2024** 5:00 PM. Applications received after the last date will not be entertained.

**REGISTRAR**


## संक्षिप्त समाचार...



वर्ल्ड पीस हार्मनी के चेयरमैन हाजी शकील सैफी ने रविवार को मुम्बई में गणेश महोत्सव के अवसर पर बॉलीवुड क्वीन एकता कपूर (बालाजी टेलीफिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड की निदेशक) को गणेश जी की मूर्ति भेंट कर बधाई दी।

### कोठे से दो किशोरियों को मुक्त कराया



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): मध्य दिल्ली जिला पुलिस ने कमला मार्किट इलाके में जीबी रोड एरिया से दो नाबालिग लड़कियों को रेस्क्यू कराया है। पुलिस ने इस मामले में एक महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला कोठे पर नाबालिग किशोरियों से वेश्यावृत्ति करा रही थी, जबकि दूसरे आरोपी ने दस्तावेजों में छेड़छाड़ कर किशोरियों को बालिग दिखाया था। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक मोबाइल फोन, एक सैमसंग नोटबुक, आधार कार्ड की छह फोटोकॉपी, एक पैन कार्ड और अलग-अलग पुरुष व महिला की 14 पासपोर्ट आकार की तस्वीरें बरामद की हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नाबालिग किशोरियों को वेश्यावृति कराने व पॉक्सो एक्ट समेत बीएनएस की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। डीसीपी सेंट्रल एम हर्षवर्धन ने बताया कोठा नंबर 59, टॉप फ्लोर श्रद्धानंद मार्ग अजमेरी गेट पर चैकिंग के दौरान दो लड़कियों को गलत काम करते पाया गए। ये खुद को बालिग बता रही थी। उनसे सवाल जवाब किए गए तो पता चला दोनों की उम्र करीब 17 साल हैं। उन्हें यहा लाकर कोठे पर धकेल दिया गया था। पुलिस टीम ने दोनों को यहां से रेस्क्यू करा उनका मेडिकल कराया और उनकी काउंसलिंग कराई। जिसके बाद उन्हें शेल्टर होम भेज दिया।

### गुभाना गांव तक जाएगी 848 नंबर बस



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली सरकार ने हरियाणा के गुभाना-माजरी गांव और दिल्ली-हरियाणा सीमा के पास रहने वाले लोगों की मांगों को पूरा करते हुए बस रूट संख्या 848 की सेवा को हरियाणा के गुभाना-माजरी गांव तक बढ़ा दिया है। रविवार को गुभाना में दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने ग्रामीणों के साथ बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पहले कैलाश गहलोत ने 29 जुलाई को गुभाना और माजरी का दौरा किया था। इस दौरान ग्रामीणों ने परिवहन मंत्री से अनुरोध किया था कि 848 रूट की बस का विस्तार गुभाना तक किया जाए जिसके बाद इस विस्तार को मंजूरी दी गई थी। एक बयान में परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि हरियाणा के गुभाना गांव तक बस रूट 848 के विस्तार के जरिए हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि सार्वजनिक परिवहन सेवाएं उन सभी स्थानों तक पहुंचें जहां इसकी मांग है। उन्होंने कहा कि हम लोगों की दैनिक आवागमन को सुगम बनाने के लिए कटिबद्ध हैं।




# पंजाब केसरी क्लासीफाइड

## पोल्ट्री

एनईसीसी दिल्ली क्षेत्र में आज (05.08.2024) के लिए सुझाया गया फार्म-गेट अण्डे का रेट ₹ 440/- रुपये प्रति 100 अण्डे (व्यापार और उद्योग की जानकारी के लिए) है। 1250396

## नाम परिवर्तन

**I, Anita Jangid W/o** Sunil Kumar R/o 1-60 A, Krishan Vihar, Delhi-110086, have changed my name to Anita for all purposes. 1256346

**I, Subhash Ali S/o** Zile Singh R/o H.No.220, Balmiki Mohalla, Hamid Pur, Delhi-110036, have changed the name of my son from Ajay to Arman Khan for all future purposes. 1256347

**I, Ahadur Rehman** S/o Wafa Ur Rehman R/o 8172, 3rd Floor, Chimni Mill, Bara Hindu Rao, Delhi-110006, have changed my name to Md. Ahad Ur Rehman. 1256348

**I Ramesh Chander** Saigal alias R.C. Saigal S/o Late Shri Faqir Chand Saigal, R/o C-77 Preet Vihar, Delhi-110092 both are same person for all purposes and hereafter shall be known as Ramesh Chander Saigal. 1256344

**I, Rashmi Goel W/o** Anil Kumar R/o C-6, Second Floor, Shakti Nagar Extn. Ashok Vihar Phase-3, Delhi-110052 have changed my name to Rashmi Goyal. 1256343

**I, Anil Kr Goyal@** Anil Goyal S/o Shri Krishan R/o C-6, Second Floor, Shakti Nagar Extn. Ashok Vihar, Phase-3, Delhi-110052 have changed my name to Anil Kumar. 1256342

**I, Ranjana Mehta** W/o Rakesh Mehta, R/o H.No. A-95, Sukhdev Nagar, kotla Mubarakpur, ND-03, have changed my minor daughter's name from Mehta Riya Rakesh to Riya Mehta. 1256360

**I, Davendera Sehgal** alias Davendra Kumar Sehgal S/o Tilak Raj Sehgal, R/o Sec-49 Noida Nr Prayag Hospital-201301, have changed my name to Devendra Sehgal for all purposes. 1256361

**I, Priyanka Chopra** D/o Brij Mohan Kapur R/o 206, Dr. Mukherjee Nagar, Del-9 have changed my name to Priyanka Kapur for all purposes. 1256362

## खोया-पाया

**I, Varun Garg S/o** Shyam Aggarwal R/o-10, 1st Floor, Harsh Vihar, Pitampura, Delhi-34, have Lost my original property Sale Deed & Back Chain for above Address. Finder contact: 9953499381, 9102414141. 1256345

## कोर्ट नोटिस

**COURT NOTICE**

(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
**Ms. NEHA YADAV**
Additional Civil Judge (Senior Division), Pataudi
**KRISHNA VS. PUNIT**
**CS/191/2016**
**CNR No. HRGRB0-000236-2016**
**Next Date 28-08-2024**

Publication issued to : **(1.) Punit** son, **(2.) Pooja** daughter, **(3.) Smt. Nirmala** wife of Late Sh. Ram Bhagat son of Sultan, residents of Gali Dawarkan, near Vinod Gate, Police Chowki Bhiwani, Tehsil and Distt. Bhawani, **(4.) Tek Chand** Son of Sh. Lekh Ram, resident of village Dabla, Tehsil and Distt. Jhajjar, **(16.) Sumer** wife of Late Sh. Somdutt son of Sh. Hukam Chand, resident of village Farrukhnagar, Tehsil Farrukhnagar, Distt. Gurgaon, **(17.) Deen Dayal** son of Sh. Ganpat Rai son of Sh. Munshi Ram, resident of village Badshahpur, Tehsil and Distt. Gurgaon, **(21.) Smt. Prem Devi** son of Sh. Jagmal, resident of village Khera Khurampur, Tehsil Farrukhnagar, Distt. Gurgaon, **(23.) Smt. Kamlesh Devi** wife of Sh. Rajbir son of Rattan Singh, resident of village Kankrola, Tehsil Manesar, Distt. Gurgaon, **(24.) Rajesh Yadav** son of Sh. Brahm Parkash son of Sh. Shiv Narain, resident of village Nakhrola, Tehsil Maneasar, Distt. Gurgaon, **(27.) Sonu** son of Sh. Lilu son of Sh. Mange Ram resident of village Badsa, Tehsil Bahadurgarh, Distt. Jhajjar, **(30.) Rekha** wife of Sh. Ravi Kumar son of Sh. Omkar, resident of village Nainsukhpura, Tehsil Distt. Rewari, **(33.) Nirmla Devi** wife of Sh. Randhir Singh son of Sh. Ram Sarup, resident of village Dundahera, Tehsil and Distt. Gurgaon, **(34.) Smt. Varsha Yadav** wife Sh. Rakesh Yadav son of Sh. Laxman Yadav, resident of village Fatehpur, Tehsil Distt. Jhajjar, **(35.) Smt. Jaiwati** wife of Sh. Om Parkash son of Sh. Ramman Singh, resident of H.No. 177C/6, Ward No. 2, Mandoli New Delhi, **(36.) Smt. Sarita** wife of Sh. Ravinder Kumar son of Sh. Parkash Chand, resident of 57, Raoji Mohalla Village Hasanpur, New Delhi, **(39) Smt. Gian Kaur** wife of Sh. Ram Pal, resident of village Farrukhnagar, Tehsil Farrukhnagar, Distt. Gurgaon, **(41.) Smt. Laxmi Devi** wife of Sh. Ved Parkash son of Sh. Gaje Singh, resident of village Khera Khurampur, Tehsil Farrukhnagar, Distt. Gurgaon, **(42.) Rubi** daughter, **(43.) Priyanka** daughter, of Sh. Sanju son of Smt. Antri daughter of Sh. Sultan, **(44.) Reena** wife of Sh. Sanju son of Smt. Antri daughter of Sultan, residents of Housing Board, Bhiwani, **(45.) Sonu** son of Smt. Antri wife of Sh. Raj Pal, daughter of Sultan, resident of village Kelanga, Tehsil and Distt. Bhiwani, Punit Other : SO NIRMALA D/o Lt. Sh. Ram Bhagat Gali Dawarkaran, Near Vinod Gate, Police Chowki, Bhiwani Haryana

In above titled case, the Defendant (s) / Respondent (s) could not be served. It is ordered that Defendant (s) / Respondent (s) should appear in person or through counsel on **28-08-2024 at 10:00 a.m.**

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Gurugram

Additional Civil Judge (Senior Division), Pataudi
Dated, this day of **02-08-2024**

**COURT NOTICE**

(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Sh.
Deepak Yadav
Civil Judge (Junior Division), Gurugram
**State Bank of India Vs. RAKESH**
CNR No. HRGR02-001355-2018
Next Date: 12-09-2024

PUBLICATION ISSUED TO : RAKESH S/o JAGAT SINGH. H.No. 30/1 VILL. AND TH. BADSHAPUR DIST. GURUGRAM, HARYANA

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 12-09-2024 at 10:00 a.m.

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district notice&district=Gurugram

-Sd./-Civil Judge (Junior Division), Gurugram
SEAL
Dated this day of 30-07-2024

**COURT NOTICE**

(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT Of Sh.
Gaurang Sharma
Civil Judge, (Junior Division), Gurugram
**BABU LAL S/o MOULI RAM Vs. NIRMAL KAPOOR W/o LATE SH. PRANNATH**
CNR No. HRGR02-002359-2024
Next Date : 25-09-2024

PUBLICATION ISSUED To:
1. NIRMAL KAPOOR W/o LATE SH. PRANNATH
2. YUDHISTER S/o LATE SH. PRANNATH
3. NAKUL S/o LATE SH. PRANNATH ALL RESIDENTS OF FARM HOUSE No. 6, CARTERPURI, NASIRABAD,DAULATPUR, SECTOR 23, GURUGRAM
4. GENERAL PUBLIC

In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on 25-09-2024 at 10:00 a.m.

For details logon to https://high-courtched.gov.in/?trs=district notice&district=Gurugram.

-Sd./-
SEAL Civil Judge (Junior Division), Gurugram
Dated this day of 01-08-2024

**पाठकों को परामर्श**

पाठकों को परामर्श दिया जाता है कि वे विज्ञापनों के सम्बन्ध में कोई कार्रवाई करने से पहले तथ्यों की समुचित जांच स्वयं ही अवश्य कर लें, क्योंकि 'पंजाब केसरी' विज्ञापनदाताओं द्वारा किए गए किसी भी दावे की सच्चाई का न तो कोई आश्वासन देता है और न ही समर्थन करता है। इसलिए पाठकों को स्वयं ही अपने आधार पर सभी तथ्यों की जांच करनी चाहिए। किसी भी प्रकार के लेन-देन के लिए यह समाचार पत्र उत्तरदायी नहीं होगा।


**वेलकम थाने का मामला** | हत्या का मुकदमा दर्ज, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस, मृतक के पेट में दो व कमर पर लगा था एक चाकू

# बात बढ़ी तो ले ली युवक की जान


मृतक मोहम्मद कासिम की फाइल फोटो।

**पूर्वी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): नॉर्थ-ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के वेलकम इलाके में शनिवार रात एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने मृतक की पहचान मो. कासिम (24) के रूप में की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में भेज दिया गया है। पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक शुरुआती जांच में पता चला है कि कासिम का आरोपी लड़कों से मामूली कहासुनी के बाद झगड़ा हुआ था। झगड़े के दौरान आरोपियों ने चाकू निकाला और कासिम के ऊपर हमला कर मौके से फरार हो गए। कासिम को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसके पेट और कमर में चाकू से वार किया गया था। अस्पताल में डॉक्टरों ने कासिम को मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। पुलिस के मुताबिक कासिम अपने परिवार के साथ शैतान चौक, जनता कॉलोनी वेलकम में रहता था। इसके परिवार में तीन भाई सलमान, मोहसिन, दानिश और दो बहने हैं। इसके पिता मो. रहीस की छह साल पहले और मां सायरा की चार साल पहले मौत हो चुकी है। कासिम छोटा-मोटा काम करता था। बताया जा रहा है कि शनिवार रात कासिम विनोद पहलवान वाली गली, वेलकम के चौक पर खड़ा हुआ था। जहां उसका कुछ अज्ञात लड़कों से किसी बात पर झगड़ा हो गया। बात इतनी बढ़ गई कि आरोपी लड़कों ने कासिम पर चाकू से हमला कर आरोपी मौके से फरार हो गए। कासिम के पेट में दो चाकू और कमर पर एक चाकू लगा था। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कासिम को जग प्रवेश चंद अस्पताल में भर्ती कराया। जहां अधिक खून बह जाने के कारण डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस हमलावर का पता लगाने का प्रयास कर रही है। उनका कासिम से किस बात को लेकर झगड़ा हुआ इस बात का पुलिस पता लगाने का प्रयास कर रही है। बताया जा रहा है कि झगड़े के दौरान लोगों ने कासिम को बचाने का प्रयास नहीं किया। लोगों को कहना है कि इलाके में बदमाश खुले घूम रहे हैं। उनमें पुलिस का खौफ नहीं रह गया है। बदमाश हथियार लेकर घूमते हैं। झगड़ा होने पर हत्या या जानलेवा हमला करने से नहीं चूकते। इसलिए लोग किसी के झगड़े में बीच बचाव कराने से डरते हैं।

## छावला: संदिग्ध हालात में युवक की मौत, पत्नी मौके से हुई फरार

● *गर्दन पर मिले निशान, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद होगा मौत का खुलासा*

**दक्षिणी दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : द्वारका डिस्ट्रिक्ट के छावला इलाके में एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतक की पहचान अमित रावत (33) के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है।



डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि अमित की गर्दन पर निशान पाए गए है। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह हत्या है या आत्महत्या यह कहना अभी ठीक नहीं होगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सब क्लियर हो जाएगा। पुलिस ने अमित की पत्नी करिश्मा को पकड़ लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। डीसीपी के मुताबिक, रविवार तड़के छावला पुलिस थाने को श्याम विहार, फेज-1, छावला में एक फ्लैट में फर्श पर एक युवक का शव पड़े होने के संबंध में पीसीआर कॉल मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम को मकान की दूसरी मंजिल पर एक युवक अचेत अवस्था में पड़ा मिला। पुलिस उसे लेकर अस्पताल गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान बाद में अमित रावत के रूप में हुई। पुलिस ने उसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। डॉक्टरों ने पुलिस को बताया कि अमित के गले पर निशान है। मौत के सही कारणों का पता नहीं चल सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची क्राइम व एफएसएल की टीम ने निरीक्षण करने के बाद साक्ष्य जुटाए।

**दोनों के बीच अक्सर होता था झगड़ा**

पुलिस अधिकारी ने बताया कि अमित और उसकी पत्नी करिश्मा के बीच अक्सर झगड़ा होता था। इसलिए अभी अमित की मौत कैसे हुई इस बारे में कुछ भी नहीं कहा जा सकता। जांच में पुलिस को पता चला कि अमित टैक्सी चलाने का काम करता था। इस मकान में वह अपनी पत्नी के साथ रहता था। उसकी शादी का अभी एक वर्ष भी नहीं हुआ है।

**फोन मिलने पर आई थी बहन**

पुलिस अधिकारी ने बताया कि अमित का फोन मिलने पर उसकी बहन उसके घर आई। भाई को अचेत अवस्था में देखकर वह जोर-जोर से रोने लगी। रोने की आवाज सुनकर उसका पड़ोसी अनिल वहां आया। उसने तुरंत मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई।

## दिल्ली क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़ा गैंगस्टरों का मुखबिर

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ने एक ऐसे बदमाश को गिरफ्तार किया है जो बड़े प्रॉपर्टी डीलर और बिल्डरों की जानकारी कुख्यात गैंगस्टरों तक पहुंचाता था। पुलिस ने आरोपी की पहचान विजय गहलोत उर्फ कालू के तौर पर की है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक रिवॉल्वर और छह कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस का दावा है कि आरोपी बदमाशों के लिए हथियार की तस्करी में भी लिप्त था। आरोपी पालम विहार गुड़गांव में वाहन चोरी के एक केस में भी वांटेड था। डीसीपी क्राइम ब्रांच सतीश कुमार ने बताया कि इंस्पेक्टर पवन कुमार की टीम को एक गैंग से जुड़ा बदमाश के बारे में सूचना मिली थी। टीम को आरोपी के 55 फुटा रोड, विपिन गार्डन, द्वारका मोड़ पर आने की सूचना मिली थी। टीम ने ट्रैप लगाया और आरोपी को दबोच लिया। आरोपी ने बताया कि वह बड़े प्रॉपर्टी डीलरों और बिल्डरों की जानकारी जुटाकर उनकी सूचना गैंग तक पहुंचाता था। वह महज दसवीं कक्षा तक ही पढ़ा है। उसके चचेरे भाई अनिल की हत्या जितेंद्र उर्फ कल्लू निवासी काकरोला गांव में कर दी गई थी। इसका उसने बदला भी लिया और वर्ष 2007 में उसने अपने चचेरे भाई संजीव उर्फ सोनू, राजेश उर्फ राजू और सनी के साथ मिलकर जितेंद्र उर्फ कल्लू की हत्या कर दी। इसके बाद वह गैंग से जुड़ गया। आरोपी पर दिल्ली के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में पंद्रह अपराधिक केस दर्ज मिले हैं।

## विजय विहार: पार्क में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : रोहिणी डिस्ट्रिक्ट के विजय विहार थाना इलाके में स्थित एक पार्क में एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक की पहचान ओविंदर (20) के रूप में हुई है। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। शुरुआत में पुलिस को पता चला कि शराब पीने के बाद युवक का उसके परिवार से झगड़ा हुआ था। इसके बाद वह घर से चला गया था। पुलिस मामला दर्ज कर परिजनों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस के मुताबिक, रविवार सुबह करीब 05:30 बजे विजय विहार थाना पुलिस को पार्क में एक व्यक्ति के फांसी लगाने की पीसीआर कॉल मिली। कॉलर ने पुलिस को एक युवक के फांसी लगाने के बारे में बताया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि युवक का शव पेड़ पर लटका हुआ है। पुलिस ने उसे नीचे उतारा और अस्पताल में ले गए। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की पहचान ओविंदर के रूप में हुई है। वह बुध विहार फेज-1 में रहता था। पुलिस को पता चला कि रविवार रात शराब पीने के बाद अपने परिवार के सदस्यों से झगड़ा हुआ था। वह मजदूरी करता था।

## रंजिश के चलते महिला पर गोली चलाने वाला नाबालिग गिरफ्तार

**अपने वकील से मिलने आया था आरोपी**

**पूर्वी दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : शाहदरा डिस्ट्रिक्ट के आनंद विहार थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास मामले में शामिल एक नाबालिग को पकड़ा है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी ने अलीपुर इलाके में एक महिला पर गोली चलाई थी। गनीमत यह रही है कि गोली महिला को लगी नहीं थी। पुलिस ने इसके पास से तमंचा बरामद किया है। जांच में इसके खिलाफ हत्या के प्रयास के अलावा आनंद विहार थाने में चोरी के चार ई-एफआईआर दर्ज मिले हैं। पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर इसके अन्य साथियों की तलाश कर रही है।

डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि गत 27 जुलाई को आरोपी ने रंजिश के चलते एक महिला पर गोली चला दी। इसके बाद से वह फरार था। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी व महिला के परिवार के बीच करीब चार पांच दिन पूर्व विवाद हुआ था। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इसी बीच आनंद विहार थाना पुलिस को सूचना मिली कि अलीपुर में महिला पर फायरिंग करने वाला आरोपी अपने वकील से मिलने के लिए आने वाला है। सूचना मिलते ही एसएचओ मनीष कुमार के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई। टीम ने मौके पर पहुंचकर जाल बिछाया और आरोपी को दबोच लिया। जांच में पुलिस को पता चला कि पकड़ा गया आरोपी नाबालिग मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बरेली का रहने वाला है। हालांकि दिल्ली में चांदनी चौक गुरुद्वारा के आसपास रहता था और इसका कोई निश्चित ठिकाना नहीं था। ये भीड़ भाड़ वाले इलाकों में लोगों की जेब काटने, कारों की बैट्री चोरी करने के साथ ही तमंचा दिखाकर लूट को अंजाम देता रहता है।

## रोडरेज: उधार सिगरेट न देने पर दुकानदार समेत तीन लोगों पर चाकू से हमला

● *कृष्णा नगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर, आरोपी की तलाश शुरू कर दी...*

**पूर्वी दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : यमुनापार के जाफराबाद व कृष्णा नगर थाना इलाके में तीन लोगों पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। जाफराबाद इलाके स्थित रोडरेज में बीच-बचाव करने पर अख्तर बेग (40) पर चाकू से हमला कर दिया। हमले के बाद आरोपी भागने लगा तो लोगों ने उसे मौके पर ही दबोच लिया। आरोपी की पहचान मुस्तफा के रूप में हुई। वहीं कृष्णा नगर में सिगरेट उधार न देने पर दुकानदार मो. शाहिद और उसके भाई खालिद पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने दोनों ही मामलों में केस दर्ज कर लिया है। कृष्णा नगर थाने की पुलिस की कई टीमें आरोपी को पकड़ने के लिए प्रयास कर रही हैं। जानकारी के मुताबिक, अख्तर बेग,



जाफराबाद में परिवार के साथ रहता है। वह प्राइवेट कंपनी में काम करता है। गत एक अगस्त को वह घर का सामान लेकर ई-रिक्शे से घर लौट रहा था। इसी बीच बाइक सवार एक युवक आया और ई-रिक्शा चालक के साथ गाली-गलौज करने लगा। पीड़ित ने बीच-बचाव करने की कोशिश की। इस पर बाइक सवार युवक भड़क गया और उसने बाइक ई-रिक्शे के आगे लगा दी। उसके बाद आरोपी ने उसे रिक्शे से उतार कर पीटना शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे वहीं दबोच लिया और मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है।

**उधारी से इनकार तो किया वार**

कृष्णा नगर इलाके में सिगरेट उधार ने देने पर दुकानदार शाहिद पर पड़ोस में रहने वाले जुबैर ने चाकू से हमला कर दिया। भाई पर हमला होता देख उसका भाई खालिद बचाने आया तो आरोपी ने उस पर भी हमला कर दिया। इसके बाद मौके से फरार हो गया। बाद में दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार किया गया। शाहिद, कांति नगर में परिवार के साथ रहता है। घर के पास ही उसका जनरल स्टोर है। एक अगस्त को उसका पड़ोसी जुबैर दुकान पर आया और सिगरेट उधार मांगने लगा। इस पर शाहिद ने पहले के पैसे मांगे और बाद में उधार देने की बात कही। पीड़ित का आरोप है कि उधार सिगरेट देने से मना करने पर आरोपी ने उस पर चाकू से हमला कर दिया।

## अम्बेडकर भवन व सड़क निर्माण कार्यों का बिधूड़ी ने किया लोकार्पण



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दक्षिणी दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने आज गांवों में चार करोड़ रुपए के विकास कार्यों का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना द्वारा दिल्ली के गांवों के विकास के लिए जो एक हजार करोड़ रुपए दिए गए हैं, उनसे गांवों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। बिधूड़ी ने छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के आयानगर में अम्बेडकर भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस पर लगभग 2.25 करोड़ रुपए का खर्च आएगा और यह एक वर्ष में बनकर तैयार हो जाएगा। इसके अलावा उन्होंने इसी विधानसभा क्षेत्र के गांव मांडी की सड़कों के निर्माण के कार्य का भी उद्घाटन किया। इस पर लगभग 1.75 करोड़ रुपए का खर्च होगा। इस प्रकार ये दोनों कार्यों पर लगभग 4 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। दोनों कार्यक्रमों की अध्यक्षता क्षेत्र के विधायक करतार सिंह तंवर ने की। इस मौके पर बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी और भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

## सीआईएसएफ ने 33.5 लाख की दवाइयां की जब्त, तस्कर अरेस्ट

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने दिल्ली के आईजीआई हवाई अड्डे पर दुबई के रास्ते काबुल जा रहे एक यात्री के पास से 33.5 लाख रुपये कीमत की भारी मात्रा में विभिन्न प्रकार की दवाएं बरामद कीं। पूछे जाने पर यात्री इस संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। सीआईएसएफ ने कहा कि यात्री को आगे की कार्रवाई के लिए सीमा शुल्क विभाग को सौंप दिया गया। यात्री की पहचान यासीन दौलत खान के रूप में की गई। दरअसल, आईजीआई एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 के चेक-इन एरिया में सीआईएसएफ जवानों की नजर यासीन पर गई। उसका व्यवहार संदिग्ध लग रहा था। सीआईएसएफ की इंटेलिजेंस टीम ने यासीन को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। इसके बाद उसके सामान की तलाशी ली गई तो लाखों रुपये मूल्य की दवाइयां बरामद हुईं। प्रारंभिक पूछताछ के बाद यासीन को सीआईएसएफ की टीम को सौंप दिया गया है। यासीन दौलत खान दुबई होते हुए काबुल जाने वाली फ्लाइट नंबर एफजेड-442 में सवार होने वाला था, लेकिन चेक-इन करने के दौरान वह सुरक्षाकर्मियों की नजर में आ गया। यासीन के लगेज को एक्स-बीआईएस मशीन से तलाशी ली गई। बता दें कि आईजीआई एयरपोर्ट पर पिछले कुछ दिनों में तस्करी के कई मामले सामने आ चुके हैं। बता दें कि आईजीआई एयरपोर्ट की सुरक्षा कई लेयर में है, ताकि यदि एक जगह चूक भी हो तो दूसरी जगह पर उसे पकड़ लिया जाए।




## बस ने कांवड़िये को मारी टक्कर लोगों ने आरोपी को मौके पर दबोचा

**पूर्वी दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : नॉर्थ-ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के सीलमपुर इलाके में हरिद्वार से जल लेकर घर लौट रहे कांवड़िये को डीटीसी बस ने टक्कर मार दी। हादसे में कांवड़िया घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार किया गया। वारदात के बाद आरोपी मौके से भागने की कोशिश करने लगा। लोगों ने उसे मौके पर ही दबोच लिया। पीड़ित की पहचान ऋषभ (23) के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटनास्थल से बस और बाइक को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, ऋषभ, न्यू उस्मानपुर के करतार नगर इलाके में परिवार के साथ रहता हैं। वह लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में सुरक्षाकर्मी है। शुक्रवार सुबह वह हरिद्वार से बाइक पर जल लेकर दिल्ली लौट रहा था। उसी दौरान बस ने बाइक सवार कांवड़िये को टक्कर मारी दी।

# पुलिस का डर दिखाकर ठगे 31.5 लाख

● *बदमाशों के चीन से तार जुड़े हैं, पुलिस ने सिंडिकेट में शामिल चार ठग गिरफ्तार किए, इनके बैंक खातों में आती थी ठगी की मोटी रकम*



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने साइबर फ्रॉड गिरोह से जुड़े चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ठगी की रकम इन आरोपियों के खाते में आती थी। बदले में इन्हें मोटा कमीशन मिलता था। इस गिरोह के तार चीन से जुड़े हुए मिले हैं। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से सात मोबाइल फोन और लैपटॉप जब्त किए हैं। अभी तक की जांच में डेढ़ सौ से ज्यादा बैंक खातों के बारे में जानकारी सामने आई है, जिनका इस्तेमाल जालसाजों ने ठगी की रकम जमा करने के लिए किया था।

डीसीपी सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट एम हर्षवर्धन ने बताया कि एसएचओ (साइबर थाना) खेमेंद्र पाल सिंह की टीम ने इस गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस को गत 18 जुलाई को साइबर पुलिस स्टेशन में एक शिकायत मिली थी। जिसमें पीड़ित ने बातया कि गत 13 जुलाई को उसे एक व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाले ने कहा उसके नाम पर जारी एक मोबाइल सिम का इस्तेमाल कई अपराधों में किया गया है। उसके नाम पर जारी मोबाइल सिम पर मनी लॉन्ड्रिंग और मानव तस्करी जैसे अपराध की 17 एफआईआर दर्ज हुई हैं। पुलिस को उसकी तलाश है। इस तरह पीड़ित को बुरी तरह से ड़रा धमकाकर उससे 31 लाख 55 हजार रुपए ठग लिए गए। पीड़िता को जब अपने साथ ठीग का एहसास हुआ तो पुलिस में शिकायत दी। साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी। जांच के दौरान उन बैंक खातों का विवरण प्राप्त किया गया, जिनमें ठगी की रकम ट्रांसफर की गई थी। इससे पता चला करंट बैंक खाते अलग-अलग शहरों में विभिन्न नाम से खोले गए थे। इन बैंक खातों में छोटी अवधि में कई करोड़ रुपये का लेन-देन हुआ था। जो रकम बैंक खाते में आई उसे तुरंत अन्य बैंक खातों में स्थानांतरित कर दिया गया। जांच के दौरान फर्जी कंपनी पी2 फिटनेस के नाम पर नोएडा में आईसीआईसीआई बैंक में एक करंट अकाउंट खोला गया था। उसके मालिक का नाम देव भाटी पता चला, जिसे 26 जुलाई को बुलंदशहर, यूपी से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी ने पुलिस को बताया उसने अपने दूर के रिश्तेदार रॉबिन सोलंकी के कहने पर यह अकाउंट खोला था। इसके बाद देव भाटी की निशानदेही पर रोबिन सोलंकी और विष्णु सोलंकी को भी अशोक नगर से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस की तहकीकात में पता चला 2 दिन के भीतर ही देव भाटी के बैंक खाते में 1.25 करोड़ रुपये जमा हुए थे। उन्होंने आगे खुलासा किया कि बैंक खाते में किए गए लेनदेन के समय उन्हें और कई अन्य बैंक खाताधारकों को दिल्ली के होटलों में ठहराया गया था। बकायदा उन पर निगरानी रखने के लिए दो लोगों को भी तैनात किया गया है ताकि वे अपनी मर्जी से रकम ट्रांसफर न कर सकें। इसके बाद पुलिस ने चौथे आरोपी आकाश कुमार जैन को महिपालपुर एरिया से पकड़ लिया। यह सभी खातों का मुख्य संचालक है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया वे टेलीग्राम ऐप के माध्यम से कुछ विदेशी नागरिकों के संपर्क में आए और लगभग एक महीने की अवधि में उन्होंने 125 लोगों के लिए होटल सुविधा की व्यवस्था की, जिनके बैंक खातों में कई करोड़ का लेनदेन हुआ था। वे चीनी ठगों के सीधे संपर्क में था। सभी आरोपी बुलंदशहर और नरसिंहपुर एमपी के रहने वाले हैं।

## 12 राशियां और आपका दिन



Forecast for 5 Augest, 2024
By: Dr. Prem Kumar Sharma
(Astrologer, Palmist, Numerologist & Vastu Consultant)
Email: psharma@premastrologer.com,
Url: http://www.premastrologer.com
Contact: Panchkula: +91-172-2562832, 2572874
Delhi: +91-11-47033152/40532026




**मेष** ARIES (21 मार्च- 20 अप्रैल) बीमारी में घरेलू नुस्खे का इस्तेमाल कारगर साबित होगा। आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के लिए प्रयास करने होंगे। बिजनेस में अच्छी समृद्धि होने की उम्मीद है। **लकी नंबर- 7 लकी कलर- गोल्डन**

**वृषभ** TAURUS (21 अप्रैल - 20 मई) छोटी-मोटी स्वास्थ्य समस्या आसानी से दूर हो जाएगी। धनलाभ होने से फाइनेंशियल कंडीशन अच्छी रहेगी। प्रोफेशनल फ्रंट पर सेलिब्रेट करने का मौका मिलेगा। **लकी नंबर- 8 लकी कलर- पर्पल**

**मिथुन** GEMINI (21 मई - 21 जून) एक्टिव लाइफस्टाइल से सभी बीमारियां दूर रहेगी। फाइनेंशियल कंडीशन पहले से बेहतर होती नजर आएगी। ऑफिस में कम प्रेशर के कारण रिलैक्स मूड में रहेंगे। **लकी नंबर- 4 लकी कलर- स्काई ब्लू**

**कर्क** CANCER (22 जून - 22 जुलाई) फिजिकल फिटनेस को प्राथमिकता देंगे। वित्तीय मामले में आत्मसंयम जरुरी है। घरेलू मामले में कुछ नया होने वाला है। विदेश यात्रा पर जाने की संभावना है। **लकी नंबर : 22 , लकी कलर : मैजेंटा**

**सिंह** LEO (23 जुलाई -23 अगस्त) सही खानपान से अच्छी शेप पाने में मदद मिलेगी। फाइनेंशियल सेक्टर से जुड़े लोगों को अच्छा प्रॉफिट होगा। घर पर दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ अच्छा समय बीतेगा। **लकी नंबर- 1 लकी कलर- मैरून**

**कन्या** VIRGO (24 अगस्त- 23 सितंबर) बदलते मौसम में हेल्थ का खास ध्यान रखें। लंबे समय से अटकी पेमेंट जल्द मिल सकती है। घर पर परिवार के साथ रहकर अच्छा फील करेंगे। दूसरे शहर तक लॉन्ग ड्राइव पर जा सकते हैं। घर के लिए अप्लाई करने वालों का भाग्य साथ देगा। **लकी नंबर- 6 लकी कलर- ग्रे**

**तुला** LIBRA (24 सितंबर- 23 अक्टूबर) खराब सेहत की वजह से कुछ काम अटक सकते हैं। अच्छी आमदनी होने पर नया वाहन खरीद सकते हैं। कार्यक्षेत्र पर लापरवाही के कारण गलतियां हो सकती हैं। पारिवारिक स्थिति को सावधानी से संभालें। **लकी नंबर- 8 लकी कलर- येलो**

**वृश्चिक** SCORPIO (24 अक्टूबर- 22 नवंबर) बीमार लोग दवाई लेने में लापरवाही ना बरतें। इनकम बढ़ने से पुराना लोन जल्दी चुका देंगे। डेडलाइन से पहले बड़ा प्रोजेक्ट पूरा हो सकता है। **लकी नंबर- 11 लकी कलर- व्हाइट**

**धनु** SAGITTARIUS (23 नवंबर - 21 दिसंबर) अधूरी नींद के कारण हेल्थ पर बुरा असर पड़ सकता है। कुछ बड़ा खरीदने के लिए लोन ले सकते हैं। अच्छे करियर के लिए नई स्किल्स पर काम करें। युवा फैमिली मेंबर की कामयाबी पर गर्व महसूस होगा। **लकी नंबर- 22 लकी कलर- पिंक**

**मकर** CAPRICORN (22 दिसंबर- 21 जनवरी) हेल्दी रहने के लिए सेल्फ कंट्रोल जरूरी है। आर्थिक लेनदेन में बड़ा मुनाफा हो सकता है। महिलाओं को जॉब और घर दोनों मैनेज करने होंगे। फैमिली मेंबर के लिए सरप्राइज पार्टी प्लान कर सकते हैं। **लकी नंबर- 7 लकी कलर- रेड**

**कुंभ** AQUARIUS (22 जनवरी- 19 फरवरी) फिटनेस फ्रंट पर काफी इंप्रूवमेंट नज़र आएगी। सही आर्थिक फैसलों के कारण धनलाभ होगा। अपने प्लान पर अमल करना शुरू कर सकते हैं। परिवार और दोस्तों के बीच लोकप्रियता बढ़ेगी। लंबी यात्रा के दौरान मौज-मस्ती करेंगे। **लकी नंबर- 4 लकी कलर- ब्राउन**

**मीन** PISCES (20 फरवरी - 20 मार्च) कोई करीबी आपसे फाइनेंशियल हेल्प मांग सकता है। मेहनत के साथ काम करने से आत्म-संतुष्टि मिलेगी। फैमिली के साथ मनोरंजक समय बीतेगा। किसी नई जगह यात्रा का प्लान बना सकते हैं। नया घर खरीदने के लिए सेविंग्स जरूरी है। **लकी नंबर- 8 लकी कलर- सैफ्रॉन**

# जल भराव व नालों की सफाई को लेकर एक्शन में आए एलजी

## उपराज्यपाल ने निजामुद्दीन के तीन बड़े नालों का निरीक्षण किया

**गाद व मलबे से भरे नालों को देखकर अधिकारियों को लगाई फटकार** | **15 दिनों के अंदर नालों की सफाई कराने के दिए निर्देश** | **जिलाधिकारी को फोटो के साथ रोज भेजनी पड़ेगी सफाई की रिपोर्ट**

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): राजेन्द्र नगर कोचिंग हादसे में तीन छात्रों की मौत के बाद से दिल्ली में जलभराव का मुद्दा राजनीतिक चर्चा का बड़ा मुद्दा बना हुआ है। इस मुद्दे पर एलजी व आप लगातार एक दूसरे पर हमलावर हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए एलजी ड्रेन की सफाई व जलभराव को लेकर को रोकने के लिए एक्शन मोड में आ गए हैं। इसी कड़ी में उन्होंने रविवार को निजामुद्दीन स्थित तीन बड़े नालों का निरीक्षण किया। राजनिवास के अधिकारियों ने बताया कि एलजी ने बारापूला, कुशक और सुनहरी नाले का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पाया कि तीनों नाले भारी गाद, कीचड़ और मलबे से भरे हुए थे। गाद व मलबे से भरे नालों की दयनीय स्थिति को देखकर एलजी ने आश्चर्य जताया और 15 दिनों के अंदर अधिकारियों को इन नालों की सफाई कराने का निर्देश दिया। उन्होंने इन नालों से संबंधित जिलाधिकारी को प्रतिदिन नालों की सफाई के फोटो के साथ रिपोर्ट भेजने का भी निर्देश दिया। अधिकारियों ने बताया कि बारापुला के नाले में लंबे समय से सफाई न होने से यह बुरी तरह कूड़े और गाद से भरा हुआ है। इसके कारण बरसात के समय में इसका पानी नहीं निकल पाता है। नाले से होकर निकलने वाला पानी गाद के कारण वापस निजामुद्दीन, लोधी रोड, जंगपुरा और सीजीओ कॉम्प्लेक्स की ओर चला जाता है, जिससे वहां लोगों को जलभराव का सामना करना पड़ता है। नालों की स्थिति और संबंधित एजेंसियों की ओर से दिखाई गई निष्क्रियता पर एलजी ने भारी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने बाढ़ को कम करने के उद्देश्य से पानी के सुचारू प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को तुरंत जाम नालियों से गाद निकालने और साफ करने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों को इन मुख्य नालों के किनारे से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया।



**सीसीटीवी से होगी नालों की निगरानी...** एलजी ने अधिकारियों को नालों पर बाड़ लगाने के निर्देश दिए ताकि नालों में कचरा और मलबा डालने से रोका जा सके। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से नालों की निगरानी की जाए और नालों में कचरा डालने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

# मुख्य सचिव ने मंत्री सौरभ भारद्वाज को नहीं दी डिसिल्ट नालों की सूची: आप





**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): निजामुद्दीन के तीन नालों में जमा भारी गाद व मलबे पर एलजी की नाराजगी को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) ने एलजी पर निशाना साधा है। एलजी द्वारा तीन ड्रेन के निरीक्षण पर प्रतिक्रिया देते हुए आप ने कहा कि शहरी विकास (यूडी) मंत्री बहुत समय से दिल्ली में ड्रेन की सफाई को लेकर मुख्य सचिव (सीएस) से जानकारी प्राप्त करने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन मुख्यसचिव ने उनके आदेशों को नजरअंदाज कर दिया। आप ने कहा कि अब जब मॉनसून लगभग खत्म हो गया है तो एलजी केवल दिखावा करने और राजनीति करने के लिए ड्रेन के निरीक्षण का काम कर रहे हैं। बेहतर होता कि एलजी मुख्य सचिव और पीडब्ल्यूडी सचिव के साथ अन्य अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई करते।

मुख्यसचिव को हाईकोर्ट ने यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी है कि राजधानी में कोई जलजमाव न हो। साथ ही सभी एजेंसियों द्वारा नालों से गाद निकालने की स्थिति के बारे में उचित ढंग से डीसिल्टिंग की जाएगी। हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव को आईडीएमसी (इंटीग्रेटेड ड्रेन मैनेजमेंट सेल) का अध्यक्ष यह सोचकर नियुक्त किया था कि सीएस डिसिल्टिंग की विभिन्न एजेंसियों के प्रयासों की निगरानी करेंगे और उसका सत्यापन भी करेंगे। इतना ही नहीं हाईकोर्ट ने थर्ड पार्टी ऑडिट के माध्यम से गाद निकालने के दावों की पुष्टि करने की जिम्मेदारी भी मुख्य सचिव को सौंपी लेकिन मुख्य सचिव ने इन निर्देशों को नजरअंदाज कर दिया। आप ने कहा कि सौरभ भारद्वाज द्वारा बार-बार मुख्य सचिव से डिसिल्ट किए गए नालों की सूची भेजने के लिए याद दिलाया गया।मुख्य सचिव ने आदर्श आचार संहिता लागू करने से लेकर यह दावा करने सहित कई बहाने बनाए थे। आप ने कहा कि दिल्ली सरकार ने सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध पर्याप्त वीडियो सबूत भी उपलब्ध कराए हैं जिनमें दिखाया गया है कि नालों से गाद निकालने में गंभीर भ्रष्टाचार के बारे में जानने के बावजूद भी मुख्य सचिव ने पीडब्ल्यूडी सचिव या गाद निकालने की प्रक्रिया में शामिल अन्य अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की।

**● अब मॉनसून खत्म होने पर ड्रेन का निरीक्षण करके एलजी कर रहे हैं राजनीतिः आप**

# अवंतिका: घर के अंदर दीवारों पर लिखे मिले पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे

## डीसीपी का दावा: पुलिस की ज्वाइंट टीमें आरोपी से कर रहीं पूछताछ....



**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): रोहिणी डिस्ट्रिक्ट के अवंतिका सी-ब्लॉक इलाके में रविवार दोपहर उस वक्त माहौल तनावपूर्ण बन गया जब एक घर की दीवारों पर पाकिस्तान जिंदाबाद और आपत्तिजनक बातें लिखी हुई मिलीं। इसका वीडियो भी अब सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। घर की दीवारों पर आरोपी युवक ने पाकिस्तान लॉन्ग लिव, पाकिस्तान जिंदाबाद और कत्लेआम की बातें लिखी हुई हैं। उधर, घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया गया। डीसीपी रोहिणी जीएस सिद्धू ने बताया कि अभी तक की जांच में पता चला है कि आरोपी मुस्लिम नहीं है। मामला संवेदनशील होने के चलते पुलिस की ज्वाइंट टीमें व अन्य सुरक्षा एजेंसियां आरोपी से पूछताछ कर रही हैं। आरोपी के कमरे में लगी आपत्तिजनक चीजें पुलिस ने सीज कर ली हैं। शुरुआती जांच में पता चला है कि आरोपी मानसिक रूप से ठीक नहीं है। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### शांति बनाए रखने की अपील

वरिष्ठ अधिकारियों ने आरोपी के घर के पास पुलिस को तैनाती बढ़ा दी है। दरअसल जब आसपास के लोगों को इसका पता चला तो लोगों की भीड़ आरोपी युवक की बिल्डिंग के बाहर जमा हो गई थी। आरोपी के कमरे का बनाया हुआ वीडियो भी इलाके में आग की तरह वायरल होने से भारी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए थे। ऐसे में कानूनी व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर पुलिस को तैनात किया गया। इसके अलावा पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी तरह के उकसावे में न आएं। फिलहाल विजय विहार थाना पुलिस मामले में कानूनी कार्रवाई कर रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक स्पेशल सेल, क्राइम ब्रांच, आईबी समेत अन्य सुरक्षा एजेंसियां आरोपी से पूछताछ कर रही हैं। उसके परिवार के सदस्यों से भी पूछताछ की जा रही है। अभी तक की जांच के आधार पर पुलिस का कहना है कि आरोपी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। जब घर में ऐसा लिखने पर स्थानीय लोगों ने विरोध किया था तो वह उनसे भी झगड़ा करने लगा था।


TATHASTU I

RC/REP/HARERA/GGM/876/408/2023/20 दिनांक 30.01.2023

सूचना

| S.No. | Customer ID | Applicant Name | S.No. | Customer ID | Applicant Name |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | [illegible] | [illegible] | 16 | [illegible] | [illegible] |
| 2 | [illegible] | [illegible] | 17 | [illegible] | [illegible] |
| 3 | [illegible] | [illegible] | 18 | [illegible] | [illegible] |
| 4 | [illegible] | [illegible] | 19 | [illegible] | [illegible] |
| 5 | [illegible] | [illegible] | 20 | [illegible] | [illegible] |
| 6 | [illegible] | [illegible] | 21 | [illegible] | [illegible] |
| 7 | [illegible] | [illegible] | 22 | [illegible] | [illegible] |
| 8 | [illegible] | [illegible] | 23 | [illegible] | [illegible] |
| 9 | [illegible] | [illegible] | 24 | [illegible] | [illegible] |
| 10 | [illegible] | [illegible] | 25 | [illegible] | [illegible] |
| 11 | [illegible] | [illegible] | 26 | [illegible] | [illegible] |
| 12 | [illegible] | [illegible] | 27 | [illegible] | [illegible] |
| 13 | [illegible] | [illegible] | 28 | [illegible] | [illegible] |
| 14 | [illegible] | [illegible] | 29 | [illegible] | [illegible] |
| 15 | [illegible] | [illegible] | 30 | [illegible] | [illegible] |

देसी कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड

+91 999 065 0650 | www.tathastu.co


## संक्षिप्त समाचार...

### होम्योपैथी शिविर में नि:शुल्क उपचार




**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली के नवीन शाहदरा में रविवार को निःशुल्क होम्योपैथी चिकित्सा शिविर 'आशा की किरण' का आयोजन किया गया। श्रीराम सत्संग भवन में आयोजित इस निःशुल्क होम्योपैथी चिकित्सा शिविर में 500 से अधिक बच्चों का उपचार किया गया। गौरतलब है की हर तीन महीने के अंतराल पर 'आशा की किरण' नामक शिविर का आयोजन किया जाता है, जिसके अंतर्गत सेरीब्रल पाल्सी, ऑटिज्म और मूक बधिर बच्चों का निशुल्क इलाज किया जाता है। इस शिविर में कुशल व अनुभवी चिकित्सकों की टीम सेरेब्रल पाल्सी, डाउन सिंड्रोम, ऑटिज्म, मानसिक कमजोरी और मूक बधिर आदि जन्मजात बीमारियों से पीड़ित बच्चों का होता है। डॉ. बी एस जौहरी कहते हैं कि प्रेग्नेंसी के दौरान पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों के कारण कई बार बच्चे का दिमागी विकास ठीक से नहीं हो पाता, जिसका दुष्प्रभाव उसके संपूर्ण शारीरिक विकास पर पड़ता है। लेकिन होम्योपैथी में कुछ हद तक इसका इलाज संभव है। डॉ. बी एस जौहरी के मुताबिक जरूरतमंदों के लिए ऐसे शिविर काफी लाभदायक रहे हैं।

### यूनिटी गेम्स के विजेताओं को मिला पुरस्कार



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : रविवार को के.ब्लॉक, कालीबाड़ी मार्ग नई दिल्ली में स्वतंत्रता सेनानी श्रीगोपाल गुप्ता फाउंडेशन एवं सर्विंग नाइसली फाउंडेशन द्वारा आयोजित नई दिल्ली यूनिटी गेम्स फेस्टिवल 2024 के अवसर पर विजेता एवं उपविजेता को पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर नई दिल्ली सांसद बांसुरी स्वराज मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थी। इस मौके पर पूर्व राज्यसभा सांसद जय प्रकाश निषाद, पूर्व दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता व आरडब्ल्यू पदाधिकारी एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इनके अलावा प्रशांत शर्मा, रवि जौहरी, जयदीप सहरावत आदि मौजूद थे।

### विष्णु गार्डन: 96वें गतका कप का आयोजन



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): खालसा पंथ के स्थापना दिवस के अवसर पर पश्चिमी दिल्ली स्थित विष्णु गार्डन में हर साल की तरह इस साल भी गतका प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम बुड्ढा दल दिल्ली और शिरोमणी गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया की तरफ से कराया गया। 96 वें गतका कप कार्यक्रम के दौरान दिल्ली प्रदेश भाजपा की तरफ से गुरमीत सिंह सूरा, रविंद्र सिंह सोनू, अमोलक सिंह, नागी, बलविंदर सिंह, प्रताप सिंह, जोगिंदर सिंह सहित काफी संख्या में विष्णु गार्डन की संगत मौजूद रहे। इस अवसर पर गुरमीत सिंह सूरा ने कहा कि प्रतियोगिता में जीतने वाली टीम को सम्मानित किया जाएगा। 600 साल पुराने इस खेल को राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा और मान्यता दिलाने के लिए नेशनल गतका एसोसिएशन ऑफ इंडिया का प्रयास सराहनीय है।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**कमीशनिंग कार्य हेतु निविदा सूचना**

ई–निविदा सूचना संख्याः 731-चांपा–नैला–अकलतरा–ऑटो-01 दिनांक : 26.07.2024.

**कार्य** : एसईसी रेलवे के बिलासपुर – झारसुगुडा खंड में चौथी लाइन हेतु यार्ड में इंजीनियरिंग अर्थवर्क के लिए एस एंड टी केबल्स क्लीयरेंस (होम से होम सिग्नल) और चांपा स्टेशन में नए वितरित इलेक्ट्रानिक इंटरलाकिंग का इंस्टालेशन / टेस्टिंग / कमिशनिंग का कार्य एवं चांपा – नैला – अकलतरा अनुभाग में ऑटो सिग्नलिंग का प्रावधान का कार्य करना है।

**निविदा मूल्य** : ₹ 18,28,02,215/– (रूपये अठ्ठारह करोड़ अठ्ठाइस लाख दो हजार दो सौ पंद्रह मात्र)। **अमानत राशि** : ₹ 10,64,000/– (रूपये दस लाख चौसठ हजार मात्र), **निविदा जमा करने की तिथि तथा समयः** 16.08.2024 के 11:00 बजे तक। विस्तृत जानकारी ई निविदा में पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता निर्माण बिलासपुर दपूम रेलवे के कार्यालय में संपर्क करें अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उससे देख सकते हैं।

उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजी.(निर्माण)
सीपीआर/10/एफएल/167 दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway | @secrail




# सभी फसलों की खरीदारी एमएसपी पर होगी : सीएम सैनी



● फिलहाल 14 फसलों की एमएसपी पर खरीदारी कर रही है सरकार

**कुरुक्षेत्र,** (पंजाब केसरी): हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को घोषणा की कि राज्य में सभी फसलों की खरीदारी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर की जायेगी। राज्य विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से प्रचार अभियान शुरू किये जाने पर मुख्यमंत्री ने नहर के पानी से सिंचाई का बकाया शुल्क (133 करोड़ रुपये) भी माफ किये जाने की घोषणा की।

यहां पार्टी की 'विजय शंखनाद' रैली को संबोधित करते हुए सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार राज्य में फिलहाल 14 फसलों की एमएसपी पर खरीदारी कर रही है। सैनी ने कहा, ''हरियाणा में हमारी सरकार सभी फसलों की खरीदारी अब एमएसपी पर करेगी। मैं आज इसकी घोषणा करता हूं।'' सैनी ने कहा कि राज्य सरकार ने 133 करोड़ रुपये का बकाया 'आबियाना' (सिंचाई के लिए नहर का पानी) शुल्क भी माफ कर दिया है। उन्होंने कहा कि इससे किसानों को प्रति वर्ष 54 करोड़ रुपये का लाभ होगा।

उन्होंने 2023 से पहले रोहतक, नूंह, फतेहाबाद और सिरसा में प्राकृतिक आपदा के कारण फसल क्षति का सामना करने वाले किसानों को एक सप्ताह के भीतर 137 करोड़ रुपये के लंबित मुआवजे का भुगतान करने की भी घोषणा की।

सैनी ने कहा कि यह राशि किसानों के खातों में डाली जाएगी। उन्होंने कहा कि अब किसानों को नए ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए देश में कहीं से भी 'थ्री-स्टार' मोटर खरीदने की अनुमति होगी। वर्तमान में राज्य में 'थ्री-स्टार' मोटर की केवल 10 कंपनियां पंजीकृत हैं।

उन्होंने कहा कि इससे 31 दिसंबर 2023 तक नए ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए आवेदन कर चुके किसानों को बड़ी राहत मिलेगी।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा बिजली ट्रांसफार्मर खराब होने पर किसान से ट्रांसफार्मर की कीमत भी नहीं ली जाएगी। उन्होंने कहा कि इन ट्रांसफार्मर को बिजली निगम अपने खर्चे पर बदलेगा। रैली में मौजूद अन्य लोगों में केंद्रीय मंत्रियों धर्मेंद्र प्रधान, मनोहर लाल खट्टर तथा कृष्ण पाल गुर्जर और पूर्व मंत्री किरण चौधरी भी शामिल थे।

# ट्राई ने दूरसंचार कंपनियों को सख्त मानदंड जारी किए

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): उद्योग निकाय सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) ने रविवार को कहा कि भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के सख्त प्रावधानों के साथ सेवा की गुणवत्ता के नए मानदंड दूरसंचार परिचालकों के सामने आने वाली रोल-आउट, अवैध ट्रांसमीटर जैसी चुनौतियों में ज्यादा बदलाव किए बिना आए हैं। ट्राई ने शुक्रवार को सेवा की गुणवत्ता के नए नियम जारी किए हैं, जिसके तहत दूरसंचार संचालकों के लिए जिला स्तर पर 24 घंटे से अधिक समय तक सेवा बाधित रहने की स्थिति में उपभोक्ताओं को मुआवजा देना अनिवार्य कर दिया गया है।

ट्राई ने नए नियमों के तहत प्रत्येक गुणवत्ता बेंचमार्क को पूरा करने में विफल रहने पर जुर्माने की राशि भी 50,000 से बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दी है। नियामक ने संशोधित नियमों -एक्सेस (वायरलाइन और वायरलेस) सेवा की गुणवत्ता के मानक और ब्रॉडबैंड सेवा विनियम, 2024 के तहत नियम उल्लंघन के विभिन्न पैमानों और झूठी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए एक लाख से 10 लाख रुपये की श्रेणीबद्ध जुर्माना प्रणाली शुरू की है।

## अर्थजगत

# खाद्य तेल समेत अन्य जिंसों में टिकाव; उड़द दाल सस्ती

**नई दिल्ली,** (एनएनएस): विदेशी बाजारों की गिरावट के दबाव में बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में उड़द दाल में 100 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर खाद्य तेल समेत अन्य सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अगस्त वायदा सप्ताहांत पर 35 रिंगिट गिरकर 4008 रिंगिट प्रति टन रह गया। इसी तरह अगस्त का अमेरिकी सोया तेल वायदा 2.02 सेंट की गिरावट के साथ 41.90 सेंट प्रति पौंड बोला गया। सप्ताहांत पर खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले कारोबारी सप्ताह के स्तर पर टिके रहे।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 13187 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19633 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12344 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 12160 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8833 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 11166 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

**दाल-दलहन :** बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में उड़द दाल में 100 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और अरहर दाल के भाव पिछले कारोबारी सप्ताह के स्तर पर पड़े रहे। सप्ताहांत पर चना 6600-6700, दाल चना 7600-7700, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 10300-10400, उड़द दाल 12400-12500, अरहर दाल 11400-11500 रुपये प्रति क्विंटल रही।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़ रहे। इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपये और चावल 2750-2850 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** बीते सप्ताह मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। साप्ताहांत पर चीनी एस 3590-3690, चीनी एम 4100-4200, मिल डिलीवरी 3470-3570 और गुड़ 4450-4550 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

## कल क्या होगा?



**मंगलवार** श्रावण सुदी द्वितीया गेहूं, जौ, जई, मक्की, बाजरा, ढैंचा, मूंग, मोठ, मटर, उड़द, राजमा चित्रा, शर्मिली, देशी चना, तुवर, मसूर, खांडसारी, लौंग, बड़ी इलायची, धनिया, अजवायन, हल्दी, कलौंजी, केसर, देशी घी, दूध पाउडर, इमली, जायफल, जावित्री, सौंफ, अमचूर, गुड़-चीनी, सोना-चांदी में लाभ तथा बारीक चावल, ग्वार, ग्वारगम, काबली चना, सोयाबीन, सरसों, सूरजमुखी सीड, बिनौला, एवं इसका तेल, रुई, जस्ता, टिन, बादाम, जीरा, लोहा-इस्पात में हानि की संभावना है। भाग्यांक 2-3-5-7 है। यात्रा विचार- दक्षिण दिशा की ओर 8.13 बजे प्रात: के बाद यात्रा शुभ होगी।






# रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर यथावत रखेगा रिजर्व बैंक



**मुंबई,** (पंजाब केसरी) भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) गुरुवार को प्रमुख नीतिगत दर रेपो को एक बार फिर 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रख सकता है। विशेषज्ञों ने यह अनुमान जताते हुए कहा है कि केंद्रीय बैंक दर में कटौती करने से पहले अधिक व्यापक आर्थिक आंकड़ों का इंतजार कर सकता है।अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने फिलहाल अपनी ब्याज दर पर यथास्थिति बनाए रखने का फैसला किया है और संकेत दिया है कि आने वाले महीनों में मौद्रिक नीति में ढील दी जा सकती है। विशेषज्ञों ने कहा कि महंगाई का दबाव बने रहने के बीच आरबीआई ब्याज दर पर अपना रुख बदलने से पहले अमेरिकी मौद्रिक नीति पर बारीकी से नजर रखेगा।

मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) भी दर में कटौती से परहेज कर सकती है, क्योंकि भले ही ब्याज दर 6.5 प्रतिशत (रेपो दर) तक बढ़ा दी गई हो, आर्थिक वृद्धि अच्छी है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास की अध्यक्षता वाली एमपीसी की बैठक 6-8 अगस्त के बीच होनी है। दास आठ अगस्त (बृहस्पतिवार) को दर निर्धारण समिति के फैसले की घोषणा करेंगे।

# किसानों की खुशहाली और समृद्धि हमारा ध्येय : विष्णुदेव



**रायपुर,** (आशीष शर्मा): छत्तीसगढ़ के पारंपरिक हरेली तिहार के मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने निवास में सपरिवार पूजा अर्चना की। वहीं राज्य में बेहतर फसल उत्पादन के साथ-साथ राज्य की सुख समृद्धि की कामना भी की। इस दौरान मुख्यमंत्री निवास में छत्तीसगढ़ी संस्कृति की छटा भी देखने को मिली।

मुख्यमंत्री ने अपने निवास में परिजनों के साथ विधिवत रूप से तुलसी माता, नांगर, कृषि उपकरणों समेत गेड़ी की पूजा कर अच्छी फसल की कामना की। इस दौरान राज्य की परंपराएं एक बार फिर जीवंत नजर आई। मुख्यमंत्री ने इस दौरान संबोधित करते हुए कहा कि हरेली का त्यौहार किसानों का त्यौहार है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य बनाया। अब नरेंद्र मोदी की सरकार सँवार रही है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह का जिक्र करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में 15 साल तक और वर्तमान में 7 महीने की सरकार में हमने किसानों की चिंता की है। किसानों म को आगे बढ़ाने के लिए काम किए हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ के लोगों को शुभकामना देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़वासियों की खुशहाली और सुख समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री निवास में छत्तीसगढ़ी लोक कलाकारों ने भी अपनी छटा बिखेरी। मुख्यमंत्री ने उनका उत्साह भी बढ़ाया।

# आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल निफ्टी मेटल ईटीएफ लॉन्च करने की घोषणा की

मुंबई, (पंजाब केसरी): आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड ने आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल निफ्टी मेटल ईटीएफ लॉन्च करने की घोषणा की है। उत्पाद के लॉन्च पर बोलते हुए आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी में निवेश रणनीति के प्रिंसिपल चिंतन हरिया ने कहा-आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल निफ्टी मेटल ईटीएफ को निवेशकों को उन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक तक पहुंच प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है जो औद्योगिक विकास की रीढ़ हैं। निफ्टी मेटल इंडेक्स को धातु क्षेत्र (खनन सहित) के व्यवहार और प्रदर्शन को प्रतिबिंबित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। निफ्टी मेटल इंडेक्स में अधिकतम 15 स्टॉक शामिल हैं जो नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध हैं।

# विदेश पर्यटन पर खर्च सालाना 11 प्रतिशत बढ़कर 55 अरब डॉलर होने का अनुमान

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) भारत से विदेश जाने वाले पर्यटन पर खर्च 2024 के 18.82 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2034 में 55.39 अरब डॉलर होने का अनुमान है। नांगिया एनएक्सटी और फिक्की की संयुक्त रिपोर्ट 'नेविगेटिंग होराइजन्स' में कहा गया कि 'पैकेज्ड टूर' अब भी भारत के विदेशी पर्यटन पर हावी हैं। इसके मुताबिक, 2024 में इसकी हिस्सेदारी 39.20 प्रतिशत होगी। पर्यटक अधिक सुविधा और अनुकूलन के कारण पूर्व नियोजित टूर पैकेज को प्राथमिकता देते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय या शाकाहारी भोजन के विकल्पों की उपलब्धता के साथ ही विशिष्ट पर्यटन के बारे में जागरूकता के चलते आने वाले वर्षों में भारत से विदेश जाने वाले पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी होगी।

इसके अलावा खर्च योग्य आय में बढ़ोतरी, बढ़ते मध्यम वर्ग, वीजा पाने में आसानी और अंतरराष्ट्रीय अनुभवों की इच्छा के चलते बाजार में मजबूत वृद्धि देखी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मिस्र, अजरबैजान और जॉर्जिया जैसे देश अधिक से अधिक भारतीयों को विदेश जाने के लिए आकर्षित कर रहे हैं।

# बिल्डर कंपनी से डेढ़ करोड़ की ठगी

**नोएडा,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली की एक बिल्डर कंपनी से 1.57 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी कर ली गई। कंपनी के अधिकृत प्रतिनिधि ने कोर्ट के आदेश पर सेक्टर-24 थाने में 12 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

रोहित सेजवाल ने कोर्ट को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह मेसर्स 44 नोएडा इंफ्राटेक (फाइव) प्राइवेट लिमिटेड के अधिकृत प्रतिनिधि हैं। वर्ष 2015 में सदरपुर गांव निवासी सतीश कुमार ने उनकी कंपनी के निदेशकों को बताया कि सेक्टर-44 स्थित गांव में सात बीघा रेड लाइन की जमीन है। सतीश ने जमीन के मालिकाना हक के दस्तावेज भी दिखाए। इसके बाद सुमित्रा देवी, रविंद्र कुमार और वीरेंद्र कुमार ने 1390 वर्ग मीटर जमीन का बैनामा 1.57 करोड़ रुपये में कर दिया। इसके बाद रोशनी देवी, मिंटू कुमार, मुकेश कुमार और अमित कुमार ने 463 वर्ग मीटर जमीन 21 लाख रुपये में बेच दी। इसी तरह प्रमोद और जितेंद्र ने 926.96 वर्ग मीटर जमीन 43 लाख रुपये में बेच दी। शिकायतकर्ता का दावा है कि तभी से जमीन पर उनकी कंपनी का कब्जा है।

आरोप है कि इन लोगों ने गिरोह बनाकर धोखाधड़ी और बेईमानी के तहत फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कंपनी को जमीन बेच दी। अब 4 जुलाई 2024 को हथियारों से लैस नामजद आरोपी अज्ञात लोगों के साथ आए और कंपनी की जमीन पर तोड़फोड़ की। साथ ही अवैध कब्जा करने की कोशिश की।


## पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति (फोटो में दर्शाया गया) जिसका नाम **नामालूम,** परिवार व पता **नामालूम, उम्रः** लगभग 55 वर्ष, **जो दिनांक 28.07.2024 को डिवाईडर आसफ अली रोड, पीएनबी बैंक के सामने, दरियागंज, दिल्ली में मृत अवस्था में पाया गया।** इस संदर्भ में एक **डीडी नं. 53ए दिनांक 28.07.2024** को थाना **दरियागंज, दिल्ली** में दर्ज है। मृत शरीर को पहचान के लिए एमएएमसी, दिल्ली के मुर्दाघर में 72 घंटे के लिए संरक्षित रखा गया है।

जिसका हुलिया नीचे दिया गया है:–

**लिंगः** पुरुष, **आयुः** लगभग 55 वर्ष, **कदः** 5' 6'' फीट, **रंगः** सांवला, **कद–काठीः** पतला, **चेहराः** लम्बोतरा, **पहनावाः** शरीर पर कोई कपड़ा नहीं, केवल कम्बल में लिपटा हुआ था।

मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग रखने वाला कोई भी व्यक्ति निम्नलिखित पते या टेलीफोन नंबर पर सूचित करें:–

**थाना प्रभारी**
**थानाः दरियागंज, दिल्ली**
**फोनः 011–23274682, 23279331**
**मोबाइलः 8750870421**

**वेबसाइटः http://cbi.nic.in**
**ई–मेलः cic@cbi.gov.in**
**टेली. नं.: 011-24368638/24368641**
**फैक्स नं.: 011-24368639**

**DP/10296/CD/2024**


# गैस उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि पर पीएम मोदी ने दी देशवासियों को बधाई

**साल 2026 तक यह 45.3 बीसीएम तक पहुंच जाएगा**

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गैस उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि के लिए देशवासियों को बधाई दी है। पेट्रोलियम और नेचुरल गैस केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आंकड़ों के साथ भारत के गैस उत्पादन में रिकॉर्ड वृद्धि की जानकारी दी।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर हरदीप सिंह पुरी ने पोस्ट करते हुए जानकारी दी कि साल 2020-21 में भारत का गैस उत्पादन 28.7 बीसीएम था। यह उत्पादन साल 2023-24 में बढ़कर 36.43 बीसीएम हो गया है। साल 2026 तक यह 45.3 बीसीएम तक पहुंच जाएगा।

हरदीप सिंह पुरी ने पोस्ट में लिखा, आंकड़े प्रमाण हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत एक नई ऊर्जा, नई उमंग व नए संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में देश ने गैस उत्पादन के क्षेत्र में एक नया रिकॉर्ड बनाते हुए आत्मनिर्भरता की गति को और तेजी दी है।

इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'एक्स' पर देशवासियों को बधाई देते हुए पोस्ट किया, देशवासियों को इस उपलब्धि के लिए बहुत-बहुत बधाई!

विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में ऊर्जा के क्षेत्र में हमारी आत्मनिर्भरता बहुत महत्वपूर्ण है।

# तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल के जेल मंत्री अखिल गिरि को इस्तीफा देने को कहा

**कोलकाता,** (पंजाब केसरी): तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल के जेल मंत्री अखिल गिरि को इस्तीफा देने और राज्य के वन विभाग की एक महिला अधिकारी से माफी मांगने के लिए रविवार को कहा। राज्य में सत्तारूढ़ दल ने एक वीडियो क्लिप के सामने आने पर विवाद पैदा होने के बाद यह निर्देश दिया। वीडियो में गिरि को महिला अधिकारी को धमकी देते और अपशब्द कहते हुए देखा जा सकता है।

पूर्व मेदिनीपुर जिले के कांठी में संवाददाताओं से बात करते हुए गिरि ने कहा कि वह इस्तीफा दे देंगे, लेकिन माफी नहीं मांगेंगे। गिरि रामनगर से विधायक हैं। उन्हें वीडियो में वन रेंजर मनीषा साहू को धमकाते हुए देखा जा सकता है।


अब दानियों के अनुरोध पर 'एक मिशन एक सेवा' का प्रकाशन प्रतिदिन किया जा रहा है ताकि दानदाता अपने प्रियजनों के जन्मदिन, पुण्यतिथि, वैवाहिक वर्षगांठ या किसी खास मौके की तिथि विशेष पर अपनी इच्छानुसार दान राशि प्रकाशित करा सकें।

## एक मिशन एक सेवा

बुढ़ापा जीवन का अटल सत्य है। गरीबी, बीमारियां, तथा अपनों का मुंह फेर लेना, इसे अभिशाप बना देते हैं। आईये! ऐसे बुजुर्गों का सहारा बनें। सुखी-सम्पन्न लोगों के सहयोग से इनका अकेलापन, दुःख दूर किये जा सकते हैं। ताकि भावी पीढ़ी इनसे प्रेरणा ले सके।



**डॉ. प्रवीण शर्मा ( चेयरमैन, बी. वी. एम. स्कूल नजफगढ़ ) ने अपनी पूज्यनीय माता श्रीमती बिमला शर्मा के 68वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में बुजुर्गों की सहायता के लिए वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब को 12000रु का सहयोग दिया।**

## दानियों के लिए विशेष सूचना

वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब के लिए दान देने वाले सज्जन अब देशभर में **पंजाब नैशनल बैंक** की किसी भी शाखा में जाकर सहायता राशि जमा करवा सकते हैं, इसके लिए ध्यान रखें कि उक्त राशि **वृद्ध केसरी, रोमेश चंद्र ट्रस्ट के अकाउंट नंबर** 3075002102006705 में देय होनी चाहिए।

हमारा अनुरोध है कि सहायता राशि जमा करवाने के बाद हमें सूचित जरूर करें, ताकि रसीद भेजी जा सके। यह राशि आयकर छूट प्राप्त है। **जो सज्जन पंजाब नैशनल बैंक की किसी शाखा में नकद राशि जमा कराएं, वे बैंक की रसीद हमें कोरियर करा दें, ताकि आपको हम रसीद भेज सकें। सभी दानकर्ताओं से अनुरोध है कि दान भेजते समय पूरा पता, टेलीफोन नंबर और पैन कार्ड नंबर भी साथ में लिखें।**

दिल्ली के बाहर के दानकर्ता 500/– रुपए से कम की दानराशि कृपया ड्राफ्ट या मनीआर्डर से ही भेजें

कृपया अपना ड्राफ्ट या चैक **वृद्ध केसरी रोमेश चंद्र ट्रस्ट**, के नाम बना कर हमें भेजें। सभी दानी सज्जनों के नाम प्रति दिन प्रकाशित किए जाएंगे। लेकिन फोटो 5100/– या इससे अधिक की दान राशि देने वाले सज्जनों के प्रकाशित किए जाएंगे। दान के लिए पंजाब केसरी कार्यालय में प्रात: 10 से 5.30 बजे तक सम्पर्क करें।

***यह राशि आयकर कानून की धारा 80-जी के अन्तर्गत करमुक्त है!**

**पता :–** वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब
2, प्रिंटिंग प्रेस काम्प्लेक्स, नियर वजीरपुर डिपो, दिल्ली–35

**दान के लिए कृपया 01130712376, 09871598497, 9810107375 पर संपर्क करें। यदि कोई सज्जन या संस्था हमारे नाम से पैसा इकट्ठा करे तो इसका जिम्मेदार वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब नहीं होगा।**


# लाभ बढ़ाने का लक्ष्य रखें सरकारी बीमा कंपनियां

**नई दिल्ली,** (भाषा): वित्त मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र की साधारण बीमा कम्पनियों से कहा है कि वे सिर्फ आय बढ़ाने पर ध्यान न दें, बल्कि लाभ में सुधार लाने का लक्ष्य भी रखें। सरकार ने हाल ही में सार्वजनिक क्षेत्र की तीन साधारण बीमा कंपनियों- नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड और यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी में किस्तों में 7,250 करोड़ रुपये डाले हैं। वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने कहा-हम सरकारी साधारण बीमा कंपनियों के प्रदर्शन पर नजर रख रहे हैं और इससे उनमें सुधार आना शुरू हो गया है।

# नोएडा : पुलिस मुठभेड़ में दो गिरफ्तार, एक फरार

**नोएडा,** (पंजाब केसरी): थाना फेज-1 क्षेत्र के सेक्टर-15ए में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जबकि एक बदमाश को कांबिंग के दौरान पकड़ा गया है। इसके अलावा एक बदमाश मौके से फरार होने में कामयाब रहा।

नोएडा जोन एडीसीपी मनीष कुमार मिश्रा ने बताया कि थाना फेज-1 पुलिस गोल चक्कर से दिल्ली जाने वाले रास्ते पर सेक्टर 15ए के पीछे स्थित गंदे नाले की पटरी के कट पर चेकिंग कर रही थी, तभी एक बाइक पर 03 व्यक्ति आते दिखाई दिए, पुलिस ने जब उन्हें चेकिंग के लिए रोका तो वे भागने लगे, बदमाश सेक्टर 15ए के पीछे से सेक्टर 16 की ओर जाने वाले गंदे नाले की पटरी पर तेजी से भागने लगे, फिर करीब 100 मीटर जाने पर बाइक फिसलकर गिर गई। बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से अवैध पिस्टल से फायरिंग शुरू कर दी। गिरफ्तार बदमाश की पहचान शाहरुख निवासी त्रिलोक पुरी दिल्ली व सरफराज के रूप में हुई है, इनके कब्जे से .315 बोर का तमंचा, 3 सोने की चेन आदि बरामद हुए हैं। बदमाशों पर लूट और चोरी के एक दर्जन मामले दर्ज हैं।


दिल्ली सरकार
आप की सरकार

दिल्ली सरकार
आप की सरकार

## कृपया ध्यान दें।


**सरिता विहार फ्लाईओवर पर लोक निर्माण विभाग द्वारा मरम्मत कार्य किया जाना है**



**आश्रम से बदरपुर (आधा कैरिजवे) दिनांक 29.07.2024. से 12.08.2024 बंद रहेगा।**

**यात्रियों को असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की सलाह दी जाती है।**

**रूट डायवर्जन प्लान (फेज-1)**




SARITA VIHAR FLYOVER

DIP/Shabdarth/classified/0151/24-25


# विद्युत की शेडयूलिंग से हिमाचल को होगी 200 करोड़ की आय



**शिमला,** (विक्रान्त सूद): हिमाचल प्रदेश को विद्युत की शेडयूलिंग (निधारण) और बेहतर लेखा प्रबंधन से प्रतिवर्ष लगभग 200 करोड़ रुपये की आय होगी। केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (सी.ई.आर.सी.) ने विद्युत उत्पादन केंद्रों के बस बार से मुफ्त विद्युत की शेडयूलिंग और लेखा प्रबंधन को व्यवस्थित करने के लिए एक नई प्रक्रिया को स्वीकृति प्रदान की है। यह प्रक्रिया हिमाचल के लिए 9 अगस्त से लागू हो जाएगी।

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा की नई प्रक्रिया के लागू होने के उपरांत प्रदेश को सेंटर सेक्टर की विद्युत परियोजनाओं से अपनी अधिकारिक मुफ्त बिजली के हिस्से को सीधे उत्पादन केंद्र से बस बार आधार पर बेचने का अधिकार प्राप्त होगा, जिससे विद्युत की सटीक शेडयूलिंग और लेखांकन हो पाएगा। सीधे उत्पादन केंद्र से अपने हिस्से की बिजली बेचने से ट्रांसमिशन शुल्क की बचत होगी और अन्य कई तरह के नुकसान भी न्यूनतम होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्युत उत्पादन केंद्रों के बस बार से मुफ्त विद्युत की शेडयूलिंग और लेखा प्रबंधन से विद्युत का कुशल प्रबंधन सुनिश्चित होगा। विद्युत परियोजना के कार्यशील होने के उपरांत ट्रांसमिशन शुल्क की अदायगी की जाती है। हिमाचल में अनेक परियोजनाएं दशकों से कार्यशील हैं। इस प्रक्रिया के लागू होने से राजस्व बचत भी होगी।

ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्
भगवान इस जग के कण-कण में विद्यमान हैं।



संस्थापक: शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी, अमर शहीद रमेश चन्द्र जी एवं कलम के योद्धा अश्विनी कुमार जी

# सुप्रीम कोर्ट की लोक अदालत

**भारत** के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी.वाई. चन्द्रचूड़ ने न्यायप्रणाली के भीतर लोक अदालतों की भूमिका को महत्वपूर्ण मानते हुए इसे आम आदमी के दरवाजे तक न्याय पहुंचाने की प्रणाली बताया है। उनके इस कथन से यह भी स्पष्ट होता है कि भारत की न्याय व्यवस्था में लोक अदालतों के माध्यम से सामान्य नागरिक को जल्दी न्याय दिया जा सकता है। इसकी वजह यह है कि बीते वर्ष 2023 में लोक अदालतों के माध्यम से आठ करोड़ से भी अधिक मुकदमे निपटाये गये। लोक अदालतों का आयोजन 'राष्ट्रीय विधि सेवा प्राधिकरण' करता है। न्यायमूर्ति चन्द्रचूड़ का यह कहना कि 'लोग इतना त्रस्त हो जाते हैं कोर्ट के मामलों से कि वे कोई भी निपटारा चाहते हैं'। इसका कारण यह है कि अदालतों में मुकदमे लम्बे खिंचते रहते हैं जिसकी वजह से यह प्रक्रिया ही एक सजा लगने लगती है। श्री चन्द्रचूड़ के ये विचार बताते हैं कि उन्हें भारत की जमीनी हकीकत की पहचान है। जब राष्ट्रपति पद पर भारत रत्न स्व. प्रणव मुखर्जी आशीन थे तो सर्वोच्च न्यायालय से सम्बन्धित एक समारोह में उन्होंने आह्वान किया था कि गरीब नागरिकों को सस्ता न्याय सुलभ कराने के बारे में गंभीरतापूर्वक विचार किया जाना चाहिए क्योंकि संविधान के 136वें अनुच्छेद में इसकी व्यवस्था है। इसका जिक्र श्री चन्द्रचूड़ ने भी किया और कहा कि भारत की गरीबी को देखते हुए हमारे संविधान निर्माताओं ने संविधान की रचना एक सेवा अभियान (मिशन) के तौर पर की थी। यह अभियान वर्तमान समय में भी क्रियाशील रहना चाहिए और सर्वोच्च न्यायालय के वकीलों को गरीब आदमी को भी न्याय दिलाने के लिए कार्यरत रहना चाहिए।

> **भारत के गांवों में अब भी यह कहावत प्रचिलित है कि दीवानी का मुकदमा आदमी को 'दिवाना'' बना देता है। जहां तक फौजदारी के मुकदमों का सवाल है तो इसके लिए सत्र न्यायालय सेशंस कोर्ट होते हैं जिन्हें अपने कम से कम सत्रों में मुकदमा निपटा देना चाहिए। सत्र न्यायालयों की अवधारणा के पीछे यही उद्देश्य था। इसी वजह से इसका नाम सत्र न्यायालय रखा गया था। मगर इनमें भी मुकदमे लम्बे खिंचते रहते हैं। जहां तक लोक अदालतों का प्रश्न है तो इनमें मुकदमों का निपटारा बहुत जल्दी होता है और प्राय: वादी व प्रतिवादी दोनों सन्तुष्ट भी रहते हैं।**

भारत के गांवों में अब भी यह कहावत प्रचिलित है कि दीवानी का मुकदमा आदमी को 'दिवाना' बना देता है। जहां तक फौजदारी के मुकदमों का सवाल है तो इसके लिए सत्र न्यायालय सेशंस कोर्ट होते हैं जिन्हें अपने कम से कम सत्रों में मुकदमा निपटा देना चाहिए। सत्र न्यायालयों की अवधारणा के पीछे यही उद्द्देश्य था। इसी वजह से इसका नाम सत्र न्यायालय रखा गया था। मगर इनमें भी मुकदमे लम्बे खिंचते रहते हैं। जहां तक लोक अदालतों का प्रश्न है तो इनमें मुकदमों का निपटारा बहुत जल्दी होता है और प्राय: वादी व प्रतिवादी दोनों सन्तुष्ट भी रहते हैं। इनके फैसलों को बाद में किसी अदालत में चुनौती भी नहीं दी जा सकती है। सर्वोच्च न्यायालय भी अपनी लोक अदालत एक सप्ताह तक चलायेगा। श्री चन्द्रचूड़ के अनुसार पहले केवल सात पीठ बना कर ही लोक अदालतें लगाने का विचार था मगर मुकदमों की संख्या को देखते हुए इन्हें बढ़ाकर 13 किया गया। यदि हम गंभीरता के साथ देखें तो लोक अदालतों की अवधारणा के पीछे 'पंच परमेश्वर' की भावना काम करती है।

भारत में ग्राम स्तर पर न्याय देने की जो प्रणाली थी लोक अदालत उसी का वृहद स्वरूप है। हमारे संविधान में बाबा साहेब अनुच्छेद 136 में साफ लिख कर गये हैं कि गरीब आदमी को भी अपने हकों के लिए सीधे सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने का अधिकार है मगर इसे मूर्त रूप देने के लिए वकील कम ही आगे आते हैं लेकिन सवाल अदालतों की लम्बी कार्यवाही का भी है। खासकर निचली अदालतों में जिस प्रकार मुकदमें सालों-साल लटकते रहते हैं उससे आम आदमी की न्याय पाने की भूख ही मिट तक जाती है और वह सब कुछ भगवान भरोसे छोड़ देता है। आजाद भारत में इस तरफ राजनीतिज्ञों का ध्यान 60 के दशक में जाना शुरू हुआ था। इस तरफ सबसे पहले ध्यान स्व. चौधरी चरण सिंह का गया था। इसका कारण यह भी हो सकता है कि वह स्वयं वकील भी थे और गांवों की हालत उन्होंने अच्छी तरह देखी थी। 1969 में जब उन्होंने कांग्रेस से अलग होकर अपनी पृथक पार्टी भारतीय क्रान्ति दल बनाई तो उसके घोषणा पत्र में लिखा कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आई तो निचली अदालतों के काम करने के बारे में आवश्यक संशोधन किये जायेंगे। जाहिर तौर पर ये सुधार जजों को छोड़ कर दफ्तरी कामकाज के बारे में ही थे जहां सर्वाधिक भ्रष्टाचार उस समय भी होता था और आज भी होता है। अत: सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अपनी लोक अदालतों की पीठें स्थापित करना बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। क्योंकि इससे सामान्य नागरिक में न्याय प्रणाली के प्रति और अधिक विश्वास पैदा होगा और उसे लगेगा कि सुप्रीम कोर्ट में जाने का हक केवल अमीर लोगों को ही नहीं है। देश की सबसे बड़ी अदालत उनकी आवाज भी सुनेगी। श्री चन्द्रचूड़ इस मामले में बहुत आशावादी हैं और लोक अदालत के गठन को सांस्थनिक बदलाव में स्थापित करना चाहते हैं। यदि हम भारत में लम्बित मुकदमों की संख्या को देखें तो वह करोड़ों में जाकर होगी। सुप्रीम कोर्ट के पास ही यह संख्या कम नहीं है। श्री चन्द्रचूड़ ने अपनी बात जिस बेबाकी से की है उसका मन्तव्य भी यही है कि न्याय पर इस देश के हर नागरिक का एक समान अधिकार है। इसलिए लम्बी न्यायिक प्रक्रिया सजा के तौर पर नहीं दिखनी चाहिए। लोक अदालतें इस प्रक्रिया को न केवल छोटी करती हैं बल्कि तुरन्त न्याय भी प्रदान करती हैं।

**आदित्य नारायण चोपड़ा**
Adityachopra@punjabkesari.com

## जिस देश में आधे बच्चे कूड़ेदान से...

रोज कहर के बादल फट रहे हैं गरीबों की झोपड़ियों पर,
संसद कोई बहस नहीं चाहती है रोज तहस-नहस होती जिदंगियों पर,
वे देश को 5वीं अर्थव्यवस्था बनाने का सपना बांट रहे हैं,
जिस देश में आधे बच्चे कूड़ेदान से रोटी के टुकड़े छांट रहे हैं...!!


गीता पाढा

## 30 साल पुराना कथित फर्जी मुठभेड़ मामला मुआवजे के भुगतान के बाद बंद

**गुवाहाटी,** (भाषा): असम में कथित फर्जी मुठभेड़ में पांच युवकों के मारे जाने की घटना में अदालत के निर्देश पर उनके परिवार के सदस्यों को 20-20 लाख रुपये मुआवजे के तौर पर दिए जाने के बाद 30 साल तक जारी रही कानूनी लड़ाई का अंत हो गया। इस मामले में एक मेजर जनरल और दो कर्नल सहित सात आरोपी सैन्यकर्मी किसी भी प्रकार की सजा से बच गए। हालांकि, प्रारंभिक तौर पर एक सैन्य अदालत ने और सीबीआई की जांच में पाया गया था कि वे कथित अपराध में शामिल थे। बाद में कोर्ट मार्शल अधिकारियों द्वारा घोषणा की गई कि सेना के जवान 'दोषी नहीं हैं।'

उग्रवादी समूह उल्फा ने फरवरी 1994 में चाय बागान के एक प्रबंधक की हत्या कर दी थी, जिसके बाद 18वीं पंजाब रेजिमेंट के सैन्य कर्मियों की एक टीम ने 5 लोगों को पकड़ा था। इसके बाद पांचों युवकों के शव स्थानीय पुलिस को सौंप दिए गए थे और सेना ने दावा किया था कि ये लोग 'मुठभेड़' में मारे गए।

# 18 करोड़ में बिकी थी एक 'पेंटिंग'


डा. चन्द्र त्रिखा
chandertrikha@gmail.com

**अमृता** शेरगिल सिर्फ 28 वर्ष तक इस नश्वर संसार में रही। मगर इतनी सीमित सांसों की यात्रा के मध्य उसने जो पेंटिंग्स बनाईं वे आज भी दिल्ली के राष्ट्रीय कला संग्रहालय में मौजूद हैं। लाहौर के संग्रहालय में इसी के नाम पर एक गैलरी है। उसमें सिर्फ अमृता की पेंटिंग्स व कुछेक पेंटिंग्स की अनुकृतियां लगी हैं। अमृता शेरगिल कितनी बड़ी कलाकार थीं इसका अनुमान वर्ष 2006 में दिल्ली में हुई उसकी एक 'पेंटिंग्स' की राशि से लगाया जा सकता है। 'विलेज-सीन' नाम की यह पेंटिंग्स-6.9 करोड़ में बिकी है।

लुटियन दिल्ली में उसके नाम पर एक सड़क मार्ग है और बुडापेस्ट (हंगरी) में भारतीय सांस्कृतिक केंद्र का नाम 'अमृता शेरगिल सांस्कृतिक केंद्र रखा गया है। अमृता शेरगिल (30 जनवरी 1913, 5 दिसंबर 1941) का जन्म बुडापेस्ट (हंगरी) में हुआ था। कला, संगीत व अभिनय बचपन से ही उनके साथी बन गए। 20वीं सदी की इस प्रतिभावान कलाकार को भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण ने 1973 और 1979 में भारत के नौ सर्वश्रेष्ठ कलाकारों में शामिल किया है। सिख पिता उमराव सिंह शेरगिल (संस्कृत-फारसी के विद्वान व नौकरशाह) और हंगरी मूल की यहूदी ओपेरा गायिका मां मेरी एंटोनी गोट्समन की यह संतान 8 वर्ष की आयु में पियानो, वायलिन बजाने के साथ-साथ कैनवस पर भी हाथ आजमाने लगी थी।

1921 में अमृता का परिवार समर हिल शिमला में आ बसा। बाद में अमृता की मां उन्हें लेकर इटली चली गई व फ्लोरेंस के सांता अनुंजिय़ाता, आर्ट स्कूल में उनका दाखिला करा दिया। पहले उन्होंने ग्रैंड चाऊमीअर में पीअरे वेलण्ट के और इकोल डेस बीउक्स-आर्ट्स में ल्यूसियन सायमन के मार्गदर्शन में अभ्यास किया। सन् 1934 के अंत में वह भारत लौटी। 22 साल से भी कम उम्र में वह तकनीकी तौर पर चित्रकार बन चुकी थी और असामान्य प्रतिभाशाली कलाकार के लिए आवश्यक सारे गुण उनमें आ चुके थे। पूरी तरह भारतीय न होने के बावजूद वह भारतीय संस्कृति को जानने के लिए बड़ी उत्सुक थी। उनकी प्रारंभिक कलाकृतियों में पेरिस के कुछ कलाकारों का पाश्चात्य प्रभाव साफ झलकता है। जल्दी ही वे भारत लौटीं और अपनी मृत्यु तक भारतीय कला परंपरा की पुन: खोज में जुटी रहीं। उन्हें मुगल व पहाड़ी कला सहित अजंता की विश्वविख्यात कला ने भी प्रेरित-प्रभावित किया। भले ही उनकी शिक्षा पेरिस में हुई, पर अंतत: उनकी तूलिका भारतीय रंग में ही रंगी गई। उनमें छिपी भारतीयता का जीवंत रंग हैं उनके चित्र।

अमृता ने अपने हंगेरियन चचेरे भाई से 1938 में विवाह किया, फिर वे अपने पुश्तैनी घर गोरखपुर में आ बसीं। 1941 में अमृता अपने पति के साथ लाहौर चली गई, वहां उनकी पहली बड़ी एकल प्रदर्शनी होनी थी, किंतु एकाएक वह गंभीर रूप से बीमार पड़ीं और मात्र 28 वर्ष की आयु में शून्य में विलीन हो गई।

यूनेस्को ने 2013 में शेरगिल के जन्म की 100वीं वर्षगांठ पर अमृता शेर-गिल अंतर्राष्ट्रीय वर्ष घोषित किया था। अमृता चौधरी के समकालीन भारतीय उपन्यास फेकिंग इट में शेरगिल का कार्य एक प्रमुख विषय है। सलमान रुश्दी के 1995 के उपन्यास 'द मूर्स लास्ट साय' का एक पात्र औरोरा ज़ोगिबी, शेरगिल से प्रेरित था। शेरगिल को कभी-कभी भारत के फ्रिडा काहलो के रूप में जाना जाता था क्योंकि उन्होंने क्रांतिकारी रूप से पश्चिमी और पारंपरिक कला रूपों का मिश्रण किया था।

2018 में 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' ने उनके लिए एक बेल्टेड ऑबिट्यूज़ प्रकाशित किया था। 2018 में मुंबई में एक सोथबी की नीलामी में अमृता शेरगिल की पेंटिंग 'द लिटिल गर्ल इन ब्लू' को रिकॉर्ड तोड़ 18.69 करोड़ में नीलाम किया गया। यह पेंटिंग शिमला की रहने वाली अमृता के चचेरे भाई बबित का चित्र है और 1934 में चित्रित किया गया था जब वह केवल 8 वर्ष का था। श्री नेहरू एक विशेष विषय पर अमृता शेरगिल को बातचीत के लिए 15 मिनट का समय देने को तैयार हो गए और उसके बाद यह प्रसंग नई दिशा की ओर ऐसा मुड़ा कि उसका कोई और छोर पकड़ में नहीं आ पाया। यह स्वाधीनता प्राप्ति से पहले का प्रसंग है।





इसी मध्य जब नई दिल्ली में कुछ मार्गों के नामकरण की बात चली तो एक मार्ग का नाम प्रख्यात चित्रकार अमृता शेरगिल के नाम पर रखे जाने का प्रस्ताव भी आया। नेहरू स्वयं अमृता शेरगिल से प्रभावित थे और दोनों के मध्य कुछ मुलाकातों के संदर्भ में भी मिले। एक बार एक पत्रकार ने इन संबंधों के बारे में जब अमृता से पूछा तो उसका नपा तुला उत्तर था, 'मैं इस शख्स से थोड़ी दूरी बनाकर जीना बेहतर समझती हूं। क्योंकि एक तो उस शख्स का व्यक्तित्व बेहद आकर्षक है और दूसरी बात यह भी है कि मैं उसे एक भला व्यक्ति मानती हूं और ऐसा कुछ भी करना या कहना नहीं चाहूंगी जिससे उसकी शख्सियत पर कोई भी खरोंच लगे।'

वर्ष 1947-48 में लार्ड माउंटबेटन और एडविना के आने पर यह एकांत कुछ टूटा था। दोनों को नेहरू के साथ अतीत में भी लगाव रहा था। यहां से जाने के बाद भी लगभग 12 वर्ष तक एडविना वर्ष में दो बार भारत आती रहीं और तब उनका ठिकाना प्रधानमंत्री आवास ही होता था। नेहरू भी जब कभी ब्रिटेन जाते तो वह माउंटबेटन दम्पति के ब्राडलैंड्स-स्थित फार्म हाऊस पर ही टिकना पसंद करते थे। एडविना-नेहरू संबंधों की चर्चा उन दिनों ब्रिटेन के मीडिया में भी खूब होती थी। दोनों के मध्य अंतरंग पत्र-व्यवहार व डायरी लेखन भी वर्षों तक चर्चा एवं विवादों का विषय बना रहा।

इसी मध्य श्रद्धामाता को लेकर चर्चाओं का सिलसिला वर्ष 1948 में माउंटबेटन-दम्पति की स्वदेश-वापसी के बाद ही आरंभ हो गया था। श्रद्धामाता की प्रारंभिक ख्याति, कलकत्ता (वर्तमान कोलकाता) में धार्मिक आख्यानों एवं प्रवचनों की सूची में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व कुछ अन्य नेताओं के नाम जुड़ गए थे। डॉ. मुखर्जी हिन्दू व महासभा के कुछ नेता वेदों व पुराणों के विषय में श्रद्धामाता के गहन अध्ययन व उनकी वक्तृता शैली से बेहद प्रभावित थे।

नई दिल्ली में हिन्दुत्व धर्म एवं अध्यात्म से जुड़े कुछ विषयों के बारे में श्री नेहरू व डॉ. मुखर्जी के मध्य विचार-विमर्श होता तो डॉ. मुखर्जी श्री नेहरू के समक्ष श्रद्धा के कुछ उदाहरण का ज़िक्र सरसरी तौर पर कर देते। उन्हें लगा था श्रद्धा के आध्यात्मिक विश्लेषणों से नेहरू को परिचित कराना सही होगा।

नेहरू के व्यक्तित्व को समझ पाना इतना आसान भी नहीं और ज़्यादा मुश्किल भी नहीं। उनको लेकर 'भारत कोकिला' के नाम से अत्यंत लोकप्रिय रहीं सरोजिनी नायडू की बेटी पद्मजा नायडू, अपने समय की महान गायिका एमएस सुब्बालक्ष्मी और चर्चित लेखिका कमला देवी भी चर्चा में रहीं अन्य महिलाओं में अपने समय की बहुचर्चित हालीवुड अभिनेत्री एंजी डिकिन्सन (1960) और कालांतर में अमेरिकी राष्ट्रपति जान एफ कैनेडी की पत्नी जैक्विलीन कैनेडी भी शामिल थीं।

# धारा 370 के बाद कितना बदला जम्मू-कश्मीर

विवेक शुक्ला

**पांच** साल पहले 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर से संविधान की विवादास्पद धारा 370 को हमेशा-हमेशा के लिए खत्म करने के साथ ही आजादी के बाद सही मायनों में भारत कश्मीर से कन्याकुमारी तक एक हो गया था। इसके पहले जम्मू-कश्मीर में धारा 370 की वजह से भारत के संविधान के कई कानून और व्यवस्था वहां लागू नहीं होते थे। इसकी वजह से जम्मू-कश्मीर देश के बाकी राज्यों की तरह विकास की दौड़ से बाहर होता जा रहा था। पाकिस्तान की मदद से वहां आतंकी गतिविधियां जारी रहा करती थीं। राज्य में गोलियां चलने और बम विस्फोट की आवाजें आम थीं। आम नागरिकों और सुरक्षा बलों पर पत्थरबाजी लगातार हुआ करती थी। मासूम नागरिकों की हत्याओं को कोई गंभीरता से भी नहीं लेता था।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जब संसद में 5 अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने का ऐलान किया तब एक बार तो देश को यकीन ही नहीं हुआ। आखिर देश को इस तरह से समझाया गया था कि धारा 370 को हटाना असंभव है। इसके हटने से जम्मू-कश्मीर को मिला विशेष राज्य का दर्जा खत्म हो गया था। वहीं जम्मू-कश्मीर को दो हिस्सों में बांटने का ऐलान भी किया गया। सरकार के इस फैसले को भाजपा और उसके सहयोगियों के अलावा कुछ विपक्षी पार्टियों ने भी समर्थन दिया था।

बेशक, धारा 370 को खत्म करने के बाद राज्य में आतंकवाद पर काफी हद तक लगाम लगी। पत्थरबाजी खत्म हो गई और घाटी में पर्यटक पहुंचने लगे। हां, हाल के दौर में राज्य के जम्मू क्षेत्र में सरहद के उस पार से आतंकवाद को फिर से खाद-पानी देने की कोशिशें जारी हैं। उन्हें करारा जवाब भी दिया जा रहा है।

इस बीच भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार राज्य की राजधानी श्रीनगर में आगामी 8 अगस्त को चुनाव आयोग के बाकी शिखर अफसरों के साथ पहुंच रहे हैं। वह दो-तीन दिनों तक श्रीनगर में रहेंगे और विभिन्न सियासी दलों और खासमखास नागरिकों से मिलकर राज्य में माहौल का जायजा लेंगे। चुनाव आयोग की टीम के श्रीनगर से वापस आने के बाद राज्य विधानसभा चुनावों की घोषणा होने की संभावना है। यह तय है कि राज्य में चुनाव आगामी सितंबर के महीने में होंगे। इसके बाद राज्य में हर पांच साल में अन्य राज्यों की तरह विधानसभा का चुनाव होंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सितंबर 2024 के अंत तक जम्मू-कश्मीर में विधानसभा का गठन करने का वादा भी है। सुप्रीम कोर्ट चुनाव आयोग को निर्देश दे चुका है कि राज्य विधानसभा चुनाव 30 सितंबर तक सम्पन्न करवा लिए जाएं। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बीते 24 मार्च को एक इंटरव्यू में साफ तौर पर कहा था कि केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर से आर्म्ड फोर्स स्पेशल पावर एक्ट (एएफएसपीए) हटाने पर विचार कर रही है। इसके साथ ही घाटी से सैनिकों की वापसी का भी प्लान है।

उन्होंने कहा था कि नरेंद्र मोदी सरकार ने खाका तैयार किया है। इसके तहत केंद्रीय सैन्य बलों को जम्मू-कश्मीर से वापस बुलाया जाएगा। साथ ही जम्मू-कश्मीर पुलिस को विशेष रूप से उस क्षेत्र का प्रभारी बना दिया जाएगा। फिलहाल स्थानीय पुलिस सहायक की भूमिका में केंद्रीय बलों के साथ सभी आतंकवाद विरोधी अभियानों का नेतृत्व कर रही है। जम्मू-कश्मीर पुलिस को मजबूत बनाया जा रहा है। आगे चलकर, केंद्रीय बल उनको पीछे से सहयोग करेंगे। हाल के दिनों में कुछ आतंकी घटनाएं हुई हैं और निर्दोष लोगों की जानें गई। सुरक्षा बलों के कुछ बहादुर जवानों ने देश के लिए अपनी जानों का नजराना भी दिया है।




जम्मू-कश्मीर के रियासी इलाके में आतंकियों ने श्रद्धालुओं को लेकर जा रही एक बस पर हमला कर दिया था। इसमें 10 निर्दोष लोगों की मौत हो गई थी। इससे कुछ दिन पहले पहलगाम में भी एक टूरिस्ट बस पर आतंकी हमला हुआ था। इसको लेकर विपक्षी दलों ने भी सरकार पर निशाना साधा था। सरकार ने इन घटनाओं को गंभीरता से लिया है। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि सरकार जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद की जड़ें उखाड़ देने और नामोनिशान मिटा देने के लिए काम कर रही है।

सरकारी अधिकृत रिकार्ड के अनुसार जम्मू-कश्मीर में धारा 370 के हटने से पहले पत्थरबाजी की घटनाओं में लोग घायल और मारे जा रहे थे। सुरक्षा बलों पर हमले हो रहे थे, उसमें अब 80-85 फीसदी की कमी आई है। सरकार का दावा है कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद 70 फीसद तक कम हो चुका है।

धारा 370 खत्म करने के बाद केन्द्र सरकार ने घाटी में राज्य की पुरानी सभ्यता और संस्कृति को फिर से जीवित करने के लिए बड़ी योजना पर काम शुरू किया। इसके तहत आस्था के केंद्रों और आध्यात्मिक स्थलों को नया रूप दिया गया। स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कई तरह के मेले और महोत्सव लगाए गये। ये मेले और महोत्सव आतंकवाद पनपने के कारण सालों से बंद थे। 2023 में नियंत्रण रेखा के पास स्थित मां शारदा देवी मंदिर का नवनिर्माण कराकर आजादी के बाद पहली बार पूजा के लिए खोला गया। वर्षों से बंद खीर भवानी मंदिर में फिर से दर्शन-पूजन का काम शुरू हुआ। खीर भवानी का मेला लगाया गया। इसमें पर्यटकों के साथ स्थानीय लोग भी बड़ी संख्या में पहुंचे और उसमें शामिल हुए। सरकार ने 123 पुराने स्थलों का व्यवस्थित रूप से जीर्णोद्धार और मरम्मत कराकर जनता के लिए फिर से खोल दिया। इसमें मंदिर और सूफी स्थान भी शामिल हैं। केंद्र सरकार ने ऐतिहासिक हजरत बल दरगाह के विकास के लिए 42 करोड़ रुपये दिए। राज्य में जगह-जगह मेगा सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए गए।

सबसे बड़ी बात यह है कि जम्मू-कश्मीर में धारा 370 खत्म होने के बाद राज्य में पंचायती राज अधिनियम 1989 को लागू किया गया। इसके तहत लोकतंत्र के तीनों स्तरों विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका को लागू करना और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाना उद्देश्य था। इसके साथ ही पिछले लोकसभा चुनाव के समय राज्य की पांच लोकसभा सीटों के लिए लगभग 58 फीसद मतदान हुआ। इतना मतदान राज्य में बीते कुछ लोकसभा चुनावों के समय नहीं हुआ था। क्या यह कोई सामान्य उपलब्धि मानी जाए?

श्रीनगर के बाजारों में आम-खास जनों से बात करके लगता है कि धारा 370 को राज्य का अवाम अगर पूरी तरह से भूला नहीं है, तो कम से कम उसकी चर्चा करने का उसके पास वक्त नहीं है। अब वह आगे निकलना चाहता है। उसे चाहत है अमन और रोशन मुस्तकबिल की।

# नेता के तौर पर बनर्जी मुझे पसंद नहीं : राज्यपाल

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने रविवार को कहा कि वह व्यक्तिगत तौर पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का सम्मान करते हैं और उनके साथ उनके पेशेवर संबंध हैं, लेकिन ''राजनेता ममता बनर्जी'' उन्हें पसंद नहीं हैं। राज्यपाल का ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस सरकार के साथ अक्सर टकराव रहा है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ अपने संबंधों के बारे में पूछे जाने पर बोस ने कहा, ''कौन सी ममता बनर्जी। मेरे सामने तीन ममता बनर्जी हैं।''उन्होंने कहा, ''एक ममता बनर्जी हैं, जिनसे मेरे बहुत अच्छे संबंध हैं। दूसरी हैं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, जिनसे मेरे पेशेवर संबंध हैं। तीसरी हैं राजनेता ममता बनर्जी, जो मुझे पसंद नहीं हैं।''बोस ने कहा, ''अन्यथा, ममता बनर्जी मेरी मित्र हैं। मुख्यमंत्री मेरी सहकर्मी हैं और मैं कोई राजनेता नहीं हूं। राजनेता अपने तरीके से कुछ भूमिकाएं निभाते हैं। मैं इन्हें अपने आत्मसम्मान में हस्तक्षेप करने की अनुमति नहीं दूंगा।''



- व्यक्तिगत तौर पर ममता बनर्जी के साथ अच्छे संबंध
- मुख्यमंत्री मेरी सहकर्मी हैं और मैं कोई राजनेता नहीं हूं

राज्यपाल द्वारा आठ विधेयकों को कथित रूप से मंजूरी न देने के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार का उच्चतम न्यायालय का रुख करने से जुड़े सवाल पर बोस ने कहा कि उनके कार्यालय में कोई भी विधेयक लंबित नहीं है।

उन्होंने दावा किया, ''अगर मैं हल्के-फुल्के अंदाज में कहूं तो बंगाल राजभवन में केवल 'ईंधन बिल' ही लंबित हैं। विधानसभा द्वारा भेजा गया सरकार का कोई भी विधेयक वहां लंबित नहीं है।''

बोस ने कहा, ''ऐसा मामला (बनाया गया) है कि राज्यपाल के पास आठ विधेयक लंबित हैं। छह विधेयक राष्ट्रपति को भेजे जाने हैं। एक विधेयक को कुछ स्पष्टीकरणों पर सरकार के कार्यालयों के साथ चर्चा के लिए रखा गया है। एक विधेयक विचाराधीन है।''

## समुद्र में बन रही हैं प्लास्टिक की चट्टानें

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी):खुली आंखों से न दिखने वाले माइक्रान एवं नैनो साइज में प्लास्टिक के अदृश्य कण रक्तप्रवाह के माध्यम से मनुष्य के शरीर में पहुंचकर कैंसर जैसी घातक बीमारी को जन्म दे रहे हैं वहीं दूसरी ओर ये प्रदूषण समुद्र में बन रहे प्लास्टिग्लोमरेट (प्लास्टिक चट्टान) समुद्री जीवों और वनस्पतियों के लिए भी घातक साबित हो रहे हैं। पद्मश्री पुरस्कृत एक्वाकल्चर वैज्ञानिक डॉ. अजय सोनकर ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रतिबंधित करना ही बड़ा कदम मानना पर्याप्त नहीं है, इसकी वास्तविक विभीषिका से हमें परिचित होना पड़गा। प्लास्टिक में बिस्फेनॉल-ए(बीपीए)रसायन के अलावा पैलेडियम, क्रोमियम और कैडमियम जैसे धातुएं शामिल हैं जो मानव शरीर में पहुंचकर कैंसर को जन्म दे सकता है। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक प्रदूषण वैश्विक समस्या है। यह हमारे समुद्रों और प्राकृतिक दुनिया का दम घोंट रहा है। अदृश्य प्लास्टिक कण समुद्री सीप के टिस्यू में पहुंचकर ट्यूमर का रूप ले रहा है। इसके घातक परिणामों को देखते हुए इसकी रोकथाम के लिए पूरी विश्व के लोगों को इसके उपयोग से दूरी बनाने और सरकार को इस पर रोक लगाने के निर्णय को लेकर कारगर कदम उठाना होगा।

# सेल्फी लेना महंगा पड़ा, खाई में गिरी महिला



**सतारा,** (पंजाब केसरी): महाराष्ट्र के सतारा में एक 29 साल की महिला को खाई के पास खड़े होकर सेल्फी लेना महंगा पड़ा। महिला सेल्फी लेते समय गहरी खाई में गिर गई। उसे काफी मशक्कत करके बचाया गया। पुलिस के मुताबिक महिला पुणे से अपने दोस्तों के साथ सतारा जिले के बोरने घाट पहुंची थी। वहां वह थोसेघर झरने के पास 100 फीट गहरी खाई के पास सेल्फी ले रही थी। इसी दौरान यह घटना हुई।

महिला को होमगार्ड और साथी पर्वतारोहियों ने खाई से सुरक्षित बाहर निकाल लिया। महिला को रेस्क्यू करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। पुलिस ने बताया कि महिला को अस्पताल ले जाया गया और उसकी हालत अब स्थिर बताई जा रही है। आनवी कामदार 16 जुलाई को दोस्तों के साथ झरने की सैर पर निकली थीं। यह सैर उस समय दुखद मोड़ पर आ गई जब आनवी वीडियो शूट करते समय गहरी खाई में गिर गईं।

दिल्ली आर.एन.आई. नं. 40474/83
पंजाब केसरी
दिल्ली कार्यालय :
फोन आफिस: 011-30712200, 45212200,
प्रसार विभाग: 011-30712224
विज्ञापन विभाग: 011-30712229
सम्पादकीय विभाग: 011-30712292-93
मैगजीन विभाग: 011-30712330
फैक्स : 91-11-30712290, 30712384, 011-45212383, 84
Email: Editorial@punjabkesari.com

स्वत्वाधिकारी दैनिक समाचार लिमिटेड, 2-प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, नजदीक वजीरपुर डीटीसी डिपो, दिल्ली-110035 के लिए मुद्रक, प्रकाशक तथा सम्पादक अनिल शारदा द्वारा पंजाब केसरी प्रिंटिंग प्रैस, 2-प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से मुद्रित तथा 2, प्रिंटिंग प्रैस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से प्रकाशित।

**समस्या : अस्पतालों में ऑपरेशन थिएटर तो है लेकिन ऑपरेशन करने के लिए डॉक्टर नहीं**

# दिल्ली सरकार के अस्पतालों में डॉक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ की भारी कमी: भारद्वाज

**बार-बार लिखे एलजी को पत्र पर कॉन्ट्रैक्ट से भी नहीं भरे गए रिक्त स्थान, जानबूझकर दिल्ली के लोगों के खिलाफ रचा जा रहा षड्यंत्र**



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली में स्वास्थ्य सेवाओं के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने एलजी पर निशाना साधा है। स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली सरकार के अस्पतालों में लचर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एलजी वीके सक्सेना को जिम्मेदार ठहराया है। दिल्ली सचिवालय में रविवार को एक प्रेसवार्ता के दौरान स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली और आसपास के राज्य के गरीब लोग दिल्ली के अस्पतालों में इस उम्मीद से आते हैं कि उन्हें यहां पर्याप्त इलाज मिल सकेगा लेकिन दिल्ली के अस्पतालों में भारी संख्या में डॉक्टरों नर्सों, पैरामेडिकल स्टाफ, लैब टैक्नीशियन व ओटी टैक्नीशियन जैसे कर्मचारियों की भारी कमी है। इसके चलते गरीब लोगों को दिल्ली के अस्पतालों में पर्याप्त इलाज नहीं मिल पा रहा है। ऐसा जानबूझकर एक षड्यंत्र के तहत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसा प्राकृतिक तौर पर नहीं है बल्कि एक षड्यंत्र के तहत दिल्ली सरकार के अस्पतालों में लंबे समय से डॉक्टरों व संबंधित स्टाफ की भर्ती को रोका जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सर्विसेज विभाग सीधे तौर पर एलजी के अधीन आता है और दिल्ली सरकार में रिक्त स्थानों पर भर्ती का काम सर्विसेज विभाग का है। सौरभ भारद्वाज ने उनके द्वारा एलजी को रिक्त स्थानों के बारे में अवगत कराते हुए लिखे गए पत्रों को रखते हुए कहा कि मार्च 2023 में मैंने दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री का पदभार संभाला और 19 अप्रैल 2023 को एलजी को पहला पत्र लिखकर बताया कि दिल्ली सरकार के अस्पतालों में 292 जनरल मेडिकल ड्यूटी ऑफिसर (जीडीएमओ), 234 स्पेशलिस्ट की कमी है और मैंने उनसे पत्र के माध्यम से इन रिक्त स्थानों को जल्द से जल्द भरने की अपील की थी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इन रिक्त स्थानों को भरने के संबंध में तो कोई कार्यवाही नहीं की गई बल्कि सेंट्रल हेल्थ सर्विसेज द्वारा दिल्ली सरकार के अस्पतालों में बड़े-बड़े पदों पर आसीन डॉक्टरों को भी केन्द्र सरकार ने दिल्ली सरकार के अस्पतालों से हटाकर वापस बुला लिया। वहीं आप की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ व विधायक दुर्गेश पाठक ने कहा कि सीएम केजरीवाल और उनकी सरकार को बदनाम करने के लिए भाजपा के एलजी डॉक्टरों के खाली पदों को नहीं भर रहे हैं। जबकि दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज 19 अप्रैल 2023, 6 जून 2023, 2 फरवरी 2024 और 25 जून 2024 को पत्र लिखकर उनसे इन खाली पदों को भरने का अनुरोध कर चुके हैं। सरकारी अस्पतालों में 292 नॉन टीचिंग स्पेशलिस्ट व 234 जनरल मेडिकल ऑफिसर के पद खाली हैं और इसके चलते मरीजों का इलाज प्रभावित हो रहा है लेकिन भाजपा को दिल्लीवालों के स्वास्थ्य से कोई मतलब नहीं है।

**जब व्यवस्था चरमरा रही है तो**

## सौरभ भारद्वाज बहाने तलाशने का प्रयास कर रहे हैं: राजनिवास



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली सरकार द्वारा अस्पतालों में डॉक्टरों व अन्य स्टाफ की कमी के लिए एलजी को जिम्मेदार ठहराने वाले आम आदमी पार्टी (आप) के बयानों पर राजनिवास ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। राजनिवास के अधिकारियों ने कहा कि आप सरकार के 10 साल का कुशासन फूटना शुरू हो गया है। अब जब व्यवस्था चरमरा रही है तो मंत्री सौरभ भारद्वाज बहाने तलाशने का प्रयास कर रहे हैं। सभी आप सरकार का 'स्वास्थ्य मॉडल' देख रहे हैं।

हाईकोर्ट ने भी दिल्ली सरकार के अस्पतालों की दयनीय स्थिति पर स्वतः संज्ञान लेते हुए मंत्री सौरभ भारद्वाज को व्यक्तिगत रूप से तलब किया। अधिकारियों ने बताया कि हाईकोर्ट ने चीजों को बेहतर बनाने के लिए डॉ एसके सरीन के नेतृत्व में एक समिति नियुक्त की थी लेकिन इसकी व्यापक रिपोर्ट पर स्वास्थ्य मंत्री ने विचार-विमर्श नहीं किया। आप सरकार के मोहल्ला क्लीनिक में घोटाला, 10 साल में कोई नया अस्पताल नहीं, अस्पतालों के निर्माण के लिए टेंडर 400 करोड़ से बढ़ाकर 1100 करोड़ व दवा खरीद घोटाला आदि झूठ पूरी तरह से उजागर हो गये हैं। इसके अलावा नियुक्तियों, पोस्टिंग, स्थानांतरण और अनुशासनात्मक कार्रवाइयों सहित किसी भी सेवा मामले का निर्णय सीएम की अध्यक्षता वाले एनसीसीएसए द्वारा किया जाता है और एलजी के समक्ष रखा जाता है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने काफी समय से एनसीसीएसए की एक भी बैठक नहीं बुलाई है। तब भी जब सीएम जमानत पर बाहर थे और सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें ऐसा करने के लिए अधिकृत किया था। अधिकारियों ने कहा कि मंत्री भारद्वाज के लिए अच्छा होता कि वे इन मामलों पर प्रेसवार्ता करने की बजाय तब इन मामलों को सीएम अरविंद केजरीवाल के संज्ञान में लाते, जब वह जमानत पर बाहर थे। यह दिल्ली में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के हित में होगा, अगर मंत्री सौरभ भारद्वाज प्रेस कॉन्फ्रेंस करने के बजाय शासन-प्रशासन में ध्यान दे।

## मनमानी भर्तियां करना चाहते हैं सौरभ भारद्वाज: भाजपा



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा की लगता है दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तरह स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज भी संवैधानिक व्यवस्थाओं में नहीं बल्कि मनमानी अराजकता चलाने में विश्वास करते हैं। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा है की संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार सरकारी नौकरियों की भर्ती यूपीएससी के माध्यम से होनी चाहिए पर सौरभ भारद्वाज मनमानी भर्ती के लिए कांट्रेक्ट कर्मी रखना चाहते हैं। कपूर ने कहा है की आज जो रात दिन केजरीवाल सरकार एवं उपराज्यपाल में टकराव चलता दिखता है उसका मूल कारण है की मुख्य मंत्री केजरीवाल के मंत्री मनमानी चलाना चाहते हैं और उपराज्यपाल मनमानी आराजकता चलने नहीं देते अतः टकराव होता है। भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार दिल्ली की जनता के साथ धोखा कर रही है। इनके नेता और मंत्री काम तो करते नहीं बस आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहते हैं।

## एमसीडी झूठे आरोप लगाना करें बंद नहीं तो करेंगे कार्रवाई: डीडीए




**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): खोड़ा कॉलोनी ड्रेन मामले में एजेंसियों के क्षेत्राधिकार को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर लगातार जारी है। ड्रेन को डीडीए के क्षेत्राधिकार में बताने वाले एमसीडी के आरोपों पर डीडीए ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। डीडीए ने एक बयान जारी कर एमसीडी को ऐसे भ्रामक व गुमराह करने वाले आरोपों से बचने की सलाह दी है। बयान में कहा गया है ड्रेन के क्षेत्राधिकार को लेकर दिये गये बयान पूरी तरह से तथ्यों से रहित स्व-निर्मित दस्तावेजों के आधार पर एमसीडी द्वारा दोष मढ़ने व जनता को गुमराह करने की कोशिश है। ये कोशिश डीडीए के खिलाफ माहौल खराब करने वाली है। ऐसे में एमसीडी और अन्य से अनुरोध है कि वे इस तरह की कुटिल गतिविधियों से बचें नहीं तो डीडीए उचित कार्रवाई करने के लिए मजबूर होगा।

## श्रीनिवासपुरी में आतिशी ने ट्रांसफॉर्मरों किया उद्घाटन



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): श्रीनिवासपुरी कालकाजी को केजरीवाल सरकार ने बड़ी सौगात दी है। यहां 630 केवीए के दो नए ट्रांसफॉर्मर्स स्थापित किए गए हैं। भीषण गर्मी में बिजली की मांग बढ़ने से यहां मौजूदा ट्रांसफॉर्मर्स पर काफी ज्यादा लोड बढ़ गया था। ऐसे में लोगों को कई बार पॉवर कट का सामना करना पड़ा था। इस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए कालकाजी की विधायक और बिजली मंत्री आतिशी ने यहां नए ट्रांसफॉर्मर्स लगाने के निर्देश दिये ताकि लोगों को बाधा रहित बिजली मिलती रहे। बिजली मंत्री आतिशी ने रविवार को स्थानीय लोगों के साथ इनका उद्घाटन किया। इस अवसर पर बिजली मंत्री आतिशी ने कहा कि बिजली लोगों की एक मूलभूत आवश्यकता है और अरविंद केजरीवाल की सरकार दिल्ली के लोगों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। 2015 में सरकार में आने के बाद हमने दिल्ली के बिजली इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने का काम किया।

# मनोनीत सदस्यों पर आज फैसला सुनाएगा सुप्रीम कोर्ट

**फैसले के बाद स्थायी समिति अध्यक्ष व कमेटियों के चयन का रास्ता होगा साफ**



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): राजधानी दिल्ली के लिए आज का दिन काफी खास है। सुप्रीम कोर्ट का आज सुबह 10 बजे आने वाला फैसला न सिर्फ दिल्ली नगर निगम, बल्कि दिल्लीवासियों के लिए भी राहत की खबर लेकर आएगी। दरअसल, वर्ष 2022 में दिल्ली नगर निगम के चुनाव के बाद किसी तरह जद्दोजहद कर आम आदमी पार्टी ने अपना मेयर तो बना लिया, लेकिन मनोनित सदस्यों के चयन को लेकर आम आदमी पार्टी को एलजी के बीच झिड़ी रार की वजह से स्थायी समिति अध्यक्ष व जोन कमेटियों का चयन नहीं हो सका, जिसकी वजह से दिल्ली नगर निगम में न ही नए प्रोजेक्ट संचालित किए जा सके और न ही कोई अहम फैसले लिए जा सके।

क्योंकि दिल्ली नगर निगम अधिनियम के अनुसार आर्थिक मामलों में बगैर स्थायी समिति के अनुमति या फिर कह लें सहमति के कोई बड़े फैसले नहीं लिए जा सकते। आज मनोनित सदस्यों को नॉमिनेट करने के अधिकार को लेकर सुप्रीम कोर्ट फैसला सुनाएगा। यदि फैसला दिल्ली सरकार के पक्ष में जाता है तो उसका स्थायी समिति अध्यक्ष बनाने का रास्ता साफ हो जाएगा, वहीं अगर एलजी द्वारा नॉमिनेट के किए गए ही सदस्य रहते हैं तो भाजपा स्थायी समिति अध्यक्ष बनाने में काफी सफल हो जाएगी। गौरतलब है कि, दिल्ली सरकार ने उपराज्यपाल के एक फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। दरअसल, उपराज्यपाल ने दिल्ली सरकार की सलाह के बिना ही एमसीडी में 'एल्डरमैन' (मनोनित सदस्य) नियुक्त कर दिए थे। इस मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़, जस्टिस पी एस नरसिम्हा और जस्टिस जे बी पारदीवाला की पीठ ने की थी। सुनवाई पूरी होने के बाद 17 मई को कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### सुप्रीम कोर्ट ने मामले में क्या कहा था?

पिछले साल 17 मई को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि उपराज्यपाल को एमसीडी में पार्षदों को नामित करने का अधिकार देने का मतलब होगा कि वह निर्वाचित नगर निकाय को अस्थिर कर सकते हैं। एमसीडी में 250 निर्वाचित और 10 नामित सदस्य हैं। दिसंबर 2022 में आम आदमी पार्टी ने नगर निगम चुनाव में 134 वार्ड में जीत के साथ एमसीडी पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 15 साल के शासन को समाप्त कर दिया था। भाजपा ने 104 सीट जीतीं और कांग्रेस नौ सीटों के साथ तीसरे स्थान पर रही। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था, 'क्या एमसीडी में विशेषज्ञ लोगों को नामित करना केंद्र के लिए इतनी चिंता का विषय है? वास्तव में, उपराज्यपाल को यह शक्ति देने का मतलब यह होगा कि वह लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित नगर समितियों को अस्थिर कर सकते हैं, क्योंकि उनके पास (एल्डरमैन) मतदान का अधिकार भी होगा।'

### दिल्ली सरकार के वकील ने क्या दलील दी थी?

दिल्ली सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने दलील दी थी कि दिल्ली सरकार को एमसीडी में लोगों को नामित करने के लिए कोई अलग से अधिकार नहीं दिए गए हैं और पिछले 30 वर्षों से सरकार की सहायता एवं सलाह पर उपराज्यपाल द्वारा 'एल्डरमैन' को नामित करने की परंपरा का पालन किया जाता रहा है। तत्कालीन अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल संजय जैन ने उपराज्यपाल कार्यालय की ओर से पेश होकर दलील दी थी कि सिर्फ इसलिए कि कोई परंपरा 30 वर्षों से चली आ रही है, इसका मतलब यह नहीं है कि वह सही है।

**इतिहास के झरोखे से...**

## 5 अगस्त: लीला सेठ दिल्ली हाईकोर्ट में जज बनने वाली पहली महिला बनीं



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): अतीत के झरोखे में झांकने पर पता चलता है कि 5 अगस्त को अनेक ऐसी घटनाएं हुई जो इतिहास में दर्ज है। आज ही के दिन 1775 में पश्चिम बंगाल के राजा महाराजा नंदकुमार को कलकत्ता अब कोलकाता में फांसी दे दी गई। ब्रिटिश शासन के द्वारा भारत में धोखाधड़ी के लिए दी गई यह अंतिम फांसी थी। जापान ने 1874 में इंग्लैंड की तर्ज पर डाक बचत प्रणाली शुरू की। 1888 में कार का अविष्कार करने वाले कार्ल बेंज ने अपनी पहली कार का पेटेंट करवाया था। 1905 में रूस और जापान के शांति वार्ताकारों के बीच पहली बैठक अमेरिका के राष्ट्रपति रुजवेल्ट के न्यूयॉर्क स्थित घर पर हुई। 1912 में जापान में टोक्यो के गिंजा में पहली टैक्सी सेवा शुरू हुई। 1914 में अमेरिका में पहली ट्रैफिक लाइट लगाई गई। 1914 में ही क्यूबा, उरुग्वे, मैक्सिको और अर्जेंटीना ने प्रथम विश्व युद्ध के दौरान तटस्थ रहने की घोषणा की। 1991 में न्यायमूर्ति लीला सेठ दिल्ली हाईकोट में जज बनने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। 2008 में भारत के अंडमान निकोबार द्वीप से 176 मील उत्तर-पूर्व में हिंद महासागर में 5.5 तीव्रता के भूकंप का झटका महसूस किया गया। नासा के वैज्ञआनिकों ने 2011 में साइंस पत्रिका में मंगल ग्रह पर बहता पानी होने का दावा किया।

**संक्षिप्त समाचार...**

### महिला लाभार्थियों के लिए तीज आयोजित

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली के महिला एवं बाल विकास मंत्री कैलाश गहलोत ने रविवार को दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों और पीएमएमवीवाई की महिला लाभार्थियों के लिए आयोजित तीज उत्सव समारोह में भाग लिया। यह कार्यक्रम नजफगढ़ के श्री राम इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित किया गया। महिला एवं बाल विकास मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि तीज सिर्फ एक त्योहार नहीं है बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत है।

### कैलाश बिल्डिंग में रक्तदान शिविर का आयोजन



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): रक्त दान को महादान कहा जाता है। रक्त दान करने से ना सिर्फ हम एक व्यक्ति की मदद करते हैं, बल्कि हमारे शरीर को भी इससे फायदा होता है। नियमित रक्तदान करने से बोन मैरो को हर बार रक्त बनाने का काम करना पड़ता है। इससे उनके अंदर वसा जमा नहीं हो पाती और खून बनाने की क्षमता बोन मैरो में बनी रहती है और लंबे समय तक युवा बने रहते हैं। इसी उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए नई दिल्ली स्थित कैलाश बिल्डिंग परिसर में कोटक महिंद्रा म्यूचुअल फंड की तरफ से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आयोजकों ने बताया कि इस शिविर को लगाते हुए लगातार तीसरा साल हो गया है। हमने इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी और दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न एमएफडी एसोसिएशन के साथ मिलकर इस अभियान का आयोजन किया है। इस बार शिविर में 90 से ज्यादा लोगों ने रक्तदान के लिए पंजीकरण कराया था, लेकिन हम 52 यूनिट रक्त एकत्र करने में सफल रहे। कई लोग इसलिए रक्त दान करने में असमर्थ रहे क्योंकि उनमें हीमोग्लोबिन कम था या कोई अन्य स्वास्थ्य समस्या थी। इस बारे में डोनर केशव बंसल ने बताया कि रक्तदान अच्छे उद्देश्य के लिए होता है और रक्तदान के बाद शरीर ऊर्जावान महसूस करता है इसलिए हमें समय समय पर रक्तदान करना चाहिए। वहीं मनीष गोयल ने बताया कि रक्तदान आत्म संतुष्टि के लिए है। जबकि पार्थ गुप्ता ने बताया कि रक्तदान से कई जरूरत मंदों को मदद मिल जाती है। वहीं कोटक महिंद्रा म्यूचुअल फंड, टीम दिल्ली ने बताया कि वैश्विक समस्याओं को हल करने की दिशा में यह एक कदम।

### जैन स्थानक में अग्रवाल दिवस मनाया गया



**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): रोहिणी सेक्टर-7 स्थित जैन स्थानक में इस बार अग्रवाल दिवस जन सेवा जिन सेवा के रूप में मनाया गया। इस मौके पर रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। जिसमें कलाकारों द्वारा महाराजा अग्रसेन के जीवन पर आधारित एक भव्य नाटक का आयोजन किया गया। चातुर्मास हेतु विराजमान गुरु सुदर्शन संघ की महासाध्वी संघ प्रमुखा श्री संयम प्रभा "कमल'जी महाराज ने विशाल जनसमूह को अति प्रेरणादायी सम्बोधन दिया। जैन समाज के चेयरमेन सुरेन्द्र जैन ने मंच संचालन किया और बताया कि गुरु सुदर्शन संघ के साधु साध्वी देश के कोने-कोने में धर्म की प्रभावना कर रहे हैं। इस अवसर पर विधायक विजेंद्र गुप्ता, निगम पार्षद ऋतु गोयल व भारी संख्या में अग्रवाल समाज के विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

### डीयू प्रवेश प्रक्रिया शुरू पिछले वर्षों के आंकड़े मंगवाने की अपील

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फ़ॉर सोशल जस्टिस ने दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के कुलपति प्रोफेसर योगेश सिंह को पत्र लिखकर मांग की है कि शैक्षिक सत्र 2024-25 में यूजी, पीजी, पीएचडी, बीएड, एमएड, बी-लिब, एम-लिब, बीएएलएड, डिप्लोमा कोर्स, सर्टिफिकेट कोर्स आदि पाठ्यक्रमों में एससी, एसटी, ओबीसी, पीडब्ल्यूडी, अनरिजर्व व ईडब्ल्यूएस कोटे में एडमिशन प्रक्रिया शुरू करने से पहले पिछले पांच वर्षों के आंकड़े मंगवाई जाए। फोरम के चेयरमैन डॉ. हंसराज सुमन ने बताया कि इससे पता चल पाएगा कि कॉलेजों ने अपने यहां स्वीकृत सीटों से ज्यादा एडमिशन दिया लेकिन उन्होंने सामान्य सीटों की एवज में एससी/एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस व पीडब्ल्यूडी कोटे की सीटों को नहीं भरा। उन्होंने बताया है कि कॉलेजों ने सीटों का ब्यौरा देने के लिए अभी तक कॉलेज वेबसाइट पर अपलोड नहीं किया है। बता दें कि गत वर्ष भी नार्थ कैम्पस व साउथ कैम्पस के बहुत से कॉलेजों में विभिन्न पाठ्यक्रमों में सीटें खाली रह गई थीं।

## दिल्ली भाजपा ने 252 बस्तियों में चलाया झुग्गी स्वच्छता अभियान



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के नेतृत्व में दिल्ली भाजपा ने दिल्ली की 252 झुग्गी बस्तियों में संगठात्मक विस्तार एवं मजबूती का अभियान प्रारंभ किया जिसके अंतर्गत वीरेन्द्र सचदेवा के अलावा दिल्ली भाजपा के सांसद, विधायक प्रदेश पदाधिकार एवं निगम पार्षदों ने स्वच्छता अभियान चलाया। इस अभियान का संयोजन महामंत्री विष्णु मित्तल ने किया। वीरेन्द्र सचदेवा ने आज जिलाध्यक्ष संजय गोयल, प्रदेश प्रवक्ता डॉ अनिल गुप्ता एवं निगम पार्षद डॉ. मोनिका पंत सहित अन्य कार्यकर्ताओं के साथ आनंद विहार झुग्गी बस्ती में स्वच्छता श्रमदान किया। दिल्ली भाजपा सह प्रभारी डा. अलका गुर्जर ने पश्चिम जिलाध्यक्ष चंद्रपाल बख्शी आदि के साथ पीली कोठी झुग्गी क्लस्टर, हरि नगर में स्वच्छता श्रमदान किया और कहा की स्वच्छता हमे अच्छे स्वस्थ्य के साथ ही अच्छा कार्य वातावरण भी देती है। केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने झुग्गी बस्ती सफ़ाई अभियान के तहत पूर्वी दिल्ली की कलंदर कॉलोनी, दिलशाद कॉलोनी झुग्गी बस्ती में जिलाध्यक्ष संजय गोयल एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सफाई अभियान में भाग लिया।

### व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की जांच कर रहा निगम



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): ओल्ड राजेंद्र नगर में हुए हादसे के बाद दिल्ली नगर निगम ने दिल्ली के व्यवसायिक प्रतिष्ठानों का सर्वे करना शुरू कर दिया है। इसमें सभी जोन में स्थित कोचिंग सेंटर, पीजी, पुस्तकालय और अन्य के दस्तावेजों की जांच हो रही है। इमारतों और अन्य जगहों पर व्यवसायिक गतिविधियों का संचालन करने वाले प्रतिष्ठानों को चेक किया जा रहा है। भवन निर्माण के उल्लंघन पाए जाने पर कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में निगम के अधिकारियों ने बताया कि बीते एक सप्ताह के दौरान लगभग 70 कोचिंग सेंटरों और उसके बेसमेंट पर कार्रवाई की गई है। इसमें कई जगहों पर नियमों का उल्लंघन हो रहा था। बेसमेंट में सामान को स्टोर करने की अनुमति दी गई थी, लेकिन उसकी जगह सेंटरों की तरफ से छात्रों की कक्षाएं चल रही थीं। इनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। सभी जोन में कर्मचारियों को तैनात किया गया है।

## विस चुनावों की तैयारियों में जुटी कांग्रेस, सभी ब्लॉकों में की बैठक




**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): संगठन के जमीनी स्तर पर सशक्तिकरण और दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनावों में मजबूती के साथ उतरने के लिए दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में सभी 70 विधानसभाओं के अंतर्गत ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों ने रविवार को दूसरी मासिक बैठक आयोजित की गई। सभी बैठकें ब्लाक अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई जिनमें जिला अध्यक्ष, जिला आर्ब्जवर, पूर्व विधायक, विधानसभा प्रत्याशी, निगम पार्षद, पूर्व निगम पार्षद, निगम प्रत्याशी, जिला एवं ब्लाक, अग्रिम संगठन, सेल एवं विभागों के पदाधिकारी, बूथ स्तर के कार्यकर्ता और क्षेत्रीय निवासी भी शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने लगभग दर्जनभर ब्लाक कांग्रेस की मासिक बैठकों में शिरकत की और वहां कार्यकर्ताओं से मौजूदा हालात और भविष्य में पार्टी की कार्य योजना पर भी चर्चा की। देवेन्द्र यादव ने निहाल विहार ब्लाक कांग्रेस कमेटी, पश्चिम विहार, सुभाष नगर, बाराखम्बा रोड़, बुराड़ी, सराय पीपलथला, भलस्वा जहांगीर पुरी, जहांगीर पुरी, स्वरुप नगर और समय पुर बादली ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठकों शामिल हुए।

## पालम थाना : अपराध न रोकने पर 10 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

**मनीष राणा**



**दक्षिणी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): साउथ-वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के पालम थाने में 10 पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर करने का मामला सामने आया है। एक साथ 10 पुलिसकर्मी पर हुई कार्रवाई के बाद जिले में हड़कंप मच गया है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि दो बीट में मौजूद पुलिसकर्मियों पर यह गाज गिरी है। चर्चा है कि इलाके में शराब की तस्करी की वजह से यह कार्रवाई की गई है। वहीं इस मामले में डीसीपी रोहित मीना ने बताया कि यह डिपोर्टमेंटल इन्क्वारी है। इस तरह कार्रवाई होती रहती है।

सूत्रों ने बताया कि लाइन हाजिर किए जाने वालों में पुलिसकर्मियों में एएसआई, एचसी और सीटी शामिल हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि डीसीपी जिले में संगठित अपराध पर पूरी तरह लगाम लगाने के लिए जिले के सभी एसएचओ को निर्देश दिए गए थे। जिन बीट के पुलिसकर्मियों पर गाज गिरी है। वहां संगठित अपराध नियंत्रण नहीं हो पा रहा था। वे अपनी ड्यूटी में लापरवाही दिखा रहे थे। इसी के चलते उन पर कार्रवाई की गई। पुलिस सूत्रों का कहना है कि थाने में एक साथ दो बीट के पुलिसकर्मियों पर गाज गिरने के बाद दूसरे थाने के पुलिसकर्मियों को भी यह मैसेज जाता है कि वह भी अपने काम में लापरवाही न बरतें।

**दिल्ली का एक्यूआई 62 दर्ज किया गया** | **पिछले दिनों हुई बारिश के कारण प्रदूषण में गिरावट**

# प्रदूषण कम हुआ तो दिल्ली का नीला आसमान

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): राष्ट्रीय राजधानी में रविवार सुबह हल्की धूप खिलने के साथ ही साफ-नीला आसमान दिखा। दिल्ली के लिए यह एक दुर्लभ क्षण था। ऐसा विगत दो दिनो से हो रहा है। बारिश ने प्रदूषण को धो डाला है। इसलिए इस समस्या से दिल्लीवलों को बड़ी राहत मिली है। मौसम की अनुकंपा से दिल्ली की हवा लगातार साफ ही चल रही है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक रविवार को दिल्ली का एक्यूआइ 62 रहा। इस स्तर की हवा को 'संतोषजनक' श्रेणी में रखा जाता है। दिल्ली के मौसम में यह उल्लेखनीय सुधार पिछले 30 से 32 घंटों में रुक-रुककर हुई बारिश और प्रदूषकों को तितर-बितर करने वाली हवा की अनुकूल गति के कारण हुआ है। एक्यूआई शून्य से 50 के बीच अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 450 के बीच गंभीर माना जाता है। एक्यूआई के 450 से ऊपर हो जाने पर इसे अति गंभीर श्रेणी में माना जाता है। मौसम विभाग ने हल्की बारिश समेत मौसम संबंधी अनुकूल परिस्थितियों के कारण वायु गुणवत्ता में मामूली सुधार होने का अनुमान जताया था।



फोटो : नीरज

### अक्टूबर से प्रदूषण बढ़ने का है ट्रेंड

पीएम प्रदूषण के स्रोतों की पहचान करने वाले डिसीजन सपोर्ट सिस्टम के अनुसार, राजधानी में आमतौर पर सितंबर-अक्टूबर माह से प्रदूषण बढ़ना शुरू हो जाता है जो दिवाली आते-आते बेहद गंभीर स्थिति तक पहुंच जाता है। वायु प्रदूषण के लिए 38 प्रतिशत प्रदूषण के लिए पड़ोसी राज्यों में पराली जलाए जाने से निकला धुआं जिम्मेदार माना जाता है।

### यह है नीले आसमान का राज

नासा के मुताबिक आकाश नीला तब नजर आता है जब सूर्य की रोशनी धरती पर पहुंचे और गैस व अन्य पार्टिकल की वजह से सभी दिशाओं में फैल जाए। इसकी वजह से नीली रोशनी सबसे अधिक फैलती है, क्योंकि इसकी तरंगे छोटी होती है। मौसम विभाग के अनुसार बादल और सूर्य का रेडिएशन मिलकर नीला आकाश बनाते हैं।

**स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज**



*देश भर में अपनी अमृत धारा से सत्य की अनुभूति देशवासियों को कराने वाले राष्ट्र संत गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के सौजन्य से लाखों लोग लाभ उठा रहे हैं उनके प्रवचनों पर आधारित यह ज्ञान गंगा पाठकों का कल्याण करेगी ऐसा विश्वास है।*

# दुर्बलता दिखाई तो समझो गए

हर क्षण यही अनुभव कीजिए कि आपकी जागरूकता, दृढ़ता एवं निर्भयता उत्तरोत्तर वृद्धि पर है। यदि कुत्ते के डर से आप भागेंगे तो कुत्ता आपके पीछे लगकर आपके शरीर को नोच डालेगा लेकिन यदि उसके सामने डटकर खड़े हो गए तो वह स्वयं ही डरकर भाग जाएगा। यही दशा दुनिया की है। यदि इसके समक्ष अपनी दुर्बलता दिखाई और घुटने टेक दिए तो स्मरण रखें, नाना प्रकार के दुख-कष्ट आप पर बरसाकर यह आपके तन-तन को बुरी तरह बेध देगी। यदि निर्भीक होकर इसके समक्ष डट गए तो इसकी मजाल नहीं जो आपके लिए रुकावटें या समस्याएं खड़ी कर सके। ऐ कल्याणकांक्षी जीव! मत उदास हो। मत अपने आपको दुर्बल समझ। सचमुच, तू आनंद स्वरूप है। सभी शक्तियों की शक्ति है तुझमें।

भला निराशा और दुर्बलता कैसी? छोड़ दे इस अज्ञान जनित भ्रम को। उतार फैंक यह अपने ऊपर से स्वयं द्वारा रखा गया व्यर्थ का बोझ, फिर देख अपने-आपको।

**संसार दुःखपूर्ण है-**

संसार दुखपूर्ण है लेकिन तभी जब आपने इसका सही मूल्यांकन नहीं किया। मंडी से आपको सेब की एक पेटी खरीदनी है। कीमत बढ़ाते गए आप। बढ़-चढ़कर बोली बोलते रहे। उस समय आपने न तो यह सोचा कि क्या ये इस सीमा तक मूल्य बढ़ाए जाने के योग्य हैं और न ही यह देखा कि क्या सभी सेब ऊपर वाले सेबों की भांति अच्छे हैं? आपने सेब खरीद लिया। घर आकर पाया कि ऊपर वाले ही सेब अच्छे हैं लेकिन नीचे धोखा, सभी सेब सड़े-गले, तब रोने लगे अपनी मूर्खता पर। यही दशा संसारग्रस्त जीवों की है। सांसारिक प्राणी-पदार्थों का मूल्य बढ़ाते समय भला कौन सोचता है कि ये ऊपर दृष्टि से देखने में ही रमणीय, आकर्षक तथा सुख रूप हैं। इनके भीतर दो ऐसे रोग लगे हुए हैं जो लकड़ी में लगे घुन की तरह इन्हें खोखला किए जा रहे हैं। प्राणी-पदार्थ परिवर्तनशील और क्षयशील हैं। इनका मूल्य बढ़ाया जाता है, इन्हें सत्य समझकर।

जब समय पाकर ये अपना स्वभाव दिखाएंगे तब सोचिए कितनी ठेस पहुंचेगी आपको? क्या स्थिति होगी उस समय आपके मन की? काश! इनका मूल्यांकन करते समय इनके ऐसे स्वभाव, ऐसी नि:सारता एवं ऐसे खोखलेपन पर विचार कर लिया होता। कब सोचा था कि इस बाहरी सजावट में कितनी मिलावट है?

**कब तक ठहरेगा काल्पनिक रंग-**

तनिक विचार की दृष्टि से देखें तो आप पाएंगे कि संसार में कुछ भी ऐसा नहीं है जो प्रापणीय हो, कामना करने योग्य हो अथवा सुंदर एवं सुखद कहे जाने योग्य हो। आपने स्वयं ही अपनी कल्पना का रंग उस पर चढ़ाया और उसे अपने लिए सुख रूप मान लिया। मिठाइयां वास्तव में मधुर नहीं, मिठास तो चीनी की है, जिसकी चासनी ऊपर चढ़ाकर आपने इन्हें मीठा कह दिया। कौन कहता है कि संसार की वस्तुएं सुखप्रद हैं? क्या शास्त्रों में कहीं भी ऐसा आया? क्या किसी भी संत-महापुरुष ने ऐसा अपना अनुभव बताया? जिन्होंने आजीवन सांसारिक वस्तुओं की कामना एवं संरक्षण में ही अपने को लगा दिया, क्या उनका जीवन इसका ऐसा उदाहरण आपके समझ प्रस्तुत करता है? फिर कैसे मान लिया आपने कि ये वस्तुएं सुखदायी हैं, इनकी प्राप्ति मेरे पर मेरी सुख वृद्धि हो जाएगी। कहना पड़ेगा कि अपनी कामना की चासनी उस पर चढ़ा देने पर ही यह अवधारणा बना ली गई, जो मिथ्या, सारहीन, भ्रम और धोखा है। यह आप द्वारा संजोया गया एक दुखद स्वप्न है, जो कुछ ही समय पश्चात आपको रुलाएगा, दुखाग्नि में जलाएगा क्योंकि धोखा आखिर धोखा है और भ्रम, भ्रम ही है। उस पर आप सत्य की कल्पना का रंग चढ़ाने का प्रयास कर सकते हैं लेकिन कब तक ठहरेगा यह काल्पनिक रंग?

**सुख है मन की एकाग्रता में-**

वस्तुत: सुख तो है मन की एकाग्र अवस्था में। (क्रमश:)

## व्रत एवं त्यौहार अगस्त 2024

| पर्व | तिथि | वार |
|---|---|---|
| तीसरा श्रावण सोमवार, चंद्र दर्शन | 5 अगस्त | सोमवार |
| स्वामी करपात्री जयंती | 6 अगस्त | मंगलवार |
| सिंघारा तीज | 7 अगस्त | बुधवार |
| विनायक चतुर्थी | 8 अगस्त | गुरुवार |
| नाग पंचमी | 9 अगस्त | शुक्रवार |
| कल्कि जयंती | 10 अगस्त | शनिवार |
| गो-तुलसीदास जयंती | 11 अगस्त | रविवार |


## तीसरा श्रावण सोमवार

**भगवान** शिव की पूजा का सबसे योग्य समय श्रावण है और इस 5 अगस्त को तीसरा सोमवार श्रावण के नाम रहेगा। नक्षत्र अशलेषा है जो बहुत शुभ है। भगवान शिव की पूजा आराधना शिवालय में बैठकर की जाये तो बहुत फलवती होती है। पूजा से पूर्व गणपति पूजा आवश्यक है। शिवालय की परिक्रमा भी पूजा के उपरांत लगानी चाहिए और पूजा के बाद बैल को अन्न खिलाना बहुत शुभ माना गया है। श्रावण महीने में भगवान शिव से मांगी गयी मन्नत शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण होती है। श्रावण मास का यही सबसे बड़ा महत्व है।



# मन जीतने के लिए अर्जुन का सवाल

तब अर्जुन बोले हे माधव-मन जीतना न हो यदि सम्भव योग में श्रद्धा रखने वाला-तथा साधना करने वाला किन्तु प्रयत्न शिथिल है जिसका क्योंकि मन नहीं वश में उसका यदि विचलित हो गया योग से- भगवत् चिन्तन अरु स्वरूप से उसका अन्तकाल जब आता- चिन्तन कोई अन्य आ जाता स्मति साध्य की न यदि होती तो फिर उसकी क्या गति होती।


प्यारे लाल त्रिवेदी

हे महाबाहो! भगवत्प्राप्ति के मार्ग से विचलित अर्थात मोहित और संसार के आश्रय से रहित-इस प्रकार दोनों ओर से भ्रष्ट होकर ऐसा साधक छिन्न-भिन बादल की भांति क्या नष्ट तो नहीं हो जाता?

**दोहा- इस प्रकार संसार का, आश्रय हुआ समाप्त।**
**जीवन में नहिं कर सका, परमात्मा को प्राप्त।।**
**18-क सांसारिक परमार्थिक, दोउ ओर से भ्रष्ट।**
**छिन्न भिन्न ज्यों मेघ त्यों. क्या होगा वह नष्ट।।**

**सम्बन्ध** - पूर्वोक्त संदेह को दूर करने के लिये अर्जुन भगवान से प्रार्थना करते हैं।

**हे श्रीकृष्ण!** मेरे इस संशय को सम्पूर्णरूप से दूर करने में आप ही समर्थ हैं, क्योंकि आपके अतिरिक्त कोई दूसरा इस संशय को दूर करने वाला हो ही नहीं सकता।

किया न स्वर्ग कामना योगी-अतएव स्वर्ग की न गति होगी था उद्देश्य न पुनि मानव तन-अत: नहीं नर

**श्रीमद्भगवद् गीता - सुगम हिंदी व्याख्या**

योनि आगमन भगवत् प्राप्ति लक्ष्य साधक का पाप रहित जीवन था उसका अतएव नरक भी न जायेगा तो फिर वह क्या गति पायेगा जितने लोक और लोकान्तर- उनमें जो भी जीव चराचर सबकी गति आपको विदित है-अन्य सभी की मति सीमित है करने में सन्देह का शमन - हैं आप ही योग्य हे भगवन् जो सन्देह दूर कर सकता-अन्य कोई हो ही नहिं सकता

**सम्बन्ध**- सन्देह का समाधान करने के लिये भगवान उत्तर देते हैं।

**श्रीभगवान् बोले- हे पार्थ !** ऐसे साधक का न तो इस लोक में नाश होता है और व परलोक में ही, क्योंकि हे प्यारे! कल्याणकारी कार्य करने वाले किसी भी आय की दुर्गति हो ही नहीं सकती।।

**दोहा - बोले श्री भगवान तब, पृथासुअन हे तात ।**
**उसको होती कभी भी, अधोगति नहीं प्राप्त ।।**
**19-क उस साधक का जन्म हो, चाहे इस ही लोक । पुनर्जन्म अथवा कहीं, चाहे हो परलोक ।।**

अंतकाल किस भी कारण से विचलित हो जाता साधन से भगवत् प्राप्ति ध्येय यदि होता-उसका कभी विनाश न होता।

**सम्बन्ध** - अब भगवान योगभ्रष्ट की गति का वर्णन करते हैं। किन्तु ऐसा योगभ्रष्ट साधक पुण्यवानों के लोकों को अर्थात् स्वर्गादि उत्तम लोकों को प्राप्त करके उनमें बहुत वर्षों तक वास करके फिर शुद्ध आचरण वाले श्रीमान् पुरुषों के घर में जन्म लेता है।। वे साधक जिन लोक में जाते-स्वर्ग व पुन्य लोक कहलाते वह भी उन्हीं लोक में जाता- शुभ संस्कार भूल नहिं पाता साधक विषय राग रत किंचित- अंतकाल यदि होता विचलित वहां यथा इच्छा वह रहकर - अरु भोगों से उपरत होकर शुभ कर्मों को करने वाले-फल की इच्छा रखने वाले शुद्ध तथा श्रीमानों के घर-लेता जन्म पुन: धरती पर

**सम्बन्ध** - अब भगवान दूसरे योगभ्रष्ट की बात कहते हैं।

अथवा वैराग्यवान् योगभ्रष्ट उन लोकों में न जाकर ज्ञानवान् योगियों के ही कुल में जन्म लेता है। इस प्रकार का जो यह जन्म है, यह संसार में नि:सन्देह अत्यन्त दुर्लभ है।।

**दोहा - किन्तु वासना रहित जो, साधक सहित विराग अरु तन्मय निज साधना, दृढ़ भगवत अनुराग किन्तु अभी तक पूर्णता, को न कर सका प्राप्त तभी किसी कारण विवश, जीवन हुआ समाप्त ।।**

वह नहिं जाता अन्य लोक में-लेता जन्म इन्हीं के कुल में जो तत्त्वज्ञ अरु परम योगी- बुद्धिमान संसार वियोगी परमात्मा को प्राप्त कर चुके -अरु जो जीवन मुक्त हो चुके यदपि जन्म दुर्लभ श्रीमत् कुल-दुर्लभ-परम सिद्ध योगी कुल

योग के संस्कार उसे अनायास ही प्राप्त हो जाते हैं और हे कुरुनन्दन ! उनके प्रभाव से वहाँ उस पूर्व जन्म के शरीर में संग्रह किया हुआ बुद्धि-संयोग अर्थात् समबन्द्धिरूप बह फिर साधन की सिद्धि के विषय में पुन: विशेष रूप से प्रयत्न करता है।। 43 ।। (क्रमश:)


सत्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज



निरंकारी बाबा हरदेव सिंह

# प्यार नहीं तो जीवन कुछ नहीं

अगर प्यार ही नहीं है तो जीवन भी जीवन नहीं है। जिस पल इंसान प्रेम करना भूल जाता है, वह जाति, धर्म, रंग-रूप के आधार पर नफरत करने लगता है, उसी पल वह धरती पर बोझ बन जाता है। भक्तजन ऐसे प्रयास करते हैं कि हर इंसान नासमझी को त्यागकर ऐसे समझदारी वाले कदम उठाये जिससे उसका भी भला हो और औरों का भी भला हो। जिस प्रकार संतजनों ने अपना उद्धार किया, वह भी उसी प्रकार अपनी जिंदगी को संवारे, अपने जीवन को सही दिशा प्रदान करे, गफलत की नींद से उठे और अपनी सोच को ऊंचा करे। दातार प्रभु कृपा करे कि दुनिया में बसने वाले सभी इंसानों को ऐसी सूझबूझ प्राप्त हो और सभी भक्तजनों वाली डगर पर चलें। प्रेम, दया, करुणा से भरपूर धार्मिक आचरण ही महापुरुषों, संतों, गुरु-पीर-पैगंबरों की हमेशा से पहचान रही है। आज हम उनके प्रति आस्था रखते हैं। आज हम श्रद्धा रखते हैं। किसलिए? क्योंकि उन्होंने सदा ऐसे धर्म का पालन किया। हालात कैसे भी हुए, धर्म का दामन नहीं छोड़ा। उन्होंने हर मानव को गले लगाया। वे चारों वर्णों को साथ लेकर चले और उन्होंने चारों वर्णों को एक जैसा ही उपदेश दिया। उन्होंने जाति भेद नहीं माना, जिज्ञासु की जिज्ञासा को परखा, लेकिन उसकी जाति-कुल के बारे में कुछ नहीं पूछा। पानी में उतर गए तो ठंडक महसूस होने लगी और उस सूरज की तपिश का असर खत्म होना शुरू हो गया। कहने का भाव कि माया बलवान तो अवश्य है। माया को हम ताकतवर मानते हैं, लेकिन इसका असर कब खत्म होता है? (क्रमश:)

# प्रभु पाने की हमें अपनी मानसिकता बदलनी होगी

अब तो तू ही कृपा कर ताकि हमारी कामना का बेड़ा पार हो जाए। हमारी यह मानसिकता दर्शाती है कि हम परमात्मा के भक्त नहीं हैं। हम उसके प्यार के लिए मंदिर नहीं जाते। उससे अपनी इच्छाओं की पूर्ति करवाने जाते हैं। जब मंदिर जाने से भी कामनाओं की पूर्ति नहीं हो पाती तो लोग निराश होकर कहने लगते हैं कि यह तो पोंगा पंडितों की बात है। परमात्मा कुछ नहीं है। अरे, शिवलिंग के आगे इतनी नाक रगड़ी तो भी कामना पूरी नहीं हुई। कुछ नहीं है भगवान। हम मंदिर भी जाते हैं भगवान से सौदेबाजी के लिए। परमात्मा के दरवाजे पर निर्विचार होकर जाइये। वहां जाकर हमारी प्रार्थनाएं भी जगति के कल्याण के लिए ही हों। जिस दिन ऐसा हो सका, बस उसी दिन हम धन्य हो जाएंगे, ईश्वर की करुण कृपा हम पर बरसने लगेगी। जैसे राधा को मिले थे कृष्ण, शबरी को मिले थे राम, बिल्कुल वैसे ही गुरुदेव, आप-हम सब शबरियों को मिले हैं, हम सब जटायुओं और निषादों को मिले हैं। पल-पल, क्षण-क्षण समय बीतता जा रहा है। हमने अपने एक-एक पल को गुरुदेव के सान्निध्य में समर्पण द्वारा सार्थक करना है। जन्मने-मरने वाले इस जगत में सद्गुरु का प्रयास है कि जो अजन्मा है हम उसे जानें और उस परम आनंद को प्राप्त कर उसे भोगें। कभी-कभी जब हम संतों एवं अपने जैसे लोगों की तुलना करते हैं, तो लगता है कि संत त्यागी नहीं बल्कि परम विलासी हैं, जिन्होंने कंकड़-पत्थरों को त्यागकर कोहिनूर हीरे को अपना लिया। ऐसा करने वाला क्या त्यागी हो सकता है? वह तो परम विलासी है, लेकिन ऐसा परम विलासी हमारी तरह विषयों को नहीं भोगता, बल्कि वह तो आत्मा में रमण करता है, अपने स्वरूप के गहरे सागर में निमग्न हो जाता है। भागना बहुत आसान है लेकिन प्रतिकूलताओं में, संघर्ष में टिकना बहुत बड़ी साधना है। वस्तुत: पलायनवाद तो मन की कायरता के कारण होता है और पलायनवाद से परमात्मा नहीं मिलता। गहरे सागर में गोता लगाने की यह कला क्या है? सुख और दु:ख से परे का परमानन्द पाना जो कभी स्खलित नहीं होता, अनुकूलताओं और प्रतिकूलताओं के दौर में भी नहीं। (क्रमश:)


दीदी मां ऋतंभरा

## केसरी सूडोकू- 2939

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |
| 3 | | 8 | | 4 | | | 5 | 6 |
| 9 | | | | | 3 | | 1 | |
| | 7 | 3 | | | 2 | | | 4 |
| | | 1 | 3 | | 7 | 8 | | |
| 2 | | | 1 | | | 9 | 7 | |
| | 5 | | 4 | | | | | 7 |
| 6 | 4 | | | 2 | | 5 | | 9 |
| | | | | | | | | |

**हल करने का तरीका**

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।
- आड़ी व खड़ी पंक्ति में और 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

**सूडोकू 2938 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 | 6 | 3 |
| 1 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 9 | 4 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 4 | 3 | 6 | 7 | 1 | 5 |
| 9 | 1 | 8 | 3 | 4 | 2 | 6 | 5 | 7 |
| 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 5 | 4 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 4 | 1 | 7 | 8 | 3 | 2 | 9 |
| 3 | 9 | 2 | 5 | 8 | 4 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 7 | 2 | 3 | 5 | 9 | 4 |
| 5 | 4 | 7 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 | 8 |

# तहरीर और तकरीर

नीज जफाकार और जन्नत का रास्ता भूलने वाला, हत्ता कि जहन्नम में दाखिल होने वाला और बद-दीन तक फरमाया है। यह भी वारिद हुआ है कि वह नबी करीम सल्ल. का चेहरा-ए-अंवर न देखेगा। मुहक्किकीन उलेमा ने ऐसी रिवायात की तावील फरमाई है, मगर इससे कौन इंकार कर सकता है कि दरूद शरीफ न पढ़ने वाले के लिए आपके जाहिर इर्शादात इस कदर सख्त हैं कि उनका तहम्मुल दुशवार है और क्यों न हो कि आपके एहसानात उम्मत पर इससे कहीं ज्यादा है कि तहरीर व तकरीर उनका इहसा कर सके।

**फजाइले अमाल**

इसके अलावा कि आपके हुकूक उम्मत पर इस कदर ज्यादा हैं कि उनको देखते हुए दरूद शरीफ न पढ़ने वालों के हक में हर वईद और तम्बीह बजा और मौजूं मालूम होती है।

खुद दरूद शरीफ के फजाइल इस कदर हैं कि उनसे महरूमी मुस्तकिल बदनसीबी है। इससे बढ़कर क्या फजीलत होगी कि जो शख्स पैगंबर साहब पर एक मर्तबा दरूद भेजे, हक तआला जल्ल शानुहू उस पर दस मर्तबा रहमत भेजते हैं। मसलन जो लोग शराब पीते हैं, उनको अगर सूअर खाने को कहा जाए तो उनकी तबीयत को नफरत होती है। हालांकि मासियत में दोनों बराबर हैं, तो इसी तरह जबकि गैर रमजान में वे इन गुनाहों को करते रहते हैं तो दिल उनके साथ रंगे जाते हैं, जिसकी वजह से रमजानुल मुबारक में भी उनके सरजद होने के लिए श्यातीन की जरूरत नहीं रहती बिल् जुम्ला अगर हदीस पाक से सब श्यातीन का मुकय्यद हो जाना मुराद है, तब भी रमजानुल मुबारक में गुनाहों के सरजद होने से कुछ इश्काल नहीं और अगर मुतमर्रिद और खबीस श्यातीन का मुकय्यद होना मुराद हो तब तो कोई इश्काल ही नहीं और बंदा-ए-नाचीज के नजदीक यही तौजीह औला है। हर शख्स इसको गौर कर सकता है और तर्जुबा कर सकता है कि रमजानुल मुबारक में नेकी करने के लिए या किसी मासियत से बचने के लिए इतने जोर लगाने नहीं पड़ते, जितने कि गैर रमजान में पड़ते हैं। थोड़ी सी हिम्मत और तवज्जोह काफी हो जाती है।

हजरत मौलाना शाह मोहम्मद इस्हाक साहब रहमतुल्लाह अलैहि की राय यह है कि ये दोनों हदीसें मुख्तलिफ लोगों के एतबार से हैं यानी फुस्साक के हक में सिर्फ मुतकब्बिर श्यातीन कैद होते हैं और सुलहा के हक में मुत्लकन हर किस्म के श्यातीन महबूस हो जाते हैं। (क्रमश:)

**सत्यार्थ प्रकाश**



**आर्य समाज का महान ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश जिसके रचयिता स्वामी दयानंद सरस्वती जी हैं, में जीवन को सही दिशा में ले जाने के सूत्र हैं और अगर इंसान इसे पढ़े और इसकी शिक्षाओं पर चले तो मानव का कल्याण तो होगा ही बल्कि समाज में भी कुरीतियां दूर होंगी और नैतिक संस्कारों का उजाला होगा। पाठकों की भारी मांग पर इसे प्रस्तुत किया जा रहा है।**

# वेदों के अनुसार सबको चलना चाहिए

हां वेद को पढ़ने के पश्चात व्याकरण, निरुक्त और छंद आदि ग्रंथ ऋषि-मुनियों ने विद्याओं के प्रकाश के लिए किए हैं। जो परमात्मा वेदों का प्रकाश न करे तो कोई कुछ भी न बना सके, इसलिए वेद परमेश्वरोक्त हैं। इन्हीं के अनुसार सब लोगों को चलना चाहिए और जो कोई किसी से पूछे कि तुम्हारा क्या मत है, तो यही उत्तर देना कि हमारा मत वेद अर्थात जो कुछ वेदों में कहा है हम उसको मानते हैं। हे (अंग) मनुष्य, जिससे यह विविध सृष्टि प्रकाशित हुई है, जो धारण और प्रलय करता है जो इस जगत का स्वामी, जिस व्यापक में यह सब जगत उत्पत्ति, स्थिति, प्रलय को प्राप्त होता है सो परमात्मा है। उसको तू जान और दूसरे को सृष्टिकर्ता मत मान॥ 1॥ यह सब जगत सृष्टि के पहले अंधकार से आवृत्त, रात्रिरूप में जानने के अयोग्य, आकाश रूप सब जगत तथा तुच्छ अर्थात अनंत परमेश्वर के सम्मुख एकदेशी आच्छादित था, पश्चात परमेश्वर ने अपने सामर्थ्य से कारण रूप से कार्य रूप कर दिया॥ 2॥

हे मनुष्यो, जो सब सूर्यादि तेजस्वी पदार्थों का आधार और जो यह जगत हुआ है और होगा उसका एक अद्वितीय पति परमात्मा इस जगत की उत्पत्ति के पूर्व विद्यमान था और जिसने पृथ्वी से लेकर सूर्य पर्यंत जगत को उत्पन्न किया है उस परमात्मा देव की प्रेम से भक्ति किया करें॥ 3॥ हे मनुष्यो, जो सबमें पूर्ण पुरुष और जो नाशरहित कारण और जीव का स्वामी, जो पृथ्वी आदि जड़ और जीव से अतिरिक्त है वही पुरुष इस सबभूत, भविष्यत और वर्तमानस्थ जगत को बनाने वाला है॥ 4॥ जिस परमात्मा की रचना से ये सब पृथ्वी आदि भूत उत्पन्न होते हैं, जिससे जीते और जिसमें प्रलय को प्राप्त होते हैं, उसके जानने की इच्छा करो॥ 5॥ जिससे इस जगत का जन्म, स्थिति और प्रलय होता है वही ब्रह्म जानने योग्य है।

**(पूर्व.)** यह जगत परमेश्वर से उत्पन्न हुआ है व अन्य से?

**(उत्तर.)** निमित्त कारण परमात्मा से उत्पन्न हुआ है, परंतु इसका उपादान कारण प्रकृति है।

**(पूर्व.)** क्या प्रकृति परमेश्वर ने उत्पन्न नहीं की?

**(उत्तर.)** नहीं, वह अनादि है।

**तीन अनादि**

**(पूर्व.)** अनादि किसको कहते और कितने पदार्थ अनादि हैं?

**(उत्तर.)** ईश्वर, जीव और जगत का कारण ये तीन अनादि हैं।

**इसमें** क्या प्रमाण है?

**(उत्तर.)** (द्वा) जो ब्रह्म और जीव दोनों (सुपर्णा) चेतनता और पालनादि गुणों में सदृश (सयुजा) व्याप्य-व्यापक-भाव से संयुक्त (सखाया) परस्पर मित्रतायुक्त सनातन अनादि हैं और (समानम्) वैसा ही (वृक्षम्) अनादि मूल रूप कारण और शाखा रूप कार्ययुक्त वृक्ष अर्थात जो स्थूल होकर प्रलय में छिन्न-भिन्न हो जाता है वह तीसरा अनादि पदार्थ।

इन तीनों के गुण, कर्म, स्वभाव भी अनादि हैं। इन जीव और ब्रह्म में से एक जो जीव है वह इस वृक्ष रूपी संसार में पाप-पुण्य रूपी फलों को (स्वाद्वत्ति) अच्छे प्रकार भोगता है। (क्रमश:)

# जो सच है वही गुण है

जो सच है वह है गुण। अपने भीतर गुणों को जगाओ। क्योंकि गुण ही आपका सच्चा रूप है। गुण ही आपका सच्चा सौन्दर्य है।

**सल्लं कामा...**

कहते हैं कि उल्लू दिन में नहीं देख सकता है और कौवा रात्रि में नहीं देख सकता है। परंतु एक ऐसा भी प्राणी है जो न दिन में देख सकता है और न रात्रि में देख सकता है। वह प्राणी है कामान्ध मनुष्य। काम मोतियाबिंद है। जब वह मोतियाबिंद व्यक्ति की आंखों पर उतरता है तो व्यक्ति अंधा हो जाता है। न वह दिन में देख सकता है और न रात्री में देख सकता है। सच में अन्धा वह नहीं है जिसके नेत्रों की ज्योति चली गई है। अन्धा वह है जिसकी आंखों में काम उतर आया है। काम व्यक्ति का आत्मशत्रु है। बड़े-बड़े शक्तिशाली काम के समक्ष नतसिर बन जाते हैं। बड़े-बड़े शक्तिशालियों को काम ने परास्त किया है। स्मरण रखें, रावण यदि अपने काम को मार पाता तो राम कभी रावण को न मार पाते। काम क्या है? सच में काम कुछ नहीं है। एक छल का नाम काम है। कुत्ते को देखा आपने। कुत्ता कहीं से सूखी हड्डी पा जाता है तो बड़ी प्रसन्नता अनुभव करता है। उस सूखी हड्डी को लेकर किसी कोने में वह बैठ जाता है और उस हड्डी को चबाने लगता है। हड्डी को चबाने से उसके मुख में घाव बन जाता है। उस घाव से रक्त बहने लगता है। कुत्ता सोचता है कि यह रक्त हड्डी से बह रहा है। वह उस रक्त का पान करता है और उसमें स्वाद मानता है। यही सच काम का सच है। कामी दूसरे व्यक्ति के शरीर में सुख देखता है। परंतु उसे जो सुख संवेदन होता है वह उसी की उर्जा के बहाव का सुख संवेदन है। यही कामी का अज्ञान है। स्वयं लुटकर वह इस धोखे में रहता है कि वह किसी को लूट रहा है। उसके लिए वह बड़े से बड़े पाप करने को, हत्या करने को तत्पर बन जाता है। कैसा पागलपन है यह मानव का? इतिहास के कितन ही पृष्ठ काम-कथाओं के कारण रक्तरंजित हुए हैं। कितने ही बड़े-बड़े युद्धों का कारण कामवासना रही है। और ऐसी वासना को व्यक्ति प्रेम नाम से संवारता रहा है। क्या प्रेम हिंसा का कारण बन सकता है? क्या प्रेम से रक्त कि नदीयां बह सकती है? सच में काम हिंसा का मूल है, अपराध का मूल है और व्यक्ति के नाश का मूल है। भगवान महावीर ने कहा था-

**सल्लं कामा विसं कामा, कामा आसी विसोवमा।**
**कामे पत्थेमाणा,अकामा जन्ति दोग्गई ।।**

काम शल्य रूप है, काम विषरूप है, काम आशीविष सर्प के समान हैं। काम की प्रार्थना करते-करते जीव उनको प्राप्त किए बिना की दुर्गति में चले जाते हैं।


मुनि मणिभद्र

(क्रमश:)

मन शांत करने का सबसे बढ़िया तरीका चुप रहने का है इसीलिए मौन को शक्तिशाली बताया गया है।

Price Rs. 4.50 (वार्षिक शुल्क 1980 रुपए डाक द्वारा) PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom
पंजाब केसरी DELHI
R.N.I. No. 404 74/83, Postal Regn.No. DL(N)/0169/2018-20, Posted at Delhi RMS Delhi-6




# लड़कर हारे लक्ष्य

## पदक उम्मीद बाकी



**पेरिस,** (भाषा): भारत के लक्ष्य सेन दोनों गेम में मजबूत बढ़त बनाने के बावजूद रविवार को यहां पेरिस ओलंपिक की बैडमिंटन पुरुष एकल स्पर्धा के सेमीफाइनल में डेनमार्क के दूसरे वरीय और गत चैंपियन विक्टर एक्सेलसन के खिलाफ सीधे गेम में हार गए और अब कांस्य पदक के मुकाबले में खेलेंगे। ओलंपिक सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले पहले भारतीय पुरुष बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य को रियो ओलंपिक के कांस्य और तोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता एक्सेलसन के खिलाफ 54 मिनट में 20-22, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। दो बार के पूर्व विश्व चैंपियन और दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी एक्सेलसन के खिलाफ लक्ष्य की नौ मैचों में यह आठवीं हार है। दुनिया के 22वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य अब सोमवार को कांस्य पदक के मुकाबले में मलेशिया के सातवें वरीय ली जी जिया से भिड़ेंगे जिन्हें थाईलैंड के आठवें वरीय कुनलावुत वितिदसार्न के खिलाफ एक अन्य सेमीफाइनल में 14-121, 15-21 से हार झेलनी पड़ी। फाइनल एक्सेलसन और वितिदसार्न के बीच होगा। लक्ष्य सेमीफाइनल में अहम मौकों पर दबाव झेलने में नाकाम रहे जिसका उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा।

### 2028 में लक्ष्य जीत सकता है गोल्डः एक्सेलसन

**लक्ष्य सेन को ओलंपिक सेमीफाइनल में हराने के बाद गत चैंपियन विक्टर एक्सेलसन ने कहा कि वह आज नर्वस था लेकिन उन्होंने यह भी भविष्यवाणी की कि भारतीय युवा खिलाड़ी चार साल बाद लॉस एंजिलिस 2028 खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के प्रबल दावेदारों में से एक होगा। एक्सेलसन ने लक्ष्य को 22-20, 21-14 से हराया और प्रतिभाशाली भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ दोनों गेम में पिछड़ने के बाद वापसी करने में सफल रहे। लक्ष्य अब सोमवार को कांस्य पदक के लिए खेलेंगे। एक्सेलसन ने कहा कि लक्ष्य एक अद्भुत खिलाड़ी हैं। उन्होंने इस ओलंपिक में दिखाया है कि वह एक बहुत ही मजबूत प्रतिद्वंद्वी हैं और मुझे यकीन है कि अब से चार साल बाद वह स्वर्ण पदक जीतने के प्रबल दावेदारों में से एक होंगे।"**

## खेल ओलंपिक कार्यक्रम भारत

**निशानेबाजीः**
स्कीट मिश्रित टीम (क्वालीफिकेशन): महेश्वरी चौहान और अनंतजीत सिंह नरुका - दोपहर 12.30 बजे।

**टेबल टेनिसः**
महिला टीम (प्री क्वार्टर फाइनल): भारत बनाम रोमानिया - दोपहर 1.30 बजे।

**नौकायनः**
महिला डिंगी (ओपनिंग सीरीज): रेस नौ - दोपहर 3.45 बजे।
महिला डिंगी (ओपनिंग सीरीज): रेस 10 - शाम 4.53 बजे।
पुरुष डिंगी (ओपनिंग सीरीज): रेस 9 -- शाम 6.10 बजे।
पुरुष डिंगी (ओपनिंग सीरीज): रेस 10 -- शाम 7.15 बजे।

**एथलेटिक्सः**
महिला 400 मीटर (पहला दौर): किरण पहल (हीट पांच) -- दोपहर 3.57 बजे।
पुरुष 3,000 मीटर स्टीपलचेज (पहला दौर): अविनाश साबले (हीट दो) -- रात 10.50 बजे।

**बैडमिंटनः**
पुरुष एकल (कांस्य पदक प्लेऑफ): लक्ष्य सेन बनाम ली जी जिया (मलेशिया) - शाम 6.00 बजे।

# लवलीना हारी, मुक्केबाजी में भारतीय अभियान समाप्त

**पेरिस,** (भाषा): तोक्यो ओलंपिक की कांस्य विजेता भारतीय मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) के रविवार को यहां चीन की ली कियान से क्वार्टर फाइनल में हारने से भारत का मौजूदा पेरिस खेलों में मुक्केबाजी अभियान बिना पदक के समाप्त हो गया। इस वर्ग की मौजूदा विश्व चैम्पियन लवलीना (26 वर्ष) को कड़े मुकाबले में तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता 34 साल की ली कियान से 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। इस दौरान दोनों मुक्केबाजों को बार-बार



'क्लिंचिंग और होल्ड' करने के लिए चेतावनी दी गई। लवलीना की हार के साथ ही भारत की मुक्केबाजी में चुनौती भी समाप्त हो गई। निशांत देव शनिवार रात पुरुषों के 71 किग्रा क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गए थे। भारत ने पेरिस ओलंपिक में छह मुक्केबाज उतारे थे। इनमें चार महिला और दो पुरुष मुक्केबाज शामिल थे जिसमें से चार तो शुरूआती दौर के मुकाबले हारकर बाहर हो गये थे।

लवलीना और चीन की मुक्केबाज के बीच मुकाबला करीबी था। दोनों में से कोई भी पहले हमला करने की इच्छुक नहीं दिख रही थी। एक दूसरे को पकड़ना और जकड़ना मुकाबले के शुरू में ही होने लगा जिसके बाद रैफरी को बार बार दोनों को अलग करना पड़ रहा था।



## ओलंपिक मुक्केबाजी की विवादित स्कोरिंग ने निशांत से छीना पदक?

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): मुक्केबाजी में विजेता का फैसला एक दूसरे पर घूंसों की बरसात से होता है लेकिन इसकी स्कोरिंग प्रणाली आज तक किसी को समझ में नहीं आई और ताजा उदाहरण पेरिस ओलंपिक में भारत के निशांत देव का क्वार्टर फाइनल मुकाबला है। निशांत 71 किलोवर्ग के क्वार्टर फाइनल में दो दौर में बढ़त बनाने के बाद मैक्सिको के मार्को वेरडे अलवारेज से 1-4 से हार गए तो सभी हैरान रह गए। हर ओलंपिक में यह बहस होती है कि आखिर जज किस आधार पर फैसला सुनाते हैं। लॉस एंजिलिस में 2028 ओलंपिक में मुक्केबाजी का होना तय नहीं है और इस तरह की विवादित स्कोरिंग से मामला और खराब हो रहा है।

# एल्ड्रिन और पारुल पेरिस ओलंपिक से बाहर

**पेरिस,** (भाषा) : भारत का पेरिस ओलंपिक खेलों की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में निराशाजनक प्रदर्शन रविवार को भी जारी रहा जब राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक पारुल चौधरी और जेसविन एल्ड्रिन क्रमशः महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज़ और पुरुषों की लंबी कूद में फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहे। पारुल ने अपनी हीट रेस में आठवें और कुल मिलाकर 21वें स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक में अपना अभियान समाप्त किया। ओलंपिक से पहले अमेरिका में पेरिस की अनुकूल परिस्थितियों में अभ्यास करने वाली 29 वर्षीय पारुल ने नौ मिनट 23.39 सेकेंड में दूरी तय की, जो उनके इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वह हालांकि अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड नौ मिनट 15.31 सेकंड से काफी पीछे रही जो उन्होंने 2023 में विश्व चैंपियनशिप में बनाया था। तीन हीट रेस में से प्रत्येक में शीर्ष पांच में जगह बनाने वाले एथलीट फाइनल में प्रवेश करते हैं।

## जूलियन अल्फ्रेड बनी पेरिस ओलंपिक की फर्राटा क्वीन

**सेंट डेनिस (फ्रांस), (एपी): सेंट लूसिया की जूलियन अल्फ्रेड ने प्रबल दावेदार शाकैरी रिचर्डसन को पीछे छोड़कर महिलाओं की 100 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक जीता और इस तरह से पेरिस ओलंपिक खेलों की फर्राटा क्वीन बनने का गौरव हासिल किया। अल्फ्रेड ने 10.72 सेकंड में दौड़ पूरी करके अपने देश को ओलंपिक का पहला स्वर्ण पदक दिलाया। अमेरिका की रिचर्डसन 10.87 सेकंड का समय लेकर दूसरे जबकि अभ्यास में उनकी साथी मेलिसा जेफरसन 10.92 सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।**

## जोकोविच ने जीता अपना पहला ओलंपिक स्वर्ण



**पेरिस,** (एपी) दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने रविवार को पुरुष टेनिस एकल फाइनल में कार्लोस अल्काराज को सीधे सेट में हराकर अपना पहला ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता। सैंतीस साल के सर्बिया के जोकोविच ने स्पेन के अल्काराज के खिलाफ 7-6, 7-6 से जीत दर्ज की और अपने 24 ग्रैंडस्लैम खिताब में एक और उपलब्धि जोड़ दी। जोकोविच इसके अलावा पुरुष और महिला दोनों वर्ग में सबसे अधिक हफ्तों तक नंबर एक रैंकिंग पर काबिज रहने वाले खिलाड़ी हैं। जोकोविच ने इससे पहले 2008 बीजिंग ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। मौजूदा खेलों में सेमीफाइनल में इटली के कांस्य पदक विजेता लोरेंजो मुसेटी के खिलाफ जीत से पहले जोकोविच ने अपने तीनों ओलंपिक सेमीफाइनल गंवाए थे।

# दूसरे वनडे में श्रीलंका से पिटी टीम इंडिया

**कोलंबो,** (भाषा): श्रीलंका के लेग स्पिनर जेफ्रे वांडरसे (33 रन देकर छह विकेट) की फिरकी में फंसी भारतीय टीम कप्तान रोहित शर्मा (64 रन) के अर्धशतक के बावजूद रविवार को यहां दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 32 रन से हारकर तीन मैच की श्रृंखला में 0-1 से पिछड़ गई। दोनों टीमों के बीच पहला वनडे टाई रहा था।

वाशिंगटन सुंदर की अगुआई में भारतीय स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन से श्रीलंकाई टीम संघर्ष करती दिखी लेकिन निचले क्रम के बल्लेबाजों की बदौलत नौ विकेट पर 240 रन का स्कोर खड़ा करने में सफल रही। स्पिनरों के मुफीद इस पिच पर भारत के लिए यह लक्ष्य पहाड़ सा बन गया और पूरी टीम 42.2 ओवर में 208 रन पर सिमट गई। वांडरसे ने 33 रन देकर छह विकेट और कप्तान चरिथ



असालंका ने 20 रन देकर तीन विकेट झटके। रोहित (44 गेंद, पांच चौके, चार छक्के) जब क्रीज पर थे तो नतीजा भारत के पक्ष में होता दिख रहा था। उन्होंने और शुभमन गिल (35 रन, 44 गेंद) पहले विकेट के लिए महज 13.3 ओवर में 97 रन की भागीदारी निभा ली थी।रोहित ने इस दौरान स्पिनर दुनिथ वेलालागे और अकिला धनंजय तथा तेज गेंदबाज असिथा फर्नांडो पर मैदान के चारों ओर शॉट लगाये। लेकिन वांडरसे की गेंद को रिवर्स स्वीप करने के प्रयास में पाथुम निसांका को कैच देकर आउट हो गये जिससे भारतीय बल्लेबाजी इकाई मुश्किल में आ गई। जल्द ही यह स्कोर 17.1 ओवर में दो विकेट पर 116 रन हो गया।

## पहलवानों को देनी होगी कड़ी परीक्षा

**पेरिस,** (भाषा) भारत को अगर ओलंपिक खेलों की कुश्ती प्रतियोगिता में पदक जीतने का सिलसिला जारी रखना है तो फिर सोमवार से यहां शुरू होने वाले मुकाबलों में विनेश फोगाट सहित सभी छह पहलवानों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

ओलंपिक में चुनौती पेश कर रही भारत की पहलवान निशा दहिया के पास बहुत कम अनुभव है। वह आज महिलाओं के 68 किग्रा भार वर्ग में अपनी चुनौती पेश करेंगी। विनेश विश्व चैंपियनशिप में भाग नहीं ले सकी।

अंतिम पंघाल ने उनके वजन वर्ग 53 किग्रा में कोटा हासिल कर दिया। इस कारण विनेश को 50 किग्रा वजन वर्ग में अपनी चुनौती पेश करनी पड़ रही है। अंतिम पंघाल की तैयारी भी अनुकूल नहीं रही हैं।

## ग्लोबल Window



### मानसून के कारण मेरे बाल हो रहे खराब : करिश्मा

**मुंबई, (आईएएनएस): बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा तन्ना ने मुंबई में मानसून के कारण होने वाली परेशानी के बारे में बात की है। उन्होंने कहा कि इस मौसम के कारण उनके बाल उलझ गए हैं। करिश्मा ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह अपने लंबे बालों और बेदाग त्वचा का प्रदर्शन कर रही हैं। सफेद कपड़ों में वह कैमरे की तरफ देखकर मुस्कुराती नजर आ रही हैं। कैप्शन के लिए अभिनेत्री ने लिखा, "घुंघराले बाल, मानसून'। इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी कई तस्वीरें शेयर कीं। पहली तस्वीर में अभिनेत्री पाउडर ब्लू शर्ट के साथ डेनिम और सफेद स्नीकर्स में नजर आ रही हैं। अगली तस्वीर में वह एक इमारत के सामने पोज देती दिख रही हैं। इस फोटो को देखकर ऐसा लग रहा है कि यह विदेश की है।**

# बांग्लादेश में फिर हिंसा, 91 की मौत



**ढाका, (एजेंसी):** बांग्लादेश में एक बार फिर हिंसक प्रदर्शन का दौर शुरू हो गया है। इस बार हजारों प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग को लेकर सड़क पर उतर आए हैं। इस दौरान देश के कई हिस्सों में हुई हिंसक झड़पों में कम से कम 91 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यह झड़पें भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के बैनर तले असहयोग आंदोलन के कारण हुई। कई इलाकों में पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े हैं और हवा में फायरिंग करनी पड़ी। हिंसा को बढ़ता देख बांग्लादेश की सरकार ने रविवार शाम 6 बजे से राष्ट्रव्यापी कर्फ्यू का ऐलान किया है। साथ ही अगले 3 दिनों के लिए छुट्टी की घोषणा कर दी गई है। इसके अलावा राजधानी ढाका में दुकानों और बैंकों को बंद करने के आदेश भी दिए गए हैं।

### भारत ने जारी की एडवाइजरी

बांग्लादेश में भारतीय दूतावास ने रविवार को एक एडवाइजरी जारी कर देश में रहने वाले भारतीय नागरिकों से सतर्क रहने का आग्रह किया। भारतीय सहायक उच्चायोग (एएचसीआई) ने एक्स पोस्ट में कहा, भारतीय सहायक उच्चायोग के अधिकार क्षेत्र सिलहट में रहने वाले छात्रों सहित सभी भारतीय नागरिकों से इस कार्यालय के संपर्क में रहने का अनुरोध किया जाता है और सतर्क रहने की सलाह दी जाती है।

सरकार ने कहा है कि वह हिंसक प्रदर्शनकारियों से सख्ती से निपटेगी। सरकारी एजेंसियों ने सोशल मीडिया मंच 'फेसबुक', 'मैसेंजर', 'व्हॉट्सऐप' और 'इंस्टाग्राम' को भी बंद करने का आदेश दिया है। इस बीच, प्रधानमंत्री हसीना ने कहा कि विरोध के नाम पर बांग्लादेश में तोड़फोड़ करने वाले लोग छात्र, नहीं बल्कि आतंकवादी हैं।

# गाजा में स्कूल पर एयरस्ट्राइक, 15 की मौत

- एक अन्य हमले में आईडीएफ ने 12 लोगों को उतारा मौत के घाट


**गाजा,** (आईएएनएस) : हमास चीफ इस्माइल हानिया की तेहरान में मौत के बाद ईरान से सीधी जंग के खतरे और हिजबुल्लाह व हूती विद्रोहियों से एक साथ कई मोर्चों पर जारी लड़ाई बीच इजराइल का गाजा में आतंकियों के सफाए के लिए ऑपरेशन जारी है। शनिवार को जहां गाजा में एक स्कूल पर इजराइली हवाई हमले में कम से कम 15 फिलिस्तीनी मारे गए हैं और दर्जनों अन्य घायल हो गए, वहीं रविवार तड़के गाजा में किए गए उसके हमलों में 12 लोगों की मौत हो गई। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने शनिवार को सिन्हुआ समाचार एजेंसी को बताया कि इजराइली जेट ने गाजा शहर के उत्तर में शेख रादवान में



एक स्कूल पर मिसाइल से हमला किया। यहां विस्थापित लोग रह रहे थे। वहीं, इजराइली रक्षा बलों ने कहा कि उसने हमास के कमांड और नियंत्रण परिसर को निशाना बनाया है, जिसका इस्तेमाल हथियार बनाने के लिए किया जा रहा था और जिसे पहले गाजा शहर में एक स्कूल के रूप में इस्तेमाल किया जाता था। बयान में कहा गया है कि परिसर का इस्तेमाल हमास आतंकवादियों के लिए छिपने की जगह के रूप में किया जा रहा था, और इस परिसर के अंदर इजरायल के खिलाफ आतंकवादी हमले की योजना बनाई गई थी।

## फिलिस्तीनी ने चाकू से हमला कर दो की जान ली

**उधर, एक अन्य घटना में तेल अवीव के उपनगर में एक फिलिस्तीनी ने दो लोगों की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। इजराइल की 'मैगन डेविड एडोम' नामक बचाव सेवा और एक निकटवर्ती अस्पताल के अनुसार, फिलिस्तीनी आतंकी द्वारा चाकू से किए गए हमले में 70 वर्षीय एक महिला और 80 वर्षीय एक पुरुष की मौत हो गई जबकि दो अन्य व्यक्ति घायल हो गए हैं। बचावकर्मियों ने बताया कि इस हमले में घायल हुए व्यक्ति तीन अलग-अलग स्थानों पर पाए गए थे, जिससे यह अंदेशा लगाया जा रहा है कि हमलावर एक से अधिक थे।**




CMYK